स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

रविवार, 3 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 247 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

चौपालों में बड़ी संख्या में समस्याओं का हो रहा निस्तारण ...पेज-3

Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

HONDA
The Power of Dreams

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 | Service: +91 8009090093

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)
सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219
9455555965, 9415133977

भाजपा की पहली सूची में 195 नाम, इनमें 34 मंत्री

- काशी से मोदी ,गांधीनगर से शाह, विदिशा से शिवराज यूपी से 51 उम्मीदवारों के नाम किए घोषित, चर्चित सीटों पर पुराने चेहरों को मिला मौका

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद कर दिया है। पार्टी ने शनिवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि 16 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों के उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। बाकी सीटों पर मंथन चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। अमित शाह गांधीनगर से चुनावी मैदान में होंगे।

ज्योतिरादित्य सिंधिया को एमपी के गुना से और शिवराज सिंह को विदिशा से टिकट दिया गया है। 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में हैं। इसके अलावा दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी को भी लोकसभा का टिकट दिया गया है। इनमें 28 महिलाएं, 47 युवा, 27 एससी, 18 एसटी और 57 ओबीसी प्रत्याशी हैं। विनोद तावड़े ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 26, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल से 12, तेलंगाना से नौ, असम से 11, झारखंड से 11, छत्तीसगढ़ की 11, दिल्ली की पांच, जम्मू-कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन और अरुणाचल, गोवा, त्रिपुरा, अंडमान-निकोबार और दमन और दीव की एक-एक सीट पर प्रत्याशी तय किए गए हैं। जारी की गई पहली लिस्ट में उत्तर प्रदेश से 51 प्रत्याशियों को टिकट दिया है। वाराणसी सीट यूपी की सबसे वीवीआईपी सीट है। इस सीट से पिछले दो बार से लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सांसद रहे हैं। पीएम मोदी तीसरी बार भी वाराणसी से ही चुनाव लड़ेंगे। गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को फिर एक बार लखनऊ से प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह राजधानी की मोहनलालगंज सीट से मंत्री कौशल किशोर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। यूपी की चर्चित सीट अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, मथुरा से हेमा मालिनी,गौतमबुद्धनगर से डॉक्टर महेश शर्मा पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। घोषित की गई सूची में चार सीटों पर बदलाव है। 47 पुराने चेहरे हैं। हेमा मालिनी का टिकट नहीं कटा है। साक्षी महाराज, टेनी और साध्वी निरंजन ज्योति के टिकट भी बरकरार हैं।

यूपी के प्रत्याशी एक नजर में

वाराणसी- **नरेन्द्र मोदी**
आजमगढ़- **दिनेश लाल यादव निरहुआ**
चंदौली- **महेंद्र नाथ पांडे**
कैराना- **प्रदीप कुमार**
मुजफ्फरनगर- **डॉ. संजीव कुमार बालियान**
नगीना- **ओम कुमार**
रामपुर-**घनश्याम मोदी**
संभल- **परमेश्वर लाल सैनी**
गौतमबुद्धनगर- **डॉ. महेश शर्मा**
बुलंदशहर- **डॉ. भोला सिंह**
मथुरा- **हेमा मालिनी**
आगरा- **सत्यपाल सिंह बघेल**
फतेहपुर सीकरी- **राजकुमार चाहर**
एटा- **राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया**
शाहजहांपुर- **अरुण कुमार सागर**
खीरी - **अरुण कुमार सागर**
हरदोई- **जय प्रकाश रावत** (अनुसूचित जाति आरक्षित)
उन्नाव- **साक्षी महाराज**
लखनऊ- **राजनाथ सिंह**
मोहनलालगंज- **कौशल किशोर**
प्रतापगढ़- **संगमलाल गुप्ता**
अमेठी- **स्मृति ईरानी**
कन्नौज- **सुब्रत पाठक**
झांसी- **अनुराग शर्मा**
हमीरपुर- **कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल**
बांदा- **आरके सिंह पटेल**
फतेहपुर- **साध्वी निरंज ज्याति**
गोरखपुर- **रवि किशन**
बाराबंकी- **उपेंद्र सिंह रावत**
फैजाबाद- **लल्लू सिंह**
श्रावस्ती-**साकेत मिश्रा**
बस्ती - **हरीश द्विवेदी**
संत कबीर नगर- **प्रवीण कुमार निषाद**
कुशीनगर-**विजय कुमार दूबे**
महराजगंज- **पंकज चौधरी**
सीतापुर-**राजेश वर्मा**
धौरहरा- **रेखा वर्मा**
गोंडा - **कीर्तिवर्धन सिंह**
आँवला - **धर्मेंद्र कश्यप**
फर्रूखाबाद- **मुकेश राजपूत**
इटावा- **राम शंकर कठेरिया**
अकबरपुर- **देवेंद्र सिंह भोले**
जालौन- **भानु प्रताप वर्मा**
अंबेडकरनगर- **रितेश पांडेय**
डुमरियागंज-**जगदम्बिका पाल**
बांसगांव - **कमलेश पासवान**
अमरोहा- **कंवर सिंह तंवर**
जौनपुर- **कृपाशंकर सिंह**
मिश्रिख- **अशोक कुमार रावत**
लालगंज- **नीलम सोनकर**
सलेमपुर- **रवीन्द्र कुशवाहा**

बिना भेदभाव सुशासन का मॉडल ही रामराज्य : योगी

- 2017 के पहले प्रदेश में भूख से मौतें होती थीं, अब हर किसी को मिल रहा राशन

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी कार्यों में अधिकाधिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से आम जनमानस की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप जीवन के हर क्षेत्र में रिफॉर्म से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है। उन्होंने कहा कि जहां शासन की सुविधा का लाभ बिना भेदभाव हर नागरिक तक पहुंच सके वही सुशासन है और सुशासन का यही मॉडल रामराज्य है।

सीएम योगी शनिवार को लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवनों और 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों का लोकार्पण और शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से हर गरीब को खाद्यान उपलब्ध कराने में हम सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था, मगर राशन कोई और ही डकार जाता था। यहां तक कि 2017 से पहले प्रदेश के कई जनपदों में भूख से भी मौतें होती थीं। मगर, हमने पहले ई पॉश मशीन और अब ई वेइंग मशीन जैसी तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। इससे राशन वितरण के क्षेत्र में व्यापक रिफॉर्म हुए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से प्रदेश के लगभग 80 हजार राशन कोटे की दुकानों में हुए इस रिफॉर्म का लाभ 15 करोड़ लाभार्थियों लोगों को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक आधरित खाद्य वितरण प्रणाली से न केवल भुखमरी की समस्या का समाधान हुआ, बल्कि हम कलंक से मुक्त भी हुए हैं। पहले राशन एफसीआई गोदामों से निकलने के बाद बीच से ही गायब हो जाता था, मगर अब लखनऊ से ही बैठकर मॉनीटरिंग होगी कि राशन वास्तव में जिस कोटे की दुकान तक जाना था, वहां तक पहुंचा या नहीं। यह परिवर्तन ही सबका साथ सबका विकास है। यही मोदी जी का मंत्र है जो जमीनी धरातल पर उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। 2014 से पहले यह असंभव था। गरीब को राशन मिल पाना दूभर था। इस प्रकार की बातों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। मुख्यमंत्री ने लोकार्पित हुए 1100 अन्नपूर्णा भवनों के बारे में बताते हुए कहा कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं।

संक्षिप्त आवाज़

विशेष 'लाइव' कारोबार में सेंसेक्स, निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में शनिवार को विशेष कारोबार के दूसरे और अंतिम सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स तथा निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही। विशेष कारोबार के दूसरे सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 60.80 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 73,806.15 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 39.65 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 22,378.40 के नये उच्च स्तर पर बंद हुआ।

गुरदासपुर से चुनाव नहीं लड़ रहा : युवराज

चंडीगढ़। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने शनिवार को स्पष्ट किया कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में गुरदासपुर से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। मीडिया में ऐसी खबरें आयीं थी कि युवराज सिंह पंजाब की गुरदासपुर सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। इस सीट से वर्तमान में बॉलीवुड कलाकार सनी देओल सांसद हैं। युवराज सिंह ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा, मीडिया खबरों के उलट, मैं गुरदासपुर से चुनाव नहीं लड़ रहा। उन्होंने लिखा है कि उनकी रुचि अपने फाउंडेशन यूवीकैन के जरिये लोगों की मदद करने में है और यह वह करते रहेंगे।

बेंगलुरु विस्फोट मामले में चार लोग हिरासत में

बेंगलुरु। बेंगलुरु के एक रेस्तरां में शुक्रवार को हुए कम तीव्रता वाले बम विस्फोट के सिलसिले में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कहा कि इस वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं जिनकी मदद से उसे पकड़ना आसान होगा। उन्होंने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है।

रविवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन मार्च को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जो उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान इस तरह की संभवतः अंतिम बैठक होगी। प्रधानमंत्री प्रमुख नीतिगत व शासन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए समय-समय पर संपूर्ण मंत्रिपरिषद की बैठकें करते रहे हैं, लेकिन रविवार को होने वाली बैठक अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

राजा भैया अपहरण व फायरिंग मामले में बरी

- 13 साल बाद मिली बड़ी राहत; साल 2011 में बसपा सरकार में दर्ज हुआ था मुकदमा

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को मायावती सरकार में अपहरण और थाने में फायरिंग मामले में दर्ज मुकदमे में बरी कर दिया है। इस मामले में बसपा नेता मनोज शुक्ल ने अपहरण और थाने में फायरिंग करने के मामले में कुंडा विधानसभा क्षेत्र विधायक राजा भैया और एमएलसी अक्षय प्रताप समेत 20 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

बसपा सरकार के दौरान 2011 में मुकदमा दर्ज हुआ था। शासन ने 2014 में मुकदमा वापस लाने का आदेश दिया था। एमपी-एमएलए कोर्ट ने मुकदमा वापसी की अनुमति नहीं दी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने वर्ष 2011 में बाबागंज ब्लॉक के पूर्व प्रमुख तत्कालीन बसपा नेता मनोज शुक्ला की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में कौशाम्बी के तत्कालीन सांसद शैलेंद्र, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह, कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया), बाबागंज विधायक विनोद सरोज समेत 18 आरोपियों को निर्दोष माना है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में राजा भैया के मुकदमे की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता हरि गोविंद सिंह परिहार ने की। राजा भैया के विधिक सलाहाकार केशरनंदन पांडेय व अधिवक्ता मुक्कू ओझा ने बताया कि मुकदमा साजिश कर दर्ज कराया गया था।

मुकदमा दर्ज होने के छह घंटे बाद ही कुंडा, बाबागंज विधायक सहित अन्य आरोपियों की पुलिस ने गिरफ्तारी की थी। हाई कोर्ट लखनऊ बेंच ने इस मामले में सभी आरोपियों को निर्दोष करार दिया है।

जयंत और गंभीर नहीं लड़ेगे चुनाव

रांची। लोकसभा चुनाव की तारीखें नजदीक है। चुनाव आयोग कभी भी चुनाव के तारीखों का एलान कर सकता है। इसे लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। ऐसे में लोकसभा चुनाव से पहले पूर्व मंत्री और हजारीबाग से सांसद ने आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का एलान किया। इसकी जानकारी उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर दी है। इससे पहले गौतम गंभीर ने लोकसभा चुनाव ना लड़ने का एलान किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैंने जेपी नड्डा से अनुरोध किया है कि मुझे प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से मुक्त करें ताकि मैं भारत और दुनिया भर में वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने पर अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। बेशक, मैं आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखूंगा। उन्होंने लिखा कि मुझे पिछले दस सालों से भारत और हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। इसके अलावा मुझे प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा प्रदान किए गए कई अवसरों का भी आशीर्वाद मिला है।

समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा निरस्त

- मुख्यमंत्री योगी का निर्देश, छह माह में दोबारा होगी आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा 2023 को निरस्त करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि इस परीक्षा को आगामी 06 माह में पुनः कराई जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2023 की समीक्षा की। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिसके संबंध में शासन द्वारा सर्व साधारण को परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य उपलब्ध कराए जाने की विज्ञप्ति निर्गत की गयी थी।

तत्क्रम में शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री ने समीक्षा के बाद इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्देश जारी किया। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी निर्देश दिया है कि इस प्रकार के आपराधिक कृत्य में सम्मिलित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी वैधानिक व दण्डात्मक कार्रवाई करने हेतु यह प्रकरण राज्य की एसटीएफ को संदर्भित कर दिया जाए। एसटीएफ शीघ्रातिशीघ्र इसकी विवेचना संपन्न करेगी तथा इस कृत्य में लिप्त सभी उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

विकास की गति में अवरोध बनी मोदी सरकार : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय देश ने प्रगति की जो रफ्तार पकड़ी थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उस गति में अवरोध बनी है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेतृत्व वाली सरकार ने गरीबों को मजबूती प्रदान कर देश को विकास की रहा दिखाई लेकिन श्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में सिर्फ मित्रों का हित साधा जा रहा है।श्री गांधी ने कहा कि संप्रग सरकार में तेज़ी से आगे बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था के लिए नरेंद्र मोदी 'स्पीड ब्रेकर' बन गए हैं। कांग्रेस ने गरीबों को मजबूत कर विकास को गति दी वहीं श्री मोदी चंद मित्रों के फायदे के लिए देश को खोखला कर रहे हैं।÷देश की निरंतर प्रगति में नीतियों महत्व देने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि नीतियों में देशवासियों को आगे रखे बिना देश का विकास असंभव है। झूठे प्रचार के विपरीत आर्थिक मोर्चे पर भाजपा सरकार कांग्रेस के आस-पास भी नहीं है।

आरोप | पश्चिम बंगाल को विकसित राज्य बनाने की दिशा में पहला कदम

अपराधी खुद तय करते है अपनी गिरफ्तारी का समय : मोदी

- बंगाल को आत्मनिर्भर बनाने पर हमारा जोर
- कृष्णानगर में जनसभा से पहले पीएम ने 15,000 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत की
- टीएमसी, अत्याचार और विश्वासघात का दूसरा नाम

कोलकाता। लोकसभा चुनाव से पहले बंगाल दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नदिया जिले के कृष्णानगर में जनसभा से पहले वहां सरकारी कार्यक्रम में 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसमें बिजली, रेल और सड़क से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा कि अब बंगाल में अपराधी ही अपनी गिरफ्तारी का समय तय करते हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में अपराध अब चरम पर पहुंच गया है। राज्य सरकार चाहती ही नहीं थी कि संदेशखाली का गुनहगार कभी गिरफ्तार हो, लेकिन ये तो बंगाल की नारी शक्ति दुर्गा बनकर खड़ी हो गईं। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा हो गया, तब मजबूरन सरकार को झुकना पड़ा। आजादी के बाद बंगाल का विकास रोका गया। हमारी सरकार ने बंगाल समेत पूर्वी क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। बंगाल को आत्मनिर्भर व विकसित राज्य बनाना जरूरी है। पीएम ने कहा कि आज बंगाल को विकसित राज्य बनाने के लिए हम एक और कदम उठा रहे हैं। आज मुझे 15,000 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का सौभाग्य मिला है। बिजली, सड़क, रेल की बेहतर सुविधाएं आपके जीवन को आसान बनाएगी।

इन विकास कार्यों से बंगाल के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। मोदी ने कहा कि बंगाल देश के अन्य राज्यों के लिए पूर्वी द्वार का काम करता है। पूर्व में इस द्वार से प्रगति की अपार संभावनाओं का प्रवेश हो सकता है इसलिए हमारी सरकार बंगाल में सड़क मार्ग, रेल मार्ग, वायु मार्ग और जल मार्ग की आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए काम कर रही है।

पीएम ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के दृष्टिकोण से रेल बंगाल के गौरवशाली इतिहास का हिस्सा रहा है लेकिन इतिहास की जो बढ़त बंगाल को हासिल थी, आजादी के बाद उसे सही ढंग से आगे नहीं बढ़ाया गया। यही कारण है कि तमाम संभावनाओं के बावजूद बंगाल पीछे छूटता गया। पिछले 10 वर्षों में हमने उस खाई को पाटने के लिए यहां के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत जोर दिया है। बंगाल की टीएमसी सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यहां जिस तरह टीएमसी की राज्य सरकार चल रही है, उसने बंगाल को निराश कर दिया है। पश्चिम बंगाल की जनता ने बहुत उम्मीदों के साथ टीएमसी को बार-बार इतना बड़ा जनादेश दिया लेकिन टीएमसी अत्याचार और विश्वासघात का दूसरा नाम बन गई है। टीएमसी के लिए बंगाल का विकास नहीं बल्कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद ही प्राथमिकता है। बंगाल में टीएमसी ने मां, माटी और मानुष का नारा लगाकर यहां की माताओं-बहनों का वोट लिया और उन्हें गुमराह किया। आज मां, माटी और मानुष सभी टीएमसी के कुशासन में रो रहे हैं। संदेशखाली की बहनें इंसाफ की गुहार लगाती रहीं, लेकिन टीएमसी सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी। ये धरती भगवान श्रीकृष्ण के परम प्रचारक चैतन्य महाप्रभु की जन्मस्थली है। मैं महाप्रभु के चरणों में नमन करता हूं। मेरा सौभाग्य है कि भगवान श्री कृष्ण ने जो द्वारका नगरी बसाई थी, जो समंदर के अंदर डूब चुकी थी। मुझे कुछ दिनों पहले समंदर की गहराई में जाकर उस पुरातन श्री कृष्ण की भूमि को नमन करने का सौभाग्य मिला। साथियो, आप सभी ईश्वरतुल्य जनता जनार्दन, माताओं-बहनों और बेटियों को भी मेरा प्रणाम। आपका इतनी बड़ी संख्या में आना साफ संदेश दे रहा है कि ऐई बार- एनडीए सरकार 400 पार। पीएम मोदी आज पुरुलिया जिले में स्थित दामोदर घाटी निगम के रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन के दूसरे चरण की आधारशिला रखी। साथ ही प्रधानमंत्री मेजिया थर्मल पावर स्टेशन में 650 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन प्रणाली का भी उद्घाटन किया। शुक्रवार को प्रधानमंत्री ने बंगाल के हुगली जिले के आरामबाग में 7200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। पीएम मोदी शनिवार को बंगाल में नेशनल हाइवे 12 के चार लेन के 100 किलोमीटर लंबे फरक्का-रानीगंज सेक्शन का उद्घाटन किया।

अर्थ आवाज़

ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल में बदले स्टाईल

नई दिल्ली। ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर सदैव फैशन में नैक्स्ट पेश करने में अग्रणी रहा है। यह ऐसे अनुभव लेकर आता है, जिन्होंने पूरी पीढ़ी के स्टाईल को आकार दिया है। अब यह ब्रांड ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के साथ आगे बढ़ रहा है, और फैशन को रनवे के दायरे से बढ़ाकर भारत के पहले फैशन फेस्टिवल तक ले जा रहा है। फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल की कल्पना स्टाईल की विकसित होती हुई दुनिया को पेश करने के ब्रांड के मंत्र के अनुरूप की गई है। इसमें भारत के सर्वश्रेष्ठ डिज़ाईनर्स और स्टाईलिश सेलिब्रिटीज़ फैशन का बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। अब एक नए अवतार में फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल ब्रांड की स्टाइलिश दुनिया को नए शहरों के ग्राहकों तक ले जा रहा है, जिसकी शुरुआत पुणे से हुई और समापन मार्च में भुवनेश्वर में होगा। इस ब्रांड ने कुछ लोकप्रिय और चर्चित लाईफस्टाईल ब्रांड्स के साथ गठबंधन किया है, जो कई दिलचस्प अनुभव तैयार कर रहे हैं। इसका मिशन साफ है कि यह युवा और विकसित होते हुए भारत की पनपती भावनाओं को आधुनिक फैशन के अनुभवों से जोड़ना है, जो अभी तक चुनिंदा मेट्रो तक ही सीमित हैं। इस फेस्टिवल ने अपने पहले संस्करण में विभिन्न शैलियों में सबसे आकर्षक ब्रांड्स के साथ शानदार गठबंधन कए हैं। उदाहरण के लिए नैशर माईल्स आधुनिक समय के यात्रियों के लिए एक फैशन एक्सेसरी ब्रांड है, जो हाल ही में शार्क टैंक इंडिया में आने के बाद सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है।

तीन दिवसीय नेशनल सोलर एक्सो 7 से

लखनऊ। नेशनल सोलर एंड ईवी एक्सपो-24 का आयोजन उ प्र सोलर पावर डेवलपमेंट एसो एवं सह आयोजक यूपीनेडा संग यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड लखनऊ द्वारा ऐसोचैम यूपी यूके के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उप्र सोलर पावर डेवलपमेंट एसो प्रधानमंत्री मोदी की सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को प्रदेश सरकार की सहायता से इस योजना में और तेजी आए और ज्यादा ज्यादा इसका लाभ लोगों तक पहुंचे, इसी क्रम को बृहद रूप देते हुए उ प्र सोलर पावर डेवलपमेंट एसो एक छत एक समाधान के लिए एक्सपो का आयोजन कर रही है, जिसमे 10 राज्यों से विभिन्न कंपनियां अपने प्रोडक्ट जैसे बैटरी, पैनल, इन्वर्टर, अर्थिंग, केबल ऑन ग्रिड, ऑफ ग्रिड और हाइब्रिड सोलर का प्रदर्शन करेगी। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिये इलेक्ट्रिकल गाड़ियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। एक्सपो का आयोजन 7,8,9 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में होगा। एक्सपो का उद्देश्य प्रधानमंत्री द्वारा 1 करोड़ घरों में सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा है। योजना में 22 हजार मेगावॉट का लक्ष्य 2022 से 27 तक पूरा करने का लक्ष्य है। प्रेसवार्ता में यूपीएसपीडीए के संरक्षक एवं एसोचैमयूपी-यूके के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारिक हसन नकवी, यूपीएसपीडीए के अध्यक्ष अनवेश सिंह चौहान एसोचैमयूपी-यूके अध्यक्ष डीपी सिंह, यूपीएसपीडीए के उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, अखिलेश त्रिपाठी, आईएनए सोलर के उपाध्यक्ष अजय शर्मा, एवं लूम सोलर से संजय मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे।

सीएमएस में 'शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला' सम्पन्न

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में चल रही दो दिवसीय 'शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला' शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार के संकल्प के साथ सम्पन्न हो गई। कार्यशाला के दूसरे व अन्तिम दिन आज अयोध्या, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी आदि विभिन्न जनपदों से पधारे 600 से अधिक शिक्षकों ने मोन्टेसरी से लेकर कक्षा-2 तक के नन्हें-मुन्हें बच्चों हेतु खासतौर पर तैयार किये गये अल्फा प्रोजेक्ट पर गहन चिन्तन-मनन व विचार-विमर्ष किया और छोटे बच्चों के लिए शिक्षा को और अधिक रूचिपूर्ण व प्रभावशाली बनाने के गुर सीखे। कार्यशाला में छात्रों के सीखने की प्रक्रिया के चार चरणों का प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसमें टीचर-चाइल्ड डेमा, चाइल्ड-चाइल्ड डेमो, इन्टायर क्लास पार्टिसिपेशन एवं पीर वर्क प्रोसेस प्रमुख रहे। इसके अलावा छोटे बच्चों की शिक्षण प्रक्रिया के तौर-तरीकों जैसे ड्रा योर फेवरिट शेप, हैण्ड्सऑन एक्टिविटी, डिकोडिंग एक्टिविटी, सेन्टेन्स मेकिंग एवं क्रिएटिव राइटिंग आदि पर विचार-विमर्ष हुआ।

4 को संविधान सम्मान रैली में ताकत दिखाएगी आरपीआई

लखनऊ। 4 मार्च को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) लखनऊ में संविधान सम्मान रैली करने जा रही है। जिसमें पूरे प्रदेश से आरपीआई कार्यकर्ता जुट रहे हैं। रैली की तैयारियां करीब एक महीने से चल रही है। मेदांता अस्पताल के पास अवध विहार योजना मैदान में हो रही इस रैली के माध्यम से आरपीआई उत्तर प्रदेश में अपनी ताकत दिखाने जा रही है। कसमंडा स्थित आरपीआई (आठवले) के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने श्यह जानकारी देते हुए कहा कि संविधान सम्मान रैली की तैयारी पिछले एक महीने से चल रही है। गत 29 फरवरी को लखनऊ में प्रदेश पदाधिकारी सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. रामदास आठवले संविधान सम्मान रैली की घोषणा की थी। उसके बाद से प्रदेश के समस्त जिलों के ग्रामीण, शहरी, कस्बों में जा-जाकर बैठकें करके संविधान सम्मान रैली में कार्यकर्ताओं को आने का निमंत्रण दिया गया है। 4 मार्च को भारी संख्या में कार्यकर्ता रैली में जुटने जा रहे हैं। आरपीआई एनडीए गठबंधन में है, वहीं उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार में हिस्सेदारी की मांग हम लगातार कर रहे हैं। पार्टी लोकसभा चुनाव में भाजपा से तीन सीटों की मांग भी आरपीआई कर रही है। संविधान सम्मान रैली में देश के गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी जी को भी संविधान सम्मान रैली में आमंत्रित किया गया है।

आनंद को 'वाई श्रेणी' सुरक्षा भाजपा-बसपा गठजोड़ की ओर इशारा : अजय

लखनऊ। उप्र में राज्यसभा चुनाव में बसपा का वोट भाजपा प्रत्याशी को मिला, जिसका ईनाम मायावती के भतीजे आकाश को 'वाई श्रेणी' की सुरक्षा प्रदान कर मोदी जी ने दे दिया। इस मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हर बार यह बात लगातार सिद्ध हो रही है कि बसपा भाजपा की बी टीम के रूप में कार्य कर रही है। राज्यसभा चुनाव के ठीक बाद मैनें प्रेसवार्ता में कहा था कि भाजपा और बसपा में एक आन्तरिक गठजोड़ है, जिसका उपयोग भाजपा चुनाव में विपक्ष को कमजोर करने के लिए करती है। उन्होंने कहा कि 2022 के चुनाव के अगर बसपा प्रत्याशियों की सूची निकाल कर देखी जाये तो मेरी बात स्पष्ट हो जायेगी। अजय राय ने कहा कि देश आज नाजुक दौर से गुजर रहा है, संविधान को बदल देने की सोच वाली फासीवादी ताकतें सत्ता के केन्द्र में हैं। ऐसे दौर में अपने व्यक्तिगत हितों की रक्षा के लिए जो लोग सत्ताधारी दल के पाले में खड़े हो गये हैं, उन्हें अब दलितों और वंचितों की नुमाइंदगी की बात बंद कर देनी चाहिए।

अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो द्वारा 'प्रकाशित भारत में अपराध-22' रिपोर्ट के अनुसार दलितों के खिलाफ अत्याचार पिछले वर्षों की तुलना में कई गुना बढ़ गये हैं। उप्र दलितों के खिलाफ हो रहे अत्याचार के मामलों में 15368 केस के साथ एक नंबर पर है। विडम्बना देखिए कि दलितों, शोषितों और वंचितों की रहनुमाई का दावा करने वाली बसपा उस भाजपा से हाथ मिला लेती है जिसके शासन में इन पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि दलित अब इस अनैतिक और व्यक्तिगत लाभ के लिए बनाये गये गठजोड़ को पहचान गये है, 24 में वे इसे ध्वस्त कर बाबा साहब के संविधान की लड़ाई लड़ रहे इण्डिया गठबंधन को अपना मत और सहयोग देंगे।

रालोद में कई दलों के लोग शामिल

लखनऊ। शनिवार को रालोद के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा के प्रयासों से शालिनी सिंह के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों-कांग्रेस, सपा, बसपा व विभिन्न सामाजिक संगठनों की हजारों महिलाओं ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के विचारों से प्रेरित होकर तथा रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ जयन्त सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे व नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती मनीषा अहलावत की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, अम्बुज पटेल, मनोज सिंह चौहान, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव रामगोपाल चंदेल, राष्ट्रीय सचिव कार्यालय प्रभारी सुरेश कुमार श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। सर्वप्रथम नारी शक्ति संगठन ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका रालोद में स्वागत है। रालोद के नारी शक्ति संगठन में आज और अधिक ऊर्जा देखने को मिल रही है। आप लोगों के सहयोग से जयन्त सिंह को और अधिक राजनैतिक बल मिलेगा और दल में महिलाओं की सहभागिता बढ़ेगी। आप इसे दल नहीं परिवार समझिए आज से यह आपका नया परिवार है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि आप सबके दल में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और हम सब मिलकर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

एक सप्ताह बाद भी नहीं मिली स्पीड पोस्ट

गोला गोकरननाथ खीरी। डाक एवं तार विभाग की लापरवाही के चलते एक आवश्यक स्पीड पोस्ट जिसे 24 घंटे में भेजे गए पते पर पहुंच जाना था पर 7 दिन बाद भी यह स्पीड पोस्ट पर ना पहुंची है ना ही वापस आई है। जिसके चलते उपभोक्ता का आवश्यक कार्य प्रभावित हुआ है।बताते चलें गोला नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज में अवकाश प्राप्त प्रवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा ने 22 फरवरी को आशीष त्रिवेदी निवासी फैजुल्लागंज सिन्हा कॉलोनी लखनऊ के लिए स्पीड पोस्ट संख्या ई यू 566088783 किया था पर समाचार प्रेषण तक वह स्पीड पोस्ट प्राप्त नहीं हो सकी।

जनता के सुझावों से बनेगा बीजेपी का चुनाव संकल्प पत्र

- सांसद ने संकल्प पत्र सुझाव पेटिका और मिस्ड कॉल नंबर किया लॉन्च।
- 15 मार्च तक चलेगा सुझाव प्राप्ति का अभियान
- सांसद बोले..विकसित भारत मोदी की गारंटी।

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। लोकसभा चुनाव में देश की जनता मोदी से और क्या चाहती है, इसके लिए बीजेपी लोकसभा चुनावों के लिए सुझाव पेटी लोगों के बीच रखेगी। इन पेटियों में बीजेपी को लोग सुझाव दे सकते हैं और इन सुझावों के आधार पर ही पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने ''विकसित भारत मोदी की गारंटी'' अभियान के तहत सुझाव पेटी और मिस्ड कॉल नंबर को लॉन्च किया। इस अभियान के जरिए पार्टी का मकसद है कि हर आम व्यक्ति के सुझाव लेना है।प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए सांसद ने बताया कि जिले में दो एलईडी प्रचार वाहन 3 मार्च से 15 मार्च तक संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण करेंगे , प्रत्येक प्रचार वाहन पर सुझाव पेटिका रखी होगी। जिसमे आमजन अपने सुझाव दे सकेंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृतकाल में 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। विकसित भारत कैसा हो, इसके लिए देश और प्रदेश की जनता की राय जानने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' अभियान शुरू किया है। इस अभियान के दौरान जनता से प्राप्त सुझावों को इसी साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुझाव पेटी में समाज के सभी वर्गों की राय ली जाएगी। इसके साथ ही नुक्कड़ सभाओं ,संगोष्ठी एवम संवाद कार्यक्रम आयोजित करके पार्टी सुझाव एकत्रित करेगी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई,संदीप गुप्ता ,नवीन राठौर मौजूद रहे।

मिस्ड कॉल से पार्टी मांगेगी सुझाव

प्रेस वार्ता में सांसद ने बताया कि पार्टी ने मोबाइल फोन नंबर भी जारी किया है। 9090902024 पर मिस्ड कॉल करके या नमो एप डाउनलोड करके भी लोग अपने सुझाव दे सकेंगे।

ब्लॉक प्रमुख ने किया लोकार्पण

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने शनिवार को अनूपगंज में बनवाए गए अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार के द्वारा बनवाए गए इस भवन में कोटेदार के द्वारा राशन वितरण किया जाएगा गरीबों व कार्ड धारक उपभोक्ताओं को अब चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से द्वारा आज पूरे प्रदेश में बनवाए गए 11 00 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया गया है ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन बन जाने से ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा जॉइंट बी डी ओ नंद कुमार पांडेय एडीओ आईएसबी जयराम वाल्मीकि मनोज मिश्रा ग्राम प्रधान पंचायत सचिव बीजेपी बूथ अध्यक्ष अमित तिवारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

फिर कटी नहर

त्रिवेदीगंज बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)।नहर कटने से खेतों में पानी भर गया। बहरौली रजबहा शनिवार रात लदई का पुरवा गांव के पास कट गई।नहर कटने से छत्रपाल,रामबरन, कौशल, रंजीत, पन्ना लाल, देवराज, सरवन, इंद्राज,राम खेलावन, हरिनाम, बेचालाल, मुन्ना,राम आधार, परशुराम, अशोक कुमार आदि के खेतों में लगी फसल में पानी भर गया।

संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। तहसील सभागार में उप जिला अधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर कुल 58 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से पांच प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार सीमा भारती पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार सीएचसी अधीक्षक डॉ लव भूषण गुप्ता एसडिओ दिलीप जायसवाल बीडियो सूरतगंज सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

भाजपा ने जारी की लोकसभा प्रत्याशियों के नाम की सूची

- सांसद उपेंद्र रावत को दोबारा प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर

बाराबंकी स्पष्ट आवाज। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय कार्यालय द्वारा आज लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है । सूची में वर्तमान सांसद उपेंद्र रावत को पुनः प्रत्याशी घोषित किया गया है इस घोषणा के साथ ही जिले में भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई है और सांसद उपेंद्र रावत को लोग बधाइयां दे रहे हैं इसी के साथ उनके आवास पर भी खुशी का माहौल है ढोल नगाड़ा के साथ समर्थक मिठाइयां बांट रहे हैं । गौरतलब है कि उपेंद्र रावत 2019 में भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़े थे जिसमें उन्हें भारी सफलता मिली थी । इससे पहले वे भाजपा से ही जैदपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे । पूर्व सांसद प्रियंका रावत का टिकट कटने से भाजपा दो खेमों में बट गई थी। बावजूद इसके उपेंद्र ने यह सीट आसानी से जीत ली थी तब से सांसद के पद पर रहते हुए आम जनता की सेवा कर रहे थे । इस बार चुनाव आते ही जिले में उनके टिकट कटने की चर्चाएं भी तेज हो गई थी परंतु उनके चेहरे पर कोई शिकन नहीं था जिससे यह साफ जाहिर हो रहा था की टिकट इन्हीं को मिलेगा लेकिन लोग टिकट कितने की हवाए उड़ रही थी। अब जब दोबारा प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है तो विपक्षी खेमों में मायूसी छा गई है वही समर्थकों में खुशी का माहौल है ।

नहर में मिला बुजुर्ग महिला का शव जांच में जुटी पुलिस

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। बड्डुपुर थाना क्षेत्र से देर रात लापता हुई सीतापुर जनपद निवासी महिला का शव दूसरे दिन शारदा नहर में मिला। महिला बीते पंद्रह वर्षो से बड्डुपुर के बढ़ावा में अपनी पुत्री के ससुराल में रह रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीतापुर जनपद के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र निवासी कलावती पत्नी बदलूराम करीब 70 वर्ष परिवार में कोई न होने के चलते बीते पंद्रह वर्षो से बड्डुपुर के बढ़ावा स्थित अपनी पुत्री रामप्यारी पत्नी देवी दयाल के साथ रह रही थी। परिजनों ने बताया कि महिला वृद्ध होने के साथ मानसिक रुप से बीमार रह रही थी। शुक्रवार रात महिला बिना किसी को बताए घर से लापता हो गई। सुबह होने पर महिला बिस्तर में न होने पर परिजन ने खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान घर से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित शारदा सहायक नहर में महिला का शव पानी मे उतराता मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला। बड्डुपुर थानाध्यक्ष ज्योति वर्मा ने बताया कि महिला अपने पुत्री की ससुराल में रह रही थी।

यूपी की कानून व्यवस्था शून्य से नीचे: प्रहलाद पटेल

- कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिला धिकारी गोला को सौपा

गोला गोकरननाथ खीरी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के दिशा निर्देशन में प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के तहत गोला गोकर्णनाथ में लगभग दो दर्जन काँग्रेस कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल की अगवाई में गोला तहसील पहुंच कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी गोला को सौपा।

राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा है की उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था शून्य से नीचे चली गई है। कहीं दो नाबालिक लड़कियों का फांसी से झूलता शव पाया जाता है, तो वहीं बीएचयू कैंपस में छात्रा के साथ सामूहिक दुराचार भाजपा के आईटी सेल के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाता है यही नहीं न्याय पाने के लिए महिला जज को आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता है। रामपुर में अंबेडकर स्मारक की मांग पर कक्षा 10 की परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की हत्या कर दी जाती है। राष्ट्रपति से अंत में कानून व्यवस्था में सुधार करने व अपराधियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस अवसर पर

रामकुमार वर्मा पिछड़ा वर्ग विभाग महामंत्री, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता , कृष्ण किशोर मिश्रा जिला महासचिव सदस्य पीसीसी, प्रेम कुमार वर्मा जिला महासचिव सदस्य पीसीसी, सुरेश चंद गुप्ता एडवोकेट ,हंस राम स्वर्णकार एडवोकेट,गौरव शर्मा, पंकज कुमार पटेल, प्रदीप सिंह रघुनायक रमेश चंद्र बर्मा, गिरजेश वर्मा, राम शंकर पाल, अनंत राम गौतम, अनुज शुक्ला, फकीर मोहम्मद सहित लगभग दर्जन लोग उपस्थित रहे।

विधायक प्रतिनिधि एवं ब्लॉक प्रमुख ने किया अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण

गोला गोकर्णनाथ खीरी।ग्राम पंचायत अल्लीपुर ब्लॉक कुम्भी गोला में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का लोकार्पण गोला विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा एवं ब्लॉक प्रमुख कुम्भी गोला विमल वर्मा ने किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के द्वारा लोकभवन सभागार उत्तर प्रदेश सचिवालय लखनऊ में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन एवं ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के लोकार्पण के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया ।कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी कुम्भी गोला, पूर्ति निरीक्षक रामसेवक यादव, ग्राम प्रधान अल्लीपुर गुरुविंदर सिंह, राकेश दीक्षित, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कार्रवाई न होने से आहत पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

सुबेहा बाराबंकी (स्पष्ट आवाज) । पड़ोसी गाँव निवासी एक व्यक्ति पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित भाइयों ने मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगायी हैं। थाना सुबेहा के अहिरन सरैया गाँव निवासी शिव बालक व राम प्रकाश पुत्रगण सुखनन्दन ने भेजे गए प्रार्थनापत्र में पड़ोसी गाँव रोहना मीरापुर गाँव निवासी पवन कुमार पुत्र राम प्रकाश पर छप्परों में आग लगा देने का आरोप लगाया है और कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगायी हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की शाम जब दोनों भाइयों का परिवार खेतों में काम करने गया था इस दौरान किसी ने छप्परों में आग लगा दी थी जिसकी वजह से सोलर पैनल जानवरों का चारा चारपाई तख्त बिस्तर खाद्य सामग्री सब कुछ जलकर नष्ट हो गया था ईशा की दुकान में सब कुछ जानकारी नष्ट हो जाने के बाद वजह से छोटे-छोटे बच्चों के और जानवरों के सामने खाने-पीने और रहने की समस्या खड़ी हो गई है ।

अंतिम संस्कार से लौट रहे मां बेटे को कार नें मारी ठोकर एक की मौत

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। फतेहपुर कोतवाली अंतर्गतअन्तिम संस्कार में सम्मिलित होने के पश्चात् बाइक से मां बेटे अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में ठोकर मार दी जिससे वृद्ध मां की मौत हो गयी व उसका पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सीतापुर जिले के थाना महमूदाबाद क्षेत्र के टडवा नूरपुर निवासी फातिमा (60) अपने पुत्र हारून के साथ शनिवार को बाइक से फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अछैछा में एक अन्तिम संस्कार में शामिल होने गई थी। वहां से फातिमा अपनी ननद के यहां मीरपुर बिलौली जाने के लिए बाइक से निकली। सिहाली सुढियामऊ मार्ग पर ग्राम शेखपुर अलीपुर के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को ठोकर मार दी। जिसमें माँ और बेटे गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनो घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने फातिमा को मृत घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में कोतवाल डी के सिंह ने बताया कि सडक हादसे में एक महिला की मौत हुई है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

ओवर टेक करने के चक्कर में खड़ी ट्रक मे टकराई स्लीपर कोच बस

- बस मे बैठे करीब एक दर्जन यात्री हुए मामूली घायल सी एच सी मे हुआ उपचार

रामसनेहीघाट बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग पर शनिवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस ओवर टेक करने के चक्कर में सड़क किनारे गिट्टी लदे खड़े ट्रक से पीछे से टक्करा गई।जिससे बस में सवार कई सवारियां मामूली चोटें आई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से दोनो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। कोतवाली रामसनेहीघाट अयोध्या-लखनऊ पर शनिवार की सुबह एक स्लीपर कोच लगभग 94 सवारियों को लेकर दिल्ली से बिहार के मुजफ्फरपुर जा रही थी। तभी पटेल महाविद्यालय सुमेरगंज के पास ओवरटेक कर रही बस एक होटल पर खड़ी बजरी लदी ट्रक में पीछे से टकरा गई ।स्लीपर कोच बस बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है. इस हादसे में दर्जनो सवारियों को हल्की फुल्की अंदुरुनी चोटें आई और दो सवारी सुधीर पुत्र राम अधार उर्म 28 वर्ष ग्राम पुरे रामपुर विश्वनाथ थाना सर?ईया जिला मुजफ्फरपुर,, विश्वनाथ मांझी पुत्र महेश उर्म 26 वर्ष ग्राम प्रहलाद पुर थाना मुसहरी ब्लॉक जिला मुजफ्फरपुर दोनों को सीएचसी रामसनेहीघाट में भर्ती कराया गया । जिसके एक के कंधे पर चोटिल व दूसरे के पैर में चोट आई ।इसके साथ ही मामूली रूप से घायल सवारियों को दूसरे साधनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया. बता दें कि बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

अनियंत्रित हुआ ट्रेलर, रारी नदी में गिरने से बाल बाल बचा

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)।शुक्रवार रात अकोहरी रारी पुल पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़कर पुल पर लटक गया। असंद्रा थाना क्षेत्र के हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर रारी नदी के पुल पर हैदरगढ़ की तरफ से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुल की दीवार पर लटक गया। बी आर 03 जी बी 9538 झांसी से गिट्टी लादकर बिहार जा रहा था तभी अकोहरी में ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पुल की दीवार पर चढ गया।गनीमत रही कि चालक और खलासी दोनो सुरक्षित है।

गन्ना भुगतान न मिलने से किसान परेशान

गोला गोकर्णनाथ खीरी। होली का त्योहार करीब है, लेकिन गन्ना किसानों को चीनी मिल द्वारा बकाया गन्ना भुगतान न किये जाने से किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। इसका असर उसकी आगामी फसलों की बुवाई पर भी पड़ रहा है। किसान इसके लिए चीनी मिल और प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा और राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित समेत कई किसान नेताओं का कहना है कि प्रदेश के किसानों और आम लोगों ने जिस उम्मीद के साथ भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाया था वह बेमानी साबित हुई हैं। किसानों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान रोजमर्रा की जरूरत, होली के त्योहार पर कपड़े और पर्व का सामान तक नहीं खरीद पा रहा है।जिसकी वजह है कि उसके बकाया गन्ना मूल्य का पूर्ण भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिससे उसे गन्ना,सहित अन्य फसलों की बुवाई में भी दिक्कतें आ रही हैं और वह खाद पानी तक नहीं जुटा पाने में असमर्थ है। यहां तक की गन्ने की छुलाई और उसे मिल तक लाने के ट्राली का किराया देने में भी लाले पड़े हैं। किसानों का यह गुस्सा आगामी चुनावों में सरकार पर फूटना तय माना जा रहा है।

9 माह से कार्यवाही के लिए भटक रही महिला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।शहर के मोहल्ला जहानपुर निवासी एक महिला न्याय पाने के लिए 9 माह से भटक रही है, पर उसकी कोई सुनने वाला नहीं है।शहर के मोहल्ला जहानपुर निवासी दलित जितेंद्र कुमार की पत्नी ज्योति देवी ने पुलिस के उच्च अधिकारियों को भेजी शिकायत में कहा है कि उनका पति गंगा एक्सप्रेसवे में मकैनिक का काम करने जाते थे। उन्हें एक सीतापुर का युवक अपने साथ ले जाता था। आरोप है कि उसके पति को काम करने के लिए ले गए और वहां विवाद के बाद उनकी हत्या कर दी गई। ज्योति का कहना है 9 मई 2023 को सुबह 9 बजे उसे पुलिस ने सूचना दी कि उसका पति अब इस दुनिया में नहीं है। जिससे वह परेशान हो गई। उसे रायबरेली के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचने को कहा गया। वह रायबरेली पोस्टमार्टम हाउस पहुंची तो वहां पति का शव रख

चुनाव में गड़बड़ी हुई तो डीएम-एसपी होंगे जिम्मेदार : मुख्य चुनाव आयुक्त

■ भारत निर्वाचन आयोग ने उप्र में तीन दिन तक की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को यहां कहा कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व है। निर्वाचन आयोग शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान यदि कोई गड़बड़ी होती है तो उसके लिए जिलाधिकारी और जिला पुलिस प्रमुख जिम्मेदार होंगे। कड़ी कार्रवाई भी होगी। चुनाव आयोग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों और जिला पुलिस प्रमुखों को सख्त निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की तीन दिन तक समीक्षा करने के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार आज पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना आयोग की प्राथमिकता है। सभी राजनीतिक दलों को बराबर का अवसर मिलेगा। अधिकारियों को निष्पक्ष तरीके से काम करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव में धन और बाहुबल का प्रयोग नहीं होगा। सभी चुनावी खर्च चेक के माध्यम से होंगे। डिजिटल पेमेंट पर सख्त नजर रहेगी। बैंकों की कैश वैन भी शाम पांच बजे के बाद नहीं चलेंगी। इसके लिए आरबीआई से कहा गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 30 जिलों की सीमा नौ राज्यों से लगती हैं। साथ ही प्रदेश के सात जिलों की सीमा पड़ोसी देश नेपाल से लगती है। सीमाओं पर निगरानी के विशेष इंतजाम रहेंगे।

40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले घर से करेंगे मतदान

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव में 85 साल से ज्यादा उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले लोग अपने घर से मतदान कर सकेंगे। चुनाव कार्य में लगे कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने का अधिकार रहेगा। मतदान केंद्रों पर विशेष व्यवस्था रहेगी। लंबी कतार वाले पोलिंग बूथों पर कुर्सी की भी व्यवस्था रहेगी।

उप्र 15.29 करोड़ मतदाता

राजीव कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 15.29 करोड़ है। इसमें 7.15 करोड़ महिला मतदाता हैं। सौ वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाताओं की संख्या 31 हजार है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुछ मतदान केंद्र महिलाओं और दिव्यांगों के लिए बनाए जाएंगे। मल्टीस्टोरी भवनों में अलग से बूथ बनाए जाएंगे।

चुनाव के लिए लाए जा रहे तीन एप

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव में आधुनिक तकनीक का सर्वाधिक प्रयोग किया जाएगा। आयोग इस बार के चुनाव में तीन एप ला रहा है। एक एप से मतदाता चुनाव में होने वाले प्रलोभन, शराब और रुपये बांटने के बारे में सीधे चुनाव आयोग से शिकायत कर सकते हैं। दूसरा एप वोटर हेल्पलाइन है, जिसके माध्यम से मतदाता अपनी जानकारी ले सकता है। तीसरा एप 'नो योर कैंडिडेट' है। इसके माध्यम से मतदाता अपने उम्मीदवार के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करेगा।

पहली लोकसभा : निरक्षरता के बाद भी हुई थी 60 फीसदी वोटिंग

आम चुनाव 1951-52

विशेष संवाददाता

लखनऊ। स्वतंत्रता के बाद 1951 से 1952 के बीच पहला आम चुनाव महज एक चुनाव न होकर क्रांति था। पहले चुनाव की प्रक्रिया 25 अक्तूबर 1951 से शुरू होकर 21 फरवरी 1952 तक चली। पहली लोकसभा चुनाव के हुए नतीजे 10 फरवरी 1952 को आए थे।

देश की आजादी के बाद हुए पहले चुनाव को लेकर किसी को भी भरोसा नहीं था कि ये चुनाव सफलता से पूरा हो सकेगा। लेकिन एक अदृश्य नायक सामने आया और उसने पहले चुनाव में ही लोकतंत्र का कायाकल्प कर दिया। हिंदुस्तान आजाद हुए चार साल हो चुके थे। हिंदुस्तान गणतंत्र बन चुका था। उसका एक संविधान था। देश के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती थी एक चुनी हुई सरकार स्थापित करना। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू चुनाव 1951 की गर्मियों में करवाना चाहते थे। लेकिन एक शख्स ने नेहरू की इस बात को खारिज कर दिया। वो शख्स कोई और नहीं थे वो थे चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन। तब चुनाव आयोग में तीन नहीं सिर्फ एक चुनाव आयुक्त ही होता था। उसी पर बीड़ा था निष्पक्ष चुनाव कराने का। बहुत कम लोग जानते हैं कि सुकुमार सेन को भारतीय लोकतंत्र का अदृश्य हीरो कहा जाता है। भारतवर्ष का पहला आम चुनाव करवाना आसान काम न था। इतने बड़े पैमाने पर पहले कभी चुनाव नहीं करवाया गया था। वोट देने लायक 85 प्रतिशत जनता को पढ़ना-लिखना नहीं आता था। वोटर लिस्ट भी तैयार नहीं थी। जिस समय देश का पहला लोकसभा चुनाव हुआ उस समय देश की कुल आबादी 36 करोड़ थी जिसमें मतदाताओं की संख्या 17 करोड़ 36 लाख थी। चुनाव चिन्ह बैलेट पेपर और बैलेट बॉक्स कुछ भी तैयार नहीं था। काफी विचार-विमर्श के बाद तय हुआ कि आजाद भारत का पहला आम चुनाव 1952 के जनवरी और फरवरी महीनों में होगा। कुल 4500 सीटों पर जिसमें 489 सीटें लोकसभा के लिए बाकी विधानसभाओं के लिए। लाखों पोलिंग बूथ के अलावा स्टील के बैलेट बॉक्स भी तैयार करवाना था। इसके लिए 8200 टन स्टील की आपूर्ति की गई। टाइपिंग चुनाव पर नजर रखने और सुरक्षा के लिए लाखों लोगों को अनुबंध पर तैनात किया गया। इतना ही नहीं दूरदराज पहाड़ों और दुर्गम स्थानों पर मौजूद गांव को कस्बे और शहर से जोड़ने के लिए पुल बनवाए गए। इस तरह से पहले लोकसभा चुनावों की वजह से ये सभी गांव सालों बाद पुल के जरिए दूसरे गांवों या कस्बों से जुड़ गए। पहला लोकसभा चुनाव इसलिए यादगार है क्योंकि इससे पहले भारत में इतने बड़े पैमाने पर कभी चुनाव नहीं हुए थे। कई नए प्रयोग किए गए। लेकिन उस चुनाव में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने जितनी मेहनत की शायद ही आज कोई नेता कर सके। दरअसल पहला लोकसभा चुनाव जब हो रहा था तब हिंदुस्तान को आजाद हुए चार साल बीत चुके थे। देश के भीतर सब कुछ बदल चुका था। भारत एक गणतंत्र बन चुका था। उसका अपना एक संविधान था। लेकिन अगर कुछ नहीं बदला तो वो था नेहरू का करिश्माई नेतृत्व। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का पहला चुनाव प्रचार भी यादगार है। एक कमेंटेटर के मुताबिक कांग्रेस का चुनाव प्रचार केवल नेहरू पर केंद्रित था। चुनाव में नेहरू ने सड़क रेल पानी और हवाई जहाज सभी का सहारा लिया। उन्होंने 25 हजार मील की दूरी तय की। 18 हजार मील हवाई जहाज से 52 सौ मील कार से 16 सौ मील ट्रेन से और 90मील नाव से। चुनाव आयोग के लिए राहत की बात ये थी कि निरक्षरता के बावजूद पूरे देश में 60 प्रतिशत वोटिंग हुई। पहले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को सबसे ज्यादा 364 सीटें मिली थीं।

पहली संसद के तीन सदस्य बने पीएम

पहली लोकसभा में जीते उम्मीदवार तीन उम्मीदवार ऐसे थे जो बारी-बारी से प्रधानमंत्री बने। पहले प्रधानमंत्री के रूप में जहां जवाहर लाल नेहरू ने देश की कमान संभाली तो पद रहते उनके निधन के बाद उस समय नेहरू की कैबिनेट के गृहमंत्री गुलजारी लाल नंदा को कार्यकारी प्रधानमंत्री बनाया गया। उसके बाद लाल बहादुर शास्त्री को प्रधानमंत्री बनाया गया। उनके अकस्मात निधन के बाद पुनः गुलजारी लाल नंदा को पुनः कार्यकारी प्रधानमंत्री बनाया गया।

1951 पहली लोकसभा

कुल सीटें	489
इंडियन नेशनल कांग्रेस	364
कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया	16
सोशलिस्ट पार्टी	12
किसान मजदूर पार्टी	09
निर्दलीय	37

मांगों को लेकर संग्रह अमीनों अनुसेवको का धरना ग्यारहवें दिन भी जारी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में से 52 जिलों में सामयिक संग्रह अमीन अनुसेवक कार्यरत है जबकि शेष 23 जिलों के कार्मिक काम न मिलने के कारण भुखमरी के कगार पर है। अपनी मांगों को लेकर इन लोगों का धरना ग्यारहवें दिन भी जारी रहा। उत्तर प्रदेश संग्रह अमीन अमीन अनुसेवक वेलफेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष रामप्रताप पांडेय ने बताया कि शासन द्वार जारी शासनादेश में दी गयी व्यवस्था न्याय संगत नहीं है क्योकि 85 प्रतिशत की व्यवस्था वर्ष 2016 में एक बार के लिए थी।जो नियमावली का सांतवा संशोधन था। उस व्यवस्था में मिले पदो को 35 प्रतिशत की व्यवस्था शामिल करना न्यायोचित नहीं है।

लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है लड़ाई : अखिलेश

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई बड़ी है। भाजपा पर जनता का विश्वास नहीं, साजिशें, छल तथा झूठ की राजनीति के सहारे वह सत्ता पर काबिज होने के लिए छटपटा रही है। यह बातें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में आए पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि भाजपा 14 में जिस तरह से सत्ता में आई उसी तरह से उत्पीड़न और अपमान से त्रस्त जनता अब 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता से हटाने का काम करेगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा अपने कुप्रचार से लोगों के सोच विचार को भी प्रदूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। जैसा दाना, वैसा गाना का माहौल बन रहा है। तमाम संस्थानों और माध्यमों पर आरएसएस के लोगों को बिठाया जा रहा है। अर्थव्यवस्था की हकीकत पर पर्दा डाला जा रहा है और झूठे आंकड़ों के बल पर विकसित भारत का भ्रम फैलाया जा रहा है। सच तो यह है कि जबसे भाजपा सत्ता में आई हैं महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ही फलफूल रहा है। किसानों के साथ वादों को क्या हुआ नौजवानों को रोटी-रोजगार से वंचित करने के लिए पेपर लीक का खतरनाक खेल जारी रहता है। अखिलेश ने कहा कि किसी को भी भाजपा सरकार के रहते न्याय मिलने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। भाजपा गरीब का वोट लेती है पर उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं होती है। थार गाड़ी से किसानों को कुचला गया, उन्हें न्याय नहीं मिला। महिलाओं और बच्चियां असुरक्षित हैं। व्यापारी लुट रहे हैं। पुलिस हिरासत में मौतें हो रही हैं। भाजपा सरकार को पीड़ितों के प्रति कोई संवेदना नहीं है।

चौपालों में बड़ी संख्या में समस्याओं का हो रहा निस्तारण

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल गांव की समस्या.गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है और इन ग्राम चैपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है। ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है। वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।

संक्षिप्त आवाज़

एसटीएफ ने लखनऊ से दो आरोपी दबोचे

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में दो आरोपियों को लखनऊ स्थित शहीद पथ के पास पुल से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अनुसार उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की 17 एवं 18 फरवरी को आयोजित सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक कराने के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों गिरफ्तार अभियुक्त प्रयागराज के रहने वाले हैं। एक का नाम अजय चौहान और दूसरे का सोनू यादव है। अजय प्रयागराज के फूलपुर थाना क्षेत्र के फाजिलपुर का रहने वाला है। वहीं, सोनू सिंह प्रयागराज के ही फूलपुर थाना क्षेत्र के करौंजा गांव का निवासी है। उसके पास दो मोबाइल, 1,970 रुपए नगद, 32 वर्क कागजात मिले हैं। यह लोग किसान बाजार, शहीद पथ पुल के पास से एक मार्च को गिरफ्तार किए गए थे। पूछताछ में अभियुक्त अजय सिंह ने बताया कि उनका एक गिरोह है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने एवं सॉल्वर बैठाने का काम करता है। इस गिरोह में सोनू, राजन यादव, सुशील भारती हैं। इन्होंने खुलासा किया कि अभ्यर्थियों से परीक्षा के पहले पेपर उपलब्ध कराने के लिए मोटी रकम वसूलते हैं, फिर पैसा इकट्ठा करके सक्रिय गिरोहों के माध्यम से परीक्षा का पेपर प्राप्त करके अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा रद्द होने के बाद वह छिप रहे थे।

जालसाजों ने महिला के खाते से उड़ाए हजारों

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक महिला को साइबर जालसाजों ने महिला खाताधारक के खाते से पासवर्ड रीसेट करने के नाम पर हजारो रूपये ट्रांसफर कर लिए। जिसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने साइबर सेल में शिकायत कर कृष्णा नगर थाने पर शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित अमरूदही बाग सिंगारनगर निवासी नम्रता द्विवेदी पत्नी पियुष कुमार द्विवेदी का बैंक खाता एसबीआई बैंक आलमबाग शाखा में है। गत 18 फरवरी को बीए एएचडीआरसीसी से उन्हें मैसेज प्राप्त हुआ जिसमें पासवर्ड रीसेट करने का विवरण दिया था जिसको रीसेट करते ही उनके बैंक खाते से 49,999 रूपये एक एक्सिस बैंक के खाते में ट्रासफर हो गये।

एनडीए को हराने हरवर्ग एकजुट होगा : सुनील सिंह

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैधरी सुनील सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के साथ न्याय नहीं कर रही है। सरकार किसानों को एमएसपी की गारंटी दे तो यह गारंटी हम लेते हैं कि किसान हर साल केंद्र सरकार को 6000 रुपए दे देंगे। सरकार किसानों के नाम पर ऐसी योजनाएं लाती है, जिससे चुनाव में उसे वोट मिल सके। किसानों को 6000 रुपए सालाना देकर सरकार उन्हें खरीदना चाहती है। सरकार किसानों को एमएसपी की गारंटी दे तो किसान भी इतने सक्षम हैं कि साल में जो सरकार उन्हें 6000 रुपए देती है, वही 6000 किसान सरकार को दे देंगे। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट केंद्र सरकार को तत्काल लागू करनी चाहिए. सरकार जो कह रही है कि एमएसपी देने से बहुत बड़ा भार पड़ेगा तो यह बिल्कुल सही नहीं है। किसानों के लिए सरकार की नीति ठीक नहीं है सरकार किसानों को दे एमएसपी, किसान हर साल केंद्र देंगे छह हजार रुपए दे देंगे।

पुरोहित की पिटाई : ज्वाइंट सीपी ऑफिस में पुरोहितों ने बचाए शंख

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। शादी में बुलाकर पुरोहित को 1 सिपाही ने पीट दिया। शनिवार को ज्वाइंट सीपी कार्यालय में पुरोहितों ने शंख बजाकर मंत्रोचारण किया है। सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान पुलिस ने मामले में आरोपी सिपाही के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दिन पहले निगोहा में सिपाही सोनू जाटव ने पुरोहित विवेक शुक्ला को बुलाया था। शादी के मंत्र जल्दी पढ़ने को लेकर विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि इसके बाद सिपाही ने पुरोहित को पीट दिया। विश्व पुरोहित परिषद के बैनर तले पुरोहित ज्ञापन देने के लिए कमिश्नर कार्यालय पहुंचे।

डालीगंज कार्यालय के गेट से ही पुरोहित शंख बजाते हुए ज्वाइंट कमिश्नर उपेंद्र अग्रवाल के कार्यालय में पहुंच गए। इस दौरान पुलिसकर्मी शंख बजाने से रोकने की मांग करते रहे। संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर विपिन पांडेय ने बताया कि ज्वाइंट कमिश्नर ने मामले में सिपाही के निलंबित होने की जानकारी दी। इसके साथ ही मामले में आरोपी सिपाही के खिलाफ अन्य कार्रवाई होने का आश्वासन दिया।

वहीं, पुरोहित कमिश्नर कार्यालय में मंत्रोचारण करते रहे। ज्वाइंट सीपी को ज्ञापन देने पहुंचे द्वारिका नाथ महाराज ने बताया कि आचार्य को सम्मान देने के बजाय पीटा गया है। आप किस प्रकार के हैं। किस प्रकार की वैवाहिक स्थिति है। इससे फर्क नहीं पड़ता। आपने बुलाया है तो सम्मान करिए। समाज शांत नहीं बैठेगा। जिस ढंग से संभव होगा। उसी तरह से आरोपी को दंड दिलाएंगे। आचार्य जय प्रकाश ओझा ने कहा कि पुरोहित को बेवजह पीटा गया है। इसी कारण यहां पर आए हुए हैं।

सकारात्मक सोंच की कला सीखनी होगी : डा. शिवाली

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सामाजिक संस्था दीप चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शनिवार दो मार्च को निराला नगर में मानसिक विकार और उसके निदान पर सारगर्भित परिचर्चा हुई। इसमें बताया गया कि व्यक्ति को पॉजिटिव सोच की कला सीखनी होगी। विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक प्रेरणा से व्यक्ति जल्द स्वस्थ हो सकता है। समारोह की मुख्य अतिथि पंचायती राज विभाग की एग्जीक्यूटिव ऑफि सर पीसीएस स्वाति गुप्ता थी। संस्था के सचिव दीप प्रकाश की अगुआई में यह आयोजन दो सत्रों में हुआ। पहले सत्र में एमिटी विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर और मनोवैज्ञानिक एवं प्रशिक्षक प्रो. डॉ. शिवाली ने भावनात्मक व्यवहार थेरेपी पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि जीवन को एक अवसर की तरह देखना चाहिए। जब भी जीवन में दिक्कत या परेशानी आए तब अपने एक्शन्स को इस तरह लेकर चलना चाहिए कि हम पॉजिटिव और हेल्दी कार्य कर रहे हैं।

एयरपोर्ट टर्मिनल सुरक्षा गार्ड की मौत पर परिजनों का मुआवजे को लेकर हंगामा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। कानपुर रोड स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर शुक्रवार देर शाम एयरपोर्ट पर सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात कर्मचारी पर लोहे का स्लाइडिंग गेट गिरने से गंभीर रूप से घायल की मौत की पुष्टि होने के बाद मृतक के परिजनों ने कम्पनी पर लापरवाही का आरोप लगाने के साथ मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुचे सरोजनीनगर प्रभारी शैलेन्द्र गिरि व कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने मृतक के परिजनों को समझने के साथ सिक्योरिटी कंपनी के अधिकारियों से वार्ता कर मृतक की परिजनों की सहमति के बाद मामला शांत होने के बाद मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि मूल रूप से भोगनियापुर कानपुर देहात निवासी रवि द्विवेदी 28 वर्ष पुत्र महेश नारयण द्विवेदी मूल निवासी सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित शान्ति नगर में पत्नी प्रियंका व 4 वर्ष बेटे आयूष व 2 वर्ष बेटी लाडों के साथ रहकर चौधरी चरणों से अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी कंपनी एमएसएफ मॉडर्न वीर सिक्योरिटी फोर्स में गार्ड के पद पर कार्यरत था। मृतक एक भाई एक बहन थे, बहन विवाहित हैं। परिजनों के अनुसार शुक्रवार देर शाम करीब 9:30 पर टर्मिनल 3 बिल्डिंग एरिया में ड्यूटी कर रहा था। टर्मिनल 3 एरिया में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का एक नया बैरक बनाया जा रहा। बैरक से पहले एक स्लाइडिंग गेट लगा हुआ था। स्लाइडिंग गेट में स्टॉपर न होने की वजह से जब रवि द्विवेदी ने गेट खोलने के लिए खिसकाया तो वह अचानक रवि के ऊपर गिर पड़ा।

लोहे का भारी गेट होने के कारण रवि गंभीर रूप से घायल हो गए। रवि की चीखने की आवाज अन्य लोगों ने सुनी तो वहां पहुंचकर किसी तरह रवि को गेट के नीचे से बाहर निकाल इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया था जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

साढ़े बारह लाख रू व मृतक की पत्नी को नौकरी की मांग पूरी होने पर मामला शांत हुआ। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि कम्पनी के ब्रांच मैनेजर सुशील मिश्रा द्वारा मृतक रवि की पत्नी को 10 लाख रुपये खाते में व ढाई लाख रुपये उसके माता पिता को नकदी दे पत्नी नौकरी देने का अस्वाशन दिया। जिसके बाद परिजन शांत हुए।

प्रोस्टेट के सुरक्षित एवं नवीन इलाज का माध्यम ROLIFT (PUL)

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। आधुनिक चिकित्सा की नवीनतम तकनीकों में एक बड़ा कदम आगे बढ़ाते हुए Dr. RMLIMS के युरोलॉजी विभाग मे प्रो0 एवं हेड डॉ ईश्वर राम धायल (Mch Urology) द्वारा प्रोस्टेट की समस्या के लिए RO-LIFT सर्जरी का आयोजन किया गया। प्रोस्टेट (सामान्य भाषा में गदूद) पुरूषो में प्रोस्टेट ग्रन्थि के बढ़ने के कारण होती है जिससे पेशाब सम्बन्धी जैसे बार-बार पेशाब आना, रूक रूक आना, पेशाब में जलन इत्यादि। ROLIFT सर्जरी एक मिनिमल इनवेसिव एवं नवीन तकनीक है, जो बिना बेहोशी या सुन्न के मात्र LOCAL ANESTHESIA मे हो सकती है। यह तकनीक उन मरीजो के लिए वरदान साबित होगी जिनको किसी कारणवश Anesthesia नही दिया जा सकता है। साथ ही इसमे ऑपरेशन के बाद Catheter या अस्पताल मे रूकने की आवश्यकता भी नहीं है। 01.03.2024 को ROLIFT सर्जरी Dr. RMLIMS के युरोलॉजी विभाग में दो मरीजो की ROLIFT SURGERY की गई इस मौके पर लन्दन North West Hospitals के डॉ0 राजेश कविया एवं डॉ0 आलोक श्रीवास्तव, डॉ0 सन्जीत सिंह, डॉ0 प्रशान्त चौहान, डॉ0 स्मारिका मिश्रा उपस्थित थे।

53.79 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश सरकार ने आठ लाख एक हजार से अधिक धान किसानों को 11745 करोड़ का भुगतान किया। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि धान खरीद 2023-24 के अंतर्गत प्रदेश में 53.79 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। सरकार ने कॉमन धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए धान का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया था। धान खरीद में लखनऊ मंडल शीर्ष पर रहा। यहां 7.52 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। बरेली में छह लाख 49 हजार मीट्रिक टन तो वाराणसी में छह लाख 18 हजार मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। वहीं लखनऊ व रामनगरी अयोध्या मंडल के एक लाख से अधिक किसानों से धान की खरीद की गई।

धान खरीद में लखनऊ मंडल शीर्ष पर रहा। यहां कुल 7.52 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। बरेली मंडल में 6.49 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। वाराणसी मंडल में 6.18 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद हुई। गोरखपुर मंडल में 5 लाख 9 हजार मीट्रिक टन धान खरीद हुई। अयोध्या मंडल में 5.78 लाख मीट्रिक टन, मुरादाबाद मंडल में 4.61 लाख मीट्रिक टन, प्रयागराज मंडल में 4.53 लाख मीट्रिक टन, देवीपाटन मंडल में 3.38 लाख मीट्रिक टन, बस्ती मंडल में 2.89 लाख मीट्रिक टन, मीरजापुर मंडल में 2.68 लाख मीट्रिक टन, आजमगढ़ मंडल में 2.12 लाख मीट्रिक टन, कानपुर मंडल में 1.81 लाख मीट्रिक टन, चित्रकूट धाम मंडल में 42 हजार मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई।

सूत्रों ने दावा किया कि सरकार ने धान खरीद में किसानों को काफी सहूलियत दी थी। इसका लाभ उठाते हुए किसानों ने अपने धान की बिक्री की। सर्वाधिक खरीद लखनऊ मंडल के किसानों से की गई। यहां एक लाख पांच हजार 925 किसानों से खरीद हुई। वहीं रामनगरी अयोध्या के एक लाख दो हजार 908 किसानों से धान खरीद हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जिले गोरखपुर के 91409 किसानों से धान की खरीद की गई, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के 90145 किसानों से धान खरीद हुई। बरेली मंडल में 79960 किसान, प्रयागराज मंडल में 78933 किसान, मुरादाबाद में 54604, देवीपाटन में 47242 किसान, मीरजापुर में 40831 किसान, आजमगढ़ में 38079 किसान, बस्ती मंडल में 36252 किसान, कानपुर में 24035 किसान, चित्रकूट में 7650 किसानों से धान खरीद की गई। पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश मिलाकर 5207 केंद्रों से कुल 801624 (आठ लाख एक हजार 624) किसानों से धान खरीद हुई।

एसजीपीजीआई में मिले स्वाइन फ्लू के 27 मरीज

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। पिछले दो महीनों से उत्तर भारत में वायरल ऊपरी श्वसन संक्रमण के छिटपुट मामले सामने आए हैं। लखनऊ स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में हुए 200 नमूनों के परीक्षण में 27 मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। एसजीपीजीआई के निदेशक डा. आर.के.धीमान ने बताया कि पिछले दो महीनों (जनवरी-फरवरी) में संदिग्ध इन्फ्लूएंजा रोगियों के 200 नमूनों का परीक्षण संजय गांधी पी जी आई, लखनऊ के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की वायरोलॉजी लैब में किया गया। इनमें से 27 (13त्न) नमूने स्वाइन फ्लू (इन्फ्लुएंजा ए (पीडीएम) 09 स्ट्रेन) के लिए पॉजिटिव थे। पॉजिटिव मरीज़ लखनऊ और आसपास के जिलों से थे और सभी में हल्के लक्षण थे, जिसमें उपचार से भली प्रकार से लाभ होता है। डा. आर.के.धीमान ने बताया कि इस वर्ष स्वाइन फ्लू के रिपोर्ट किए गए मामलों की संख्या पिछले दो वर्षों के आंकड़ों के समान है। इसलिए इस वर्ष लखनऊ क्षेत्र में स्वाइन फ्लू का कोई प्रकोप नहीं है। इसके अलावा हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले दिनों में जैसे-जैसे दिन का तापमान बढ़ेगा, वायरल श्वसन संक्रमण के मामलों में भारी कमी आएगी।

हबीब नगर कालोनी में एलडीए ने खाली करायी करोड़ों की जमीन

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की टीम ने जोन सात के अंतर्गत ऐशबाग क्षेत्र स्थित हबीब नगर कालोनी में करोड़ों रुपये के नजूल की जमीन खाली करायी। कमरुजमा नाम की एक महिला ने एलडीए की जमीन पर कब्जा किया था और हाईकोर्ट में चले कोर्ट केस में एलडीए की जीत हुई। इसके बाद एलडीए ने अपनी जमीन वापस लेने के लिए शनिवार को बुलडोजर लगाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। एलडीए के जोन सात के जोनल अधिकारी और उपजिलाधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि हाईकोर्ट में कोर्ट केस के दौरान एलडीए ने कोई कार्रवाई नहीं की। जैसे ही एलडीए के पक्ष में आदेश आया तो हाईकोर्ट के आदेश पर एलडीए ने अपनी कार्रवाई शुरु की। जिसमें कमरुजमा ने जमीन पर बड़ी दीवार बनाकर घेर रखा था। उस दीवार को आज गिराया गया है। कुछ अतिक्रमण बचा है तो उसे भी गिरा दिया जायेगा। शशिभूषण ने बताया कि शहर में नजूल की जमीन पर जहां भी कब्जा हुआ है, उसे खाली कराने का अभियान एलडीए चलाता रहता है।

अब बिजली विभाग की विजिलेंस टीम की हर बात होगी रिकार्ड

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। अब बिजली विभाग का विजिलेंस की रेड टीम और विभागीय जांच टीम का लोकेशन ट्रेस होने के साथ ही आडियो-वीडियो रिकार्डिंग भी होगी। इसका निर्णय पावर कारपोरेशन ने लिया। इसके लिए राज्य उपभोक्ता परिषद बहुत दिनों से संघर्ष कर रहा था। पावर कॉरपोरेशन द्वारा लिए गए इस निर्णय के तुरंत बाद उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल से बात की और प्रबंध निदेशक पंकज कुमार से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। उपभोक्ता परिषद का कहना है कि लम्बे समय से मांग के बाद यह निर्णय लिया गया है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को सभी बिजली कंपनियों के लिए पहले चरण में 300 बॉडी वॉर्न कैमरा विद ऑल सॉल्यूशन की खरीद करने का निर्णय लिया है। इसके

संक्षिप्त समाचार

बारिश व तेज हवाः फसलों का हुआ नुकसान

भरुआ सुमेरपुर। फरवरी में कहर बरपाने के बाद मार्च में भी कुदरत का कहर जारी है। शुक्रवार को देर शाम मौसम ने अचानक पलटी मारी और तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश शुरू हो गई। बारिश का क्रम शनिवार को भी जारी रहा। बारिश से कटी पड़ी मटर, मसूर, सरसों की फसल खराब होने की आशंका से किसान सहम गया है। साथ ही बारिश से फसलों की कटाई का कार्य ठप हो गया है। किसान शिवबहादुर सिंह, सुरेश कुमार, देवीदीन, राजू यादव, राजकुमार आदि में बताया कि तेज हवाओं के चलने से गेहूं की फसल गिर गई है। इससे उत्पादन में असर पढ़ने का खतरा बढ़ गया है। कुदरत के इस कहर से किसान सहम उठा है। किसानों ने कहा कि इस बारिश से किसी तरह का फायदा नहीं बल्कि नुकसान ज्यादा होने की आशंका है।

पुरानी रंजिश में सगे भाइयों को पीटा

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम सुरौली बुजुर्ग में पुरानी रंजिश को लेकर तीन लोगों ने दो सगे भाइयों को लाठियो से पीटकर लहुलुहान कर दिया। छोटे भाई ने तीनों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा कायम कराया है। सुरौली बुजुर्ग निवासी किशोर कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को शाम करीब 7:30 बजे उसके भाई बलराम सिंह, प्रमोद सिंह घर के दरवाजे पर बैठे थे तभी गांव निवासी अरुण सिंह, बालेन्द्र सिंह, राजेंद्र सिंह आए और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर तीनों ने लाठी डंडों से पीटकर लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज करके डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

प्रधानों ने ब्लॉक प्रमुख को किया सम्मानित

भरुआ सुमेरपुर। सपा के इकलौते ब्लॉक प्रमुख सपा का दामन छोड़कर फरवरी माह में भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा में शामिल होने के बाद वह शनिवार को पहली बार ब्लॉक कार्यालय आए। यहां पर नदेहरा प्रधान उदयभान सिंह यादव, बिरखेरा प्रधान अशोक यादव, मिहुना प्रधान प्रतिनिधि बबलू यादव, पूर्व प्रधान अरुण सोनकर, कलौली जार प्रधान अरविंद यादव, ठेकेदार लाला राम यादव, बिदोखर मेदनी प्रधान लालाराम यादव, विदोखर पुरई प्रधान सुंदरलाल प्रजापति, बिलहडी प्रधान जयनारायण विश्वकर्मा, देवगांव प्रधान जितेंद्र खरे आदि ने गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया।

शिवरात्रि में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

भरुआ सुमेरपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ सेवा संस्थान के तत्वाधान में कस्बे में भव्य शिवबारात निकाली जाएगी। यह जानकारी अमरनाथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने दी है। शनिवार को संपन्न हुए संस्थान की बैठक में भव्य शिवबारात गाजे बाजे के साथ निकालने की रणनीति तैयार करके सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सुरेश गुप्ता, रज्जन चौरसिया, दीपक गुप्ता, किशन गुप्ता रहे।

मॉडल शॉप व जन सुविधा केंद्र का हुआ लोकार्पण

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के विदोखर मेंदनी में शनिवार को गांव में नवनिर्मित मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) व जन सुविधा केंद्र का लोकार्पण सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने फीता काट कर किया। इस मौके पर सीडीओ चन्द्रशेखर शुक्ला ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जनता बाहर न जाकर इस सुविधा केंद्र से लाभ लें। इस मौके पर मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम में एसडीएम पवन प्रकाश पाठक, ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव, डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार, डीएसओ ब्रजेश कुमार शुक्ला, एपीओ विकास चंद्र, एडीओ पंचायत मनीष कौशिक, ग्राम पंचायत सचिव सालिनी सचान, अनामिका पाण्डेय,मंडल अध्यक्ष चक्रवर्ती शुक्ला, सुधेश द्विवेदी, श्याम नारायण मिश्रा, ग्राम प्रधान लालाराम यादव, सुन्दरलाल प्रजापति, रामखिलावन श्रीवास पलरा, जयनरायण विश्वकर्मा बिलहडी, उचित दर विक्रेता मधु गुप्ता सहित क्षेत्र के कोटेदार व ग्रामवासी मौजूद रहे।

भागवत श्रवण से होती है मोक्ष की प्राप्तिः आनंद

हमीरपुर। बड़ी आबादी वाले गाँव नायकपुरवा इचौली में पूर्व विधायक युवराज सिंह के हाता में चल रही श्रीमदभागवत ज्ञान सप्ताह के दूसरे दिन कथा व्यास पण्डित आनन्द भूषण जी ने बताया कि हिमालय राज की कन्या पार्वती जब बड़ी होने लगती है। तो पार्वती ने मन में प्रण लिया कि वह शिव को पति के रूप में प्राप्त करेगी। देवता भी शिव को मनाते हैं कि वह पार्वती से विवाह कर लें लेकिन शिव इसके लिए तैयार नहीं होते। तब माता पार्वती शिव को प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या करती हैं। तब मां पार्वती और भगवान शिव का विवाह होता है और देवता पुष्पों की वर्षा करते हैं। कथा श्रवण करने वालों में परीक्षित मधु हर्षराज सिंह, ऋषिराज सिंह, नवीन सिंह, राधे सिंह, नन्हूलाल यादव, अनिल कुमार, सीरज सिंह, बच्चू शिवहरे, चुन्नू सिंह, अमन सिंह, प्रताप सिंह, राजेन्द्र नाना, कल्लू आदि श्रोता रहे।

भाजपा संकल्प सुझाव पत्र का करेगी शुभारंभ

कानपुर। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा कानपुर महानगर उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि नरेंद्र मोदी का नारा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास इसी नारे के अनुरूप विकसित भारत यात्रा मैं देश के समस्त जनमानस का विचार एवं सुझाव जानने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ किया है इस विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान में आम जनमानस से नमो ऐप के द्वारा सुझाव पोस्टकार्ड के द्वारा सुझाव आमंत्रित किए हैं। इस अभियान के लिए सुझाव पत्र पेटिका को भाजपा कार्यालय नवीन मार्केट में प्रत्येक दिवस के दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे रखकर आम जनमानस का सुझाव लिया जाएगा और महत्वपूर्ण सुझावों को भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह विधायक सुरेंद्र मैथानी अरुण पाठक सुरेश अवस्थी विकास सिंह भोले सत्येंद्र नाथ पांडे जितेन्द्र शर्मा संतोष शुक्ला वीरेश त्रिपाठी अवधेश सोनकर मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई विनय पटेल आनंद मिश्रा अनुराग शर्मा राघवेंद्र मिश्रा सत्यम गुप्ता पारस मदान रोहित साहू पीयूष आनंद सरोज सिंह गुंजन शर्मा स्नेह लता दीक्षित आदि रहे।

पार्षद का इस्तीफा पत्र वायरल



कानपुर। बिजनेस के चलते क्षेत्र का कार्य कराने में असमर्थ हूँ इसलिए इस्तीफा दे रहा हूँ। एक पार्षद का इस्तीफा पत्र चर्चा का विषय बना हुआ है, जो कि खूब वायरल भी हो रहा है। कानपुर के ग्वालटोली वार्ड नं. 4 से पार्षद अंकित मौर्य का इस्तीफा पत्र जमकर वायरल हो रहा है। वायरल होने की खास वजह यह कि पार्षद के इस्तीफे पत्र में इस्तीफे की वजह बिजनेस है। इस्तीफा पत्र में लिखा है कि मैं अंकित मौर्य पार्षद वार्ड नं. 4 नगर निगम हम अपनी इच्छानुसार पार्षद पद से इस्तीफा पत्र नगर निगम से मांग करके क्योंकि बिजनेस को लेकर क्षेत्र का कार्य कराने में असमर्थ होने के कारण इस्तीफा देता हूं। इस इस्तीफे को लेकर पूरे ग्वालटोली समेत अन्य इलाकों में भी तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

बेटे की 'ऐश' में डूबा कारोबारी बाप का 'कैश'

टोबैको कंपनी मालिक के बेटे की लग्जरी लाइफ से आया आईटी के निशाने पर

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। शहर से दिल्ली और गुजरात कारोबार शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी के प्रतिष्ठानों पर दूसरे दिन शुक्रवार को भी आयकर की जांच चल रही है। इस दौरान आयकर टीमों को 4.5 करोड़ की नकदी और 2.5 करोड़ के जेवर मिले हैं। इसी के साथ रोल्स रॉयस फैंटम, फेरारी, लेम्बोर्गिनी, मिर्सिडीज, मैकलॉरेन, पोर्शे कारें मिली हैं। इनकी कीमत 70 करोड़ से ज्यादा है।

सौ करोड़ से ज्यादा की कर चोरी का अनुमान है। फर्म कागजों पर 25-30 करोड़ का टर्नओवर दिखा रही थी, जबकि जांच में सौ करोड़ से ज्यादा के टर्नओवर का पता चला है। विदेशी लग्जरी कारों का काफिला मिलने के बाद जांच का दायरा और बढ़ गया है। इन कारों को खरीदने के लिए कहां से धन आया, इसकी अलग से पूछताछ की जा रही है। इसी के साथ गुजरात के ऊंझा में लगाई गई फैक्टरी की फंडिंग के बारे में भी जांच चल रही है।

अफसरों से पूछताछ में पता चला है कि कच्चे पर्चे पर काम होता मिला है। ये कच्चे पर्चे बाद में फाड़ देने की आशंका है। आयकर के 50 से ज्यादा अधिकारियों की टीमों ने गुरुवार दोपहर बाद वंशीधर श्रीराम फर्म के रामगंज-नयागंज स्थित कार्यालय, शक्करपट्टी स्थित होटल, आर्यनगर स्थित आवास के साथ ही यहीं पर बने तीन प्रतिष्ठानों और दिल्ली के वसंत विहार स्थित आवास, गुजरात के ऊंझा स्थित फैक्टरी पर छापा मारा था।

सूत्रों के अनुसार, रामगंज में कारोबारी का पुराना कार्यालय है। पहले कारोबारी आर्यनगर में रहते थे। सालों पहले वह दिल्ली चले गए और कारोबार अहमदाबाद शिफ्ट कर दिया। ये सभी प्रमुख पान मसाला कारोबारियों को बड़े पैमाने पर तंबाकू सप्लाई करते हैं। दिल्ली स्थित आवास से 4.5 करोड़ की नकदी मिली है। फर्म के संचालक मुन्ना मिश्रा हैं, उनका बेटा शिवम मिश्रा कारोबार देखता है। बेटे के आवास से विदेशी लग्जरी कारें मिली हैं। कानपुर से कारोबार शिफ्ट होने के बाद भी फर्म का पंजीयन यहीं से चल रहा है।

बताया गया कि फर्म बीते सालों में कम आयकर जमा कर रही थी, जबकि टर्नओवर और आय ज्यादा थी। शुरूआती जांच में सौ करोड़ से ज्यादा का टर्नओवर का पता चल रहा है, जो बढ़ भी सकता है।

दरअसल, ऊंझा की फैक्ट्री बहुत बड़ी है। यहां पर तंबाकू, पत्ती आदि का स्टॉक भी बहुत मिला है। बताया गया कि कानपुर समेत देश भर के सभी प्रमुख पानमसाला कारोबारियों को तंबाकू और पत्ती की सप्लाई की जाती है। कुछ समय से फर्म के कारोबार पर निगाह रखी जा रही थी। फर्म के पुराने रिटर्नों का डाटा फिल्टरेशन किया गया।

सप्लाई चेन चेक करने के बाद बड़े पैमाने पर कर चोरी की आशंका पर कार्यवाही की गई। सूत्रों ने बताया कि बोगस इंट्री के जरिए काली खपाई को एक नंबर का बनाया जा रहा था। किसी दूसरे नाम के व्यक्ति को माल सप्लाई करके चेक के जरिए भुगतान करना दिखाया जाता था, जो हकीकत में नहीं था।

ढाई करोड़ की हीरा जड़ित घड़ियां बरामद

नयागंज स्थित रामगंज में भी इनकम टैक्स के अफसर दस्तावेजों को खंगालने में जुटे हुए हैं। इन सबके बीच केके मिश्रा के ठिकानों से पांच महंगी घड़ियां भी मिली हैं। इन घड़ियों में ढाई करोड़ की हीरा जड़ित एक घड़ी भी मिली है, जिसकी तस्वीरें सामने आयी हैं। पहले कार और फिर लग्जरी घड़ियों को देखकर ही केके मिश्रा परिवार की लाइफस्टाइल का पता लगाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि घड़ियों की वैल्युएशन के लिए वैल्युअर को भी बुलाया गया है। इनकम टैक्स अफसरों ने पूछताछ के दौरान कंपनी के मालिकों से इस बात को लेकर भी सवाल किए कि अगर कंपनी का टर्नओवर 25 करोड़ का ही तो इतनी महंगी महंगी गाड़ियां किस तरह से आयीं।

दुबई से शौहर ने दिया 'ट्रिपल तलाक', एफआईआर दर्ज

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। अनवरगंज की पीड़िता इरमशफी ने पुलिस को बताया कि उनका निकाह जिला फतेहपुर के ललौली निवासी वकारूल हाशमी से बांसमंडी में हुआ था। उन्होंने बताया कि शादी में परिजनों ने सात लाख रुपये से ज्यादा दिए थे। लेकिन ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे। इसी कारण वह अक्सर अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहते थे। महिला ने पुलिस को बताया कि के पति काम के सिलसिले में दुबई चले गए तो ससुरालीजनों ने तकलीफें देना और परेशान करना शुरु कर दिया। इस दौरान परिवारीजन पति को तलाक देने के लिए उकसाते रहते थे। आरोप है कि बीते वर्ष 13 अक्टूबर को पति ने दुबई से फोन पर सब तरह से तलाक देने की बात कही। परिजनों को पूरी बात बताई तो वह ससुराल पहुंचे जहां ससुलारीजनों ने मारपीट की। जिसके बाद वह मायके आ गई। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से मामले की शिकायत की। अनवरगंज प्रभारी निरीक्षक नीरज ओझा ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज और मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम 2019 संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी गई है।

आरटीई के लिए आवेदन सोमवार से

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। सोमवार से पहले चरण के प्रवेश निजी स्कूलों में शुरू हो जाएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को दूसरे चरण के तहत 49 आवेदन हुए। दूसरे चरण में आवेदन करने वाले वे अभिभावक शामिल हो रहे हैं जो पहली लॉटरी से बाहर हो गए थे। इसके अलावा आवेदनों के निरस्त होने और मनचाहा स्कूल न पाने वाले बच्चों के आवेदन भी दूसरे चरण में किए जा सकेंगे। उधर 26 को पहले चरण की लॉटरी जारी होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सभी 428 स्कूलों को पत्र जारी कर दिया गया है। इन पत्रों स्कूल में प्रवेश पाने वाले बच्चों का विवरण व आदेश शामिल है।

शिफ्ट होने लगी रामादेवी सब्जी व फल मंडी

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन द्वारा रामादेवी यातायात के अत्यधिक दबाव के मद्देनजर रामादेवी में संचालित सब्जी एवं फलमण्डी को स्थानान्तरण करने के निर्देश पर स्थानान्तरण की कार्यवाही प्रारम्भ हो गयी। इसी कार्यवाही के तहत रामादेवी चैराहे, सब्जीमण्डी एवं फलमण्डी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मो0 आवेश अपर नगर आयुक्त , अवनेन्द्र सिंह अपर नगर आयुक्त, क0 आलोक नारायण प्रभारी प्रवर्तन, अनिरूद्ध कुमार जोनल अधिकारी-2, सुशील कुमार यादव जोनल स्वच्छता अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। आज प्रातः से आवेश खॉ अपर नगर आयुक्त के नेतृत्य में रामादेवी सब्जी व मण्डी विक्रेताओं एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। मौके पर लगभग 300 सब्जी एवं फल विक्रेताओं को हटाया गया। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार सर्वप्रथम थोक विक्रेताओं को रामादेवी से रूमा की ओर हस्तान्तरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी। नगर आयुत ने प्रवर्तन दल के क0 आलोक नारायण को सख्त निर्देश दिये गये कि निरन्तर प्रतिदिन अभियान चलाते हुए रामादेवी से फल एवं सब्जी मण्डी का हटाते रहे। इस कार्यवाही के पश्चात् रामादेवी चौराहे के चारों ओर का यातायात सुगम हो जायेगा।

टिकट मेरी जेब में! का बयान हुआ सच

तीसरी बार अकबरपुर लोक सभा क्षेत्र से देवेंद्र भोले सिंह को टिकट मिली

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। कानपुर देहात से लेकर शहर तक की राजनीति में भरोसेमंद और जिताऊ नेता साबित होना ही देवेंद्र सिंह भोले की टिकट का आधार बना। पार्टी ने जहां इस बार कई सांसदों की टिकट काटी है। वहीं अकबरपुर लोकसभा से फिर उनपर दांव खेला है। इसके पीछे मौजूदा सांसद भोले का लंबा सियासी सफर है और उसमें जुड़ी सफलताएं हैं। बताते चलें कि कानपुर देहात क्षेत्र के राजनीतिक पहलवान रहे भोले ने पहली सफलता ब्लॉक स्तर पर हासिल की। वह 1988 में ब्लॉक प्रमुख का चुनाव जीते। फिर यहां से कदम बढ़ाए तो राम लहर ने उनके लिए लखनऊ के रास्ते खोल दिए। पहली बार भाजपा ने उन्हें 1991 में डेरापुर विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया। इस चुनाव में जीते भोले को पार्टी ने 1996 में दोबारा मैदान में उतारा।

वह जीते तो 1997 में प्रदेश सरकार में मंत्री पद से नवाजे गए। मगर, इसके बाद 2002, 2007 और 2012 का विधानसभा चुनाव वह हार गए। तीन चुनावों में मिली असफलता के बाद भाजपा ने 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में उन पर फिर भरोसा जताया। मोदी लहर में वह जीते और सांसद बन गए। 2024 के चुनाव में एक बार फिर अकबरपुर लोकसभा सीट से मैदान में हैं।

फागुन के महीने में सावन जैसी बारिश

शनिवार को रिमझिम बरसात, अब गिरेंगे ओले

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता और विपरीत चक्रवाती हवाओं की वजह से शुक्रवार रात 11 बजे से ही शहर में अधिकांश क्षेत्रों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। सीएसए के मौसम विभाग के प्रमुख ने बताया कि बारिश और तेज हवाओं को सिलसिला अगले दो दिनों तक चलने की संभावना है। इस बीच कहीं-कहीं पर ओले भी पड़ सकते हैं। दिन में हवा की रफ्तार 4.1 किमी प्रति घंटा जबकि रात में छह किमी प्रति घंटा रही। मौसम में बदलाव होने की वजह से पिछले कई दिनों से तेजी बढ़ रहे दिन और रात के तापमान में गिरावट आ सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, भूमध्य सागर और अरब सागर से एक साथ उठने वाली चक्रवाती हवाओं ने पूरे देश के मौसम में बदलाव किया है। उन्होंने बताया कि वैसे तो मौसम में बदलाव अगले 14 मार्च तक रहने की उम्मीद है, लेकिन चार मार्च के बाद बीच-बीच में उतार-चढ़ाव रहेगा। इस बीच अधिकतम तापमान दो डिग्री बढ़कर 29 डिग्री और न्यूनतम दो डिग्री कम होकर 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सेमीफाइनल से पहले खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कानपुर। रविवार से शुरू होने वाले मुकाबले के लिए यूपी के खिलाड़ी काली मिट्टी से बनी पिच को अच्छी तरह पहचानते हैं, जबकि मुंबई की टीम ने शुक्रवार को प्रैक्टिस के साथ पिच को समझा। तीन बार खिताब जीत चुकी मुंबई फिर ट्राफी पाना चाहती है, वहीं दूसरी बार जीत के लिए यूपी टीम भी तैयार है। यूपी टीम के कप्तान समीर रिजवी और कोच मो. आमिर के नेतृत्व में शुक्रवार को खिलाड़ियों ने वार्मअप, फिटनेस संबंधी अभ्यास कर नेट पर खूब पसीना बहाया। टीम के बल्लेबाज स्वास्तिक चिकारा, आराध्य यादव, आदित्य शर्मा, पार्थ जैन और कप्तान ने गेंदबाजों का डटकर सामना किया, वहीं कुणाल त्यागी, रितुराज शर्मा, विपराज निगम ने गेंदबाजी की।

मैनपुरी बनेगा प्रदेश का ग्रोथ इंजनः जयवीर सिंह

मैनपुरी (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक, पुरातात्विक महत्व की विरासत को संरक्षित रखने के लिए रू. 62.61 कीरोड़ की लागत से मैनपुरी में सांस्कृतिक केंद्र का शिलान्यास करते हुए कहा कि प्रदेश का सबसे अत्याधुनिक संग्रालय, प्रेक्षागृह, बहुद्देशीय हॉल का निमार्ण होगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के अथक प्रयासों से ऑडिटोरियम के लिये भूमि आवंटित हो सकीं, प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की विशेष कृपा से कैबिनेट में प्रस्ताव पास कराकर प्रेक्षागृह के लिए यह भूमि आवंटित हो सकी, 37 बीघा जमीन में आगरा से बेहतरीन सुविधाओं से सुसज्जित, डिजिटल म्यूजियम का निमार्ण होगा, इसमें मैनपुरी का इतिहास, भविष्य सुरक्षित रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनपद को जल्द ही 700 करोड़ की लागत से बाईपास की सौगात भी मिलेगी, बाईपास निमार्ण का आगणन शासन में लंबित है, मुख्यमंत्री की कृपा से जल्द ही जनपद को यह सौगात भी मिलेगी, बाईपास बनने से मैनपुरी की तस्वीर-तकदीर बदलेगी। पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री ने कहा कि केन्द्र-प्रदेश सरकार की नीतियों, विकास कार्यक्रमों का लाभ पाकर आज समाज का प्रत्येक वर्ग खुशहाल है। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लंबी प्रतीक्षा के बाद आज जनपद में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ऑडिटोरियम का शिलान्यास हुआ है।

शिलान्यास कार्यक्रम को पैक्सफेड के अध्यक्ष प्रेमसिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष राहुल चतुवेर्दी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान राम बाबू कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोविंद भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख जागीर मुनेष चैहान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्यपाल यादव, बृजेन्द्र सिंह, विशाल बाल्मीकि, पूव ंजिलाध्यक्ष प्रदीप चैहान, शिवदत्त भदौरिया, बबलू पाण्डेय, भूपेन्द्र यादव आदि रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवसः 45 मामलों में से 5 का हुआ निस्तारण

पुरवा उन्नाव (स्पष्ट आवाज)। सम्पूर्ण तहसील दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी प्रेमशंकर मीणा ने किया जिसमें 45 मामले पहुंचे जहां 05 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील मुख्यालय सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने फरियादियों की फरियाद सुनते हुए 45 शिकायतो में पाँच मामलों का मौके पर निस्तारण करवाया जिसमें राजस्व 25, पुलिस 09, नगर पंचायत 04 अन्य 07, मामले पहुंचे। ग्राम अजयपुर निवासिनी बिटइया पत्नी अजयकुमार ने शिकायती पत्र देते हुऐ बताया कि उसका पति अस्वस्थ्य रहते है जिसकी वजह से कही काम पर नही जाते है उसके पाँच छोटे छोटे बच्चे बुजुर्गी मकान मे रह रहे है जब बारिश के समय मे छत टपकती है जिससे कभी भी कोई घटना हो सकती है उसको शौचालय का भी लाभ आज तक नही मिला जिससे पूरा परिवार शौच के लिऐ आज भी जंगलो मे जाता है। पप्पू पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी दुर्गापुर ने बताया कि उसके पिता ठाकुर प्रसाद को वृद्धावस्था पेशन मिलती थी लेकिन कुछ माह से पेंशन प्राप्त नही हुई। छोटेलाल पुत्र अंगनू प्रसाद ग्राम रामनगर मजरे जेरा निवासी ने बताया कि उसका घरेलु विधुत कनेक्शन है जिसमे विभाग के अधिकारी ने बगैर मीटर रीडिंग के भारी भरकम निकाल दिया जाँच कराने की माँग की। इस दौरान दिवस मे सीओ सोनम सिंह, उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, वीडियो संतोष श्रीवास्तव सहित राजस्व कर्मी, आदि मौजूद रहे।

नत्थू लाल के सिद्धांतों पर चलकर कराएंगे गजट क्रियान्वयन

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। संघर्ष समिति सहित अधिवक्ता हितों के लिए जीवन पर्यंत संघर्षरत रहे स्व0 नत्थू लाल सचान का जयंती समारोह मनाया गया। जयंती समारोह में सर्वप्रथम पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि नत्थू लाल सचान अद्वतीय प्रतिभा के धनी थे बिल्हौर घाटमपुर के न्यायिक क्षेत्राधिकार के नगर वापसी संघर्ष को वर्षों तक संविधान प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत लड़ा अंततः संघर्ष को जनहित में पाते हुए प्रदेश सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल द्वारा गजट जारी कर दोनों तहसीलों के न्यायिक क्षेत्राधिकार को माती कानपुर देहात से हटाकर वापस कानपुर नगर में जोड़ दिया गया किंतु गजट का क्रियान्वयन अभी नहीं हुआ है हम नत्थू लाल सचान के आदर्शो और सिद्धांतों पर चलकर गजट क्रियान्वयन कराएंगे और दोनों तहसीलों की पत्रावलियां वापस कानपुर नगर लाकर रहेंगे। अंत में सभी ने सचान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हुए श्रद्धांजलि दी। प्रमुख रूप से भानु प्रताप द्विवेदी अरविन्द दीक्षित कैलाश सचान, निशा सिंह, गायत्री मिश्रा, सचिन अवस्थी, रवीन्द भूषण सिंह, विनायक तिवारी, मदन मिश्रा, उपेंद्र भदौरिया, संजीव कपूर इंद्रेश मिश्रा नूर आलम राजुल यादव शिवम गंगवार के के यादव प्रियम जोशी आदि रहे।

डीएमः शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)। तहसील कायमगंज के सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी द्वारा इस दौरान तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण भी किया गया निरीक्षण के दौरान तहसील में अलमारियों में रिकॉर्ड अव्यवस्थित तरीके से रखे हुये पाये गये जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी कोर्ट का निरीक्षण भी किया गया द्य तहसील दिवस में कुल 156 शिकायते प्राप्त हुई जिनमे राजस्व विभाग की 65, विधुत 35, पुलिस 23 विकास विभाग 11 पूर्ति विभाग 05 व अन्य की 17 शिकायते आई 08 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता जिस भी अधिकारी के पास अपनी शिकायत लेकर जाए उसका तत्काल निस्तारण किया जाए शिकायत के निस्तारण में किसी भी प्रकार के लापरवाही मिलती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने में देर नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों का तत्काल निस्तारण हो जिसकी वजह से फरियादी को बार-बार चक्कर ना काटना पड़े द्यइस अवसर पर कायमगंज विधायक डॉ सुरभि गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या - 80/मु0अभि0/2023-24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्तवपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ई-निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :- 16 दिनांक 07.03.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक-पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

पत्रांक : 409, दिनांक : 02.03.2024

लालगंज वासियों को जाम की समस्या से मिलेगी निजात

● क्षेत्रीय लोगों ने मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का जताया आभार, लालगंज रायबरेली फोरलेन एवं लालगंज लखनऊ बाईपास के निर्माण को मिली मंजूरी, छः महीने के भीतर शुरू होगा निर्माण कार्य

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) लालगंज वासियों व क्षेत्रीय लोगों ने लालगंज रायबरेली फोरलेन एवं लालगंज लखनऊ बाईपास रोड के निर्माण की योजना स्वीकृत होने पर खुशी जताई है ।क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि लालगंज रायबरेली फोरलेन एवं लालगंज लखनऊ बाईपास मार्ग बनने से लालगंज वासियों को जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी।

क्षेत्रीय लोगों ने प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रयासों व उनके आग्रह पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मन्त्री नितिन गडकरी ने तुरंत हामी भरते हुए उनके द्वारा की गई सभी मांगों को पूरा करते हुए 6 महीने के भीतर सड़क निर्माण प्रारंभ करवाए जाने की बात कही। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा घोषणा किए जाने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

भाजपा नेता अनूप पांडे ने कहा कि लालगंज क्षेत्रवासी वर्षों से जाम की समस्या से जूझ रहे थे। किसी ने भी लालगंज की ओर ध्यान नहीं दिया। शुक्रवार को रायबरेली जीआईसी ग्राउंड में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम में उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा लालगंज के लोगों की समस्या को देखते हुए उनके द्वारा जो प्रस्ताव दिए गए, उन पर केंद्रीय मंत्री ने तुरंत हामी भरते हुए 6 महीने के भीतर निर्माण कार्य शुरू करवाए जाने की बात कही। भाजपा नेता ने कहा कि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के इस प्रयास की हम लोग प्रशंसा करते हैं।

भाजपा नेता यतीन सिंह ने कहा कि लालगंज और रायबरेली वासियों को पहले उन्नाव कानपुर जाने के लिए खराब सड़क से होकर गुजरना पड़ता था ।भाजपा सरकार में लालगंज से उन्नाव व कानपुर के लिए फोर लेन सड़क का निर्माण हो चुका है। जिससे अब लोगों की समस्या का समाधान हो गया है। परंतु लालगंज से रायबरेली और रायबरेली से कानपुर जाने वालों को अभी समस्या हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रयासों से लालगंज रायबरेली फोरलेन एवं लालगंज लखनऊ बाईपास रोड बनवाए जाने का केंद्रीय मंत्री ने जो वादा किया है, इससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस कार्य के हो जाने से रायबरेली से वाया लालगंज, कानपुर उन्नाव सीधा संपर्क हो सकेगा। इसके साथ ही लालगंज में जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

भाजपा नेता नागेंद्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लालगंज और रायबरेली के लिए कुछ भी नहीं किया। आज भाजपा सरकार में चारों ओर सड़कों का जाल बिछ रहा है। जो कार्य कांग्रेस सरकार में बहुत पहले हो जाने चाहिए थे, वह कार्य कांग्रेस सरकार ने नहीं किए।आज मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रयासों से लालगंज वासियों को बहुत बड़ा तोहफा मिला है । हम लोग मंत्री के प्रयासों की प्रशंसा करते हैं। सभासद दीपक मिश्रा ने कहा कि मन्त्री दिनेश प्रताप सिंह रायबरेली के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं।उनके द्वारा लगातार जिले का विकास करवाया जा रहा है, जो कि अत्यंत सराहनीय है। लालगंज वासी उनके द्वारा कराए जा रहे कार्यों से अत्यधिक प्रसन्न हैं। बैसवारा इंटर कॉलेज के सह प्रबंधक बीपी सिंह ने मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह वास्तव में विकास पुरुष हैं। उनके द्वारा ही रायबरेली जिले का विकास संभव है। उनके ही प्रयासों से जिले में चारों ओर विकास कार्य दिखाई पड़ रहे हैं और आगे भी उनके द्वारा जिले का विकास होता रहेगा। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा की गई घोषणाओं से रायबरेली की संपूर्ण जनता काफी प्रसन्न है। रायबरेली जिले में अब सड़कों का जाल चारों तरफ दिखाई पड़ रहा है। रायबरेली की सड़कें फोर लेन और सिक्स लेन में तब्दील हो रही हैं। रायबरेली शहर अब अन्य शहरों से सीधे संपर्क में रहेगा। कहीं भी आने-जाने में लोगों को मुसीबतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सड़के अच्छी हो जाने से रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे और रायबरेली जिले का विकास हो सकेगा। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के इन प्रयासों से क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। सभी ने मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया बंगला चक में निर्मित अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन से प्रदेश में नवनिर्मित 1100 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) के लोकार्पण तथा 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेईंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों द्वारा खाद्यान्न वितरण कार्य का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर विकास खण्ड रिसिया के ग्राम पंचायत बंगला चक में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन पर आयोजित कार्यक्रम में मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड के प्रतिनिधि रणविजय सिंह, प्रमुख रिसिया के प्रतिनिधि संजय जायसवाल, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, बीडीओ रिसिया विनोद यादव, पूर्ति निरीक्षक हरीश चन्द्र दुबे, ग्राम प्रधान उमा देवी, उचित दर विक्रेता सरोज सिंह सहित अन्य के साथ नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन के शिलालेख का अनावरण किया। इस अवसर पर गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के सम्बन्ध में डीएसओ ने बताया कि लागू व्यवस्था के तहत जिले की उचित दर दुकानों पर ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगाने के पश्चात कार्डधारकों को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। परन्तु अब जनपद की समस्त 1300 उचित दर दुकानों पर ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों की स्थापना की जायेगी। उन्होंने बताया कि ई-पॉस मशीन पर कार्डधारक के अंगूठा लगाने के पश्चात ई-वेईंग मशीन पर अनुमन्य खाद्यान्न की तौल करने के उपरान्त ही कार्डधारक को खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि जनपद में ई-वेईंग स्केल प्राप्त हो गयी है, जिनके स्टाम्पिंग का कार्य प्रगति पर है। जिले के उचित दर विक्रेताओं को मशीन संचालन का प्रशिक्षण देने के उपरान्त समस्त दुकानों को ई-वेईंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों से आच्छादित कर दिया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत 75 उचित दर दुकानों को अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) के रूप में विकसित किया जाना है। अब तक 40 अन्नपूर्णा भवन के निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। अन्नपूर्णा भवनों पर सीएससी सहित सहित, राशन प्राप्त करने वाले कार्डधारकों के बैठने हेतु उचित स्थान होगा। उपायुक्त, श्रम रोजगार ने बताया कि जनपद में 39 अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। आगामी 01 सप्ताह में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण कर इन्हे पूरी क्षमता के साथ संचालित करा दिया जायेगा।

गौशाला, गोवंश की दुर्दशा पर बीडीओ सलोन को दिया ज्ञापन

परशदेपुर रायबरेली (स्पष्ट आवाज)। छतोह ब्लाक के खेरवा मजरे लखापुर में बने अस्थायी गौशाला की दुर्दशा पर लोगों नें धरना प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता किसान एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सदा शिव पाण्डेय ने किया। धरने का नेतृत्व रामाश्रय ने किया। उसके बाद खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन भी दिया और मांग रखी कि उचित बैरी केटिंग न होने से पशु आसपास की फसलों को

नष्ट कर रहे हैं। इसकी उचित व्यवस्था हो। गोशाला के मवेशियों से जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई की जाय।गोवंश की संख्या देखते हुये छतोह में अन्य और गोशाला का निर्माण हो। खण्ड विकास अधिकारी वीरेन्द्र वर्मा ने मांग पत्र को लेकर विश्वास दिलाया कि आप लोगों की मांगों को पूरा किया जाएगा। इस मौके पर ,आदित्य पाण्डेय, बंशी लाल ,बाबू खान, मो. इलियास, बिन्दादीन, कन्हैया व बहुत से किसान उपस्थित रहे।

मैच में राज्यकर विभाग की टीम रही विजयी

● वाणिज्य कर विभाग के स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ मैत्री क्रिकेट मैच

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। वाणिज्य कर विभाग, उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर इन्दिरा गाँधी स्पोर्टस स्टेडियम में बृहस्पतिवार को अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों के मध्य टी-20 किक्रेट मैत्री मैच का आयोजन किया गया। उपायुक्त योगेश द्विवेदी की कप्तानी में राज्य कर विभाग की टीम जीएसटी-11 ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 बिकेट के

नुकसान पर 141 रन बनाया। जवाब में अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों की टीम द्वारा निर्धारित 20 ओवर में 8 बिकेट के नुकसान पर 130 रन ही बना पायी। इस प्रकार सहायक आयुक्त प्रशान्त खेवारिया के आलराउण्डर प्रदर्शन से राज्य कर विभाग की टीम ने टी-20 किक्रेट मैत्री मैच में 11 रन से बिजय प्राप्त किया। मैत्री मैच में जीएसटी-11 के ओर से सहायक आयुक्त प्रशान्त खेवारिया ने सर्वाधिक 40 रन व सीनियर असिस्टेन्ट राजीव चौधरी ने 28 रन का योगदान दिया। जबकि अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों की टीम की तरफ से असीम बिहारी द्वारा 60 रन बनाया गया। जीएसटी-11 के ओर से सर्वाधिक विकेट सहायक आयुक्त प्रशान्त खेवारिया व सहायक आयुक्त मधुसूदन सिंह ने 02-02 विकेट लिए तथा अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों की टीम की तरफ से सगीर मैकरानी ने 03 विकेट व सादिक खान ने 02 विकेट लिया।

प्रगतिशील कृषक ने 1 बीघे में दस हजार रूट स्लिप का रोपण किया

प्रतापगढ़। डीएम संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा के नेतृत्व में उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव के सहयोग से लेमन ग्रास की खेती एवं मूल्य संवर्धन कर उनके उत्पाद को बढ़ावा की अभिनव पहल पर कृषकों को प्रशिक्षण दिलाया गया और उनको सीआईएमएपी लखनऊ में भ्रमण भी कराया गया जिससे प्रेरित होकर ग्राम छीटपुर विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथधाम के निवासी प्रगतिशील कृषक रणजीत सिंह एवं हरीश कुमार दूबे के द्वारा लगभग 1 बीघे में दस हजार रूट स्लिप का रोपण कर शुभारम्भ किया गया, इस अवसर पर उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने भी रूट स्लिप का रोपण किया।

वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में देश का प्रतिनिधित्व कर रहीं वैष्णवी

प्रतापगढ़। पीबीपीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी के प्राचार्य की बेटी वैष्णवी श्रीवास्तव ने देश का नाम रोशन किया है। रूस की ओर से आयोजित होने वाले वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में वैष्णवी भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। चयनित होने पर कालेज के शिक्षकों ने प्राचार्य का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। वैष्णवी का चयन यूथ फेस्टिवल के यंग आईटी प्रोफेशनल फॉर कंप्यूटर कैटेगरी में हुआ है। इस कैटेगरी में देशभर से 200 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। इनमें वैष्णवी की उम्र 20 साल है। वैष्णवी कहती हैं कि यूथ फेस्टिवल में शामिल होने के लिए एक साल तक चयन प्रक्रिया चली। निबंध लिखने के साथ इंटरव्यू के कई राउंड हुए। अंतिम राउंड के इंटरव्यू में एक मिनट के भीतर तीन सवालों के जवाब देने के बाद उनका चयन हुआ है।

भाजपा की विकसित भारत संकल्प पत्र पेटिका लांच

● सभी का सुझाव लेकर इस पत्र पेटिका को सीधा प्रधानमंत्री के पास भेजा जाएगा

बलरामपुर। आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए आम जन का सहयोग व सुझाव जरूरी है। विकसित भारत मुहिम को पूरा करने और सभी का सुझाव लेने के लिए भाजपा की तरफ से विकसित भारत संकल्प पत्र पेटिका लांच किया है। सभी का सुझाव लेकर इस पत्र पेटिका को सीधा प्रधानमंत्री के पास भेजा जाएगा। यह अभियान आठ मार्च तक चलाया जाएगा। यह बातें भाजपा कार्यालय अटल भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि जिले के 22 स्थानों पर विकसित भारत संकल्प पत्र पेटिका लगाई जाएगी। इसके अलावा नमो ऐप पर कोई भी व्यक्ति सीधा अपना सुझाव भेज सकता है। सदर विधायक पल्टूराम एवं तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में देश और प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा सरकार की नीतियों और उपलब्धियों के चलते पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री की नेतृत्व क्षमता एवं दूरदर्शिता का लोहा पूरी दुनिया ने माना। भाजपा सरकार ने 2047 तक पूर्ण विकसित भारत का जो संकल्प लिया है उसमें आम जन का सहयोग जरूरी है। जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी एवं भाजपा अवध क्षेत्र के सह संयोजक विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है। भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। 47 तक देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करके भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में सरकार सफल होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अनूप गुप्ता, अजय सिंह पिंकू, वरूण सिंह मोनू, बृजेंद्र तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी, राम करन मिश्र, अवधेश तिवारी, राम प्रताप सिंह, जनमेजय सिंह व रवि मिश्रा सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

उद्यानमंत्री ने प्रारंभ की सेवा संकल्प यात्रा

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जनपद वासियों की सेवा के लिए संकल्प की सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड खीरों के चांदे मऊ से अपनी पदयात्रा आरंभ की। पदयात्रा भीतरगांव, खीरों,अतरहर,लल्ला खेड़ा,गोनामऊ,दृग्पालगंज,पाहो,दुकनहा, बनई मऊ बाजार,रमुवापुर,सेमरी, महारानीगंज तथा खपुरा चौराहे तक गयी। पदयात्रा के दौरान उन्होंने जनसभा और चौपाल लगाकर लोगों की समस्याए सुनीं। उनके पदयात्रा में वि0 ख0 क्षेत्र के स्थाई जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। उन्होंने स्थाई प्रतिनिधियों के साथ मिलकर लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि वह उनकी बात सरकार तक अवश्य पहुंचाएंगे । साथ ही उनके समस्याओं के समाधान के लिए

हर संभव प्रयास करेंगे। उनके सामने बिजली, पानी ,सड़क, सुरक्षा जैसी समस्याएं आयीं।जिसके लिए उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर इन समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने का प्रयास किया जाएगा।

दो पक्षों में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

महराजगंज ,रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)कोतवाली क्षेत्र के दरियावगंज मजरे कोटवा मदनिया में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी सुनी गाली गलौज के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दो महिलाओं सहित एक अन्य को चोटें आई हैं।पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर बीती देर रात 9 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।एक पक्ष के नीरज पुत्र इंद्रपाल ने बताया कि विपक्षियों द्वारा उसकी जमीन पर लगे लहसुन के खेत में कूड़ा फेंका गया। जिसका विरोध करने पर प्रकाश पुत्र रमहेत संजय पुत्र रामहेत राम प्रकाश की पत्नी व ग्राम प्रधान शत्रोहन वर्मा द्वारा गाली गलौज करते हुए उसे जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं दूसरे पक्ष की कलावती पत्नी राम हेत ने बताया कि उसकी बहु सावित्री कन्डा लेने गई हुई थी, तभी विपक्षी नीरज पुत्र इंद्रपाल, धीरज पुत्र इंद्रपाल, मालती पत्नी संतलाल, लवकुश पुत्र बृजपाल बृजलाल पुत्र लाला ने जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। उसके पति द्वारा इसका विरोध करने पर दबंगों द्वारा दोनों के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर दो महिलाओं सहित नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

एडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

● समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया

बलरामपुर। शासन के मंशानुरूप आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु तहसील तुलसीपुर सभागार में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। अन्य शिकायतों का संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए तीन दिवस के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संवेदनशील/अतिसंवेदनशील सभी विवादों को गंभीरता से लिया जाए एवं अति सक्रियता के साथ निस्तारण किया जाए। जिन विभागों से जुड़ी शिकायतें ज्यादा आ रही है, संबंधित अधिकारी इसका आंकलन करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार करें एवं फील्ड में जाकर प्रमुखता से जनसमस्याओं को हल करें। संपूर्ण समाधान दिवस तुलसीपुर में 36 में से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार, एसडीएम तुलसीपुर अभय कुमार सिंह, तहसीलदार प्रमेश कुमार, नायब तहसीलदार सुबेन्द्र कुमार, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, सीएमओ डा मुकेश कुमार, डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय, बीएसए कल्पना देवी, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, मत्स्य अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, नलकूप, चकबन्दी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे। संपूर्ण समाधान उतरौला में एसडीएम अवधेश कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव द्वारा फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान 32 शिकायती प्रार्थना पत्र में से 01 का निस्तारण किया। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे, जबकि तहसील बलरामपुर सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम राजेन्द्र बहादुर द्वारा फरियादियों की शिकायतें सुनी गयी। 33 शिकातयों में से 4 का मौके पर निस्तारण किया। तहसीलदार घासीराम, सीओ नगर, सीओ देहात व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सीएमओ ने किया टीकाकरण सत्र का निरीक्षण

बलरामपुर। शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकास खण्ड तुलसीपुर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मुड़िया के धनुहिया में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवम् पोषण दिवस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एएनएम पूनम यादव टीकाकरण कर रहीं थीं। निरीक्षण के समय एएनएम पूनम यादव द्वारा कुल 12 बच्चों तथा 04 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया था। एएनएम ने बताया कि आगनवाड़ी कार्यकत्री लक्ष्मी देवी अनुपस्थित है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एएनएम शांति सोनी को निर्देशित किया कि सभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान किया जाए। टीकाकरण

से कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। सीएमओ ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर डॉ सुमंत सिंह चौहान को निर्देशित किया कि वह यह सुनिश्चित करें कि सभी टीकाकरण सत्रों पर आवश्यक लॉजिस्टिक उपलब्ध रहे। सीएमओ ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सेखुनिया कला का भी निरीक्षण किया। वहां पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत उपाध्याय उपस्थित थे तथा मरीजों का इलाज कर रहे थे। उनके द्वारा मरीजों की ब्लड प्रेशर तथा डायबिटीज की जांच नहीं किया जा रहा था। डॉ मुकेश रस्तोगी ने उन्हें निर्देशित किया की हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर आने वाले सभी मरीजों की आवश्यकता अनुसार ब्लड शुगर तथा ब्लड प्रेशर की जांच अवश्य किया जाए तथा हाई ब्लड प्रेशर और हाई ब्लड शुगर वाले मरीजों की लाइन लिस्टिंग कर उनका फॉलोअप भी किया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत उपाध्याय द्वारा कम ई संजीवनी किए जाने पर, सीएमओ ने उन्हें निर्देशित किया कि कम से कम पांच मरीजों का ई संजीवनी से इलाज अवश्य करवाया जाए। निरीक्षण के समय आशा जामंत्री देवी तथा शुचि श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

संयुक्त अधिवक्ता संघ चुनाव समिति व ऐल्डर कमेटी का चयन

लालगंज, प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर ऐल्डर कमेटी व चुनाव समिति का सर्वसम्मत चयन किया गया है। इसके तहत पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल चुनाव समिति के अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र महामंत्री चयनित हुए हैं। चुनाव समिति में पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू को उपाध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष शिवाकांत उपाध्याय को कोषाध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र को समिति का प्रवक्ता तथा पूर्व अध्यक्ष बेनी लाल शुक्ल को आय व्यय निरीक्षक चयनित किया गया है। वही ऐल्डर कमेटी में पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र को अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह अगई को महामंत्री चयनित किया गया है।

राशनकार्ड धारकों ने किया प्रदर्शन

महराजगंज, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) क्षेत्र के हलोर गांव के कोटेदार के खिलाफ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर लिखित शिकायत देकर 2 माह का राशन न दिए जाने की बात कही। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने उपजिलाधिकारी महराजगंज व पूर्ति निरीक्षक महराजगंज को जांच कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है। संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में सुधीर कुमार पुत्र रामसागर, हरिश्चंद्र, राजाराम, सत्रोहन, राममिलन, रामपियारी, कमला देवी, मंजू, विद्यावती, मनीषा, सायरा बानो, भारत, रामबोध, हरीशंकर, मोबिन, बाबादीन, विजय बहादुर, विजय कुमार, लवकुश, आशीष कुमार, गंगा प्रसाद,

विनोद कुमार, वीरू, राम मनोहर, मनीष चौरसिया, दीपक कुमार, निवासी समसपुर हलोर ने कहा है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानदार निशु वर्मा हैं जो ग्राम वासियों को जनवरी-फरवरी व मार्च माह का राशन नहीं दे रहे हैं। राशन कार्ड धारकों का अंगूठा लगवा कर दूसरे दिन व तीसरे दिन आने की बात कह कर टाल देते हैं और राशन कार्ड धारक ग्राम वासियों का अंगूठा लगवा कर पर्ची देकर कोटेदार द्वारा यह कहा जाता है कि तीन-चार दिन बाद आकर पर्ची दिखाकर राशन ले लेना, जबकि विभाग द्वारा फरवरी मार्च माह का राशन का उठान भी हो चुका है और सार्वजनिक वितरण प्रणाली हलोर की दुकान पर एक भी कुंटल राशन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली निशुल्क राशन वितरण प्रणाली को कोटेदार पलीता लगा रही हैं। आगामी लोकसभा के चुनाव में लोकसभा पद के प्रत्याशी को हलोर ग्राम सभा से राशन न मिलने के कारण भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। मामले में उप जिलाधिकारी रजित राम गुप्ता का कहना है कि जानकारी मिली है, ग्रामीणों द्वारा लिखित शिकायती पत्र मिला है, जांच कराकर दोषी पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त आवाज

भाकियू भानु गुट के मंडल अध्यक्ष बने धर्मचंद महेश

जरवल बहराइच(स्पष्ट आवाज)। भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने देवी पाटन मण्डल में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जरवल विकास खण्ड के ग्राम पंचायत धनसरी निवासी किसान नेता धरम चन्द्र महेश को देवी पाटन मण्डल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री सिंह ने पूरे मण्डल में संगठन को मजबूत कर मण्डल और जिलों की कार्यकारिणी घोषित करने का निर्देश दिया है। मंडल अध्यक्ष के मनोनयन पर राष्ट्रीय महासचिव रजीउद्दीन बच्छन, प्रदेश संगठन मंत्री गजराज सिंह,प्रदेश प्रवक्ता शिवभूषण सिंह,जिलाध्यक्ष गोंडा राजेश कुमार सिंह,प्रदेश महासचिव हसनैन खान,किसान सेवक मोहम्मद मुकीद,आदित्य प्रसाद शर्मा,अनुरूद्ध प्रसाद गौतम,इरफान अहमद,नंदलाल वर्मा,विजय राज यादव समेत लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

पार्क आम जनता के लिए 8 मार्च तक बंद

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)जिला उद्यान अधिकारी जय राम वर्मा ने बताया है कि उद्यान विभाग के अधीन राजकीय पौधशाला टी0पी0एन0 रायबरेली में पर्यावरणीय पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। जिसका लोकार्पण 09 मार्च 2024 को उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। निर्माण कार्य प्रगति पर होने तथा साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से पार्क आम जनमानस के लिए 08 मार्च 2024 तक बन्द रहेगा।

गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी शिव जी की बारात

परशदेपुर, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)नगर पंचायत क्षेत्र के निनावां ग्राम सभा में गाजे बाजे के साथ धूमधाम से शिव बारात निकाली गयी। शिव की बारात के मुख्य यजमान रामकृपाल साहू, राजकुमार साहू ,शिवकुमार साहू ने अनेकों ग्रामीणों के साथ शिव की बारात निकाली। बारात निनावां से निकलकर बाबा घुइसरनाथ धाम प्रतापगढ़ होते हुए देऊं के प्राचीन मंदिर से होकर अनेकों क्षेत्रीय मंदिरों का भ्रमण करते हुए निनावां के रामकृपाल साहू के दरवाजे पर बने शिव मंदिर पर पहुंची। बाराती डीजे की धुन पर नाचे और गाये। कथा व्यास आचार्य धर्मेश जी महाराज ने विधि विधान से समस्त देवी देवताओं का पूजन अर्चन कराया । इस मौके पर रमेश कौशल, शोमिल, राकेश , संजय मिश्रा, संदीप मोदनवाल, मनोज कौशल, आर्दश सिंह सहित तमाम भोले के भक्त उपस्थित रहे।

बच्चों का शैक्षिक दल भारत-नेपाल सीमा स्थित सोहेलवा पहुंचा

बलरामपुर। कृषक राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरदौरी श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण दल भारत नेपाल सीमा पर स्थित सोह

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, रविवार, 3 मार्च, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, अष्टमी (कृष्ण पक्ष)

विचार

डर बुराई की अपेक्षा से उत्पन्न होने वाला दर्द है।

अरस्तु

केजरीवाल को अब समन पर जाना होगा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने उनको आठवां समन भेजा है और चार मार्च को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा है। केजरीवाल इससे पहले सात बार के समन की अनदेखी कर चुके हैं। उन्होंने और उनकी पार्टी ने ईडी के समन को गैरकानूनी बताया है और कई सवाल पूछे हैं। लेकिन सवालों के जवाब देने की बजाय ईडी लगातार समन भेजती जा रही है। ऐसा लग रहा कि यह सब किसी योजना के तहत हो रहा है। पांचवें समन के बाद केजरीवाल इस आधार पर ईडी के समन का विरोध कर रहे हैं कि जब खुद ईडी ने पीएमएलए की विशेष अदालत में शिकायत की है और अदालत में 16 मार्च को इस पर सुनवाई होने वाली है तो उससे पहले समन जारी नहीं होना चाहिए।

दूसरी ओर ईडी का कहना है कि पीएमएलए कोर्ट में उसकी शिकायत पर जो सुनवाई है वह बिल्कुल दूसरे मामले पर है। ईडी ने अदालत में यह याचिका नहीं दी है कि अदालत केजरीवाल को निर्देश दे कि वे ईडी के सामने पेश हों। अदालत में केंद्रीय एजेंसी के समन की अनदेखी से जुड़े बड़े सवालों पर सुनवाई होगी। एजेंसी ने कहा है कि जब मुख्यमंत्री जैसे ऊंचे पद पर बैठे लोग समन की अनदेखी करते हैं तो उसका गलत मैसेज जाता है। ईडी ने यह भी कहा कि केजरीवाल एजेंसी की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और उसमें बाधा डाल रहे हैं।

दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में तो 16 मार्च को सुनवाई होगी लेकिन उससे पहले इन सवालों पर सर्वोच्च अदालत ने ही स्थिति साफ कर दी है। इसलिए विशेष अदालत से कोई राहत हासिल करने की केजरीवाल की उम्मीदें समाप्त हो गई हैं। असल में बिल्कुल ऐसे ही मामले में तमिलनाडु की सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। केंद्रीय एजेंसियों ने बालू के अवैध खनन से जुड़े मामलों में तमिलनाडु के कुछ जिला कलेक्टरों को समन भेजा था और पूछताछ के लिए बुलाया था। तमिलनाडु सरकार ने इसे चुनौती दी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार यानी 27 फरवरी को इस पर सुनवाई में दो टूक अंदाज में कहा कि एजेंसियों के समन पर सबको हाजिर होना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि, जिसको एजेंसी समन देकर बुलाए वह एजेंसी के सामने हाजिर हो।

> पांचवें समन के बाद केजरीवाल इस आधार पर ईडी के समन का विरोध कर रहे हैं कि जब खुद ईडी ने पीएमएलए की विशेष अदालत में शिकायत की है और अदालत में 16 मार्च को इस पर सुनवाई होने वाली है तो उससे पहले समन जारी नहीं होना चाहिए। दूसरी ओर ईडी का कहना है कि पीएमएलए कोर्ट में उसकी शिकायत पर जो सुनवाई है वह बिल्कुल दूसरे मामले पर है। ईडी ने अदालत में यह याचिका नहीं दी है कि अदालत केजरीवाल को निर्देश दे कि वे ईडी के सामने पेश हों।

आज का इतिहास

1575-मुग़ल बादशाह अकबर ने तुकारोई की लड़ाई में बंगाली सेना को हराया था।
1707-भारत के मुग़ल बादशाह औरंगजेब का निधन।
1839-भारतीय उद्योगपति जमशेद जी टाटा का जन्म।
1939-महात्मा गाँधी, भारत के मुंबई शहर में निरंकुश शासन के विरोध में तेज़ी लाये।
1955-प्रसिद्ध हास्य अभिनेता जसपाल भट्टी का जन्म।
1971-भारत-पाकिस्तान युद्ध की शुरुआत हुई।
1976-परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक राइफ़लमैन संजय कुमार का जन्म।
1999-अब्दुल रहमान अरब मूल के ऐसे प्रथम व्यक्ति बने जिन्हें इस्रायली सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाया गया।
2000-अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण द्वारा क्रोएशिया के जनरल तिहोमिर ब्लास्किय को 45 साल क़ैद की सज़ा।
2002-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष जी.एम.सी. बालायोगी का निधन।
2005-यूक्रेन के राष्ट्रपति विक्टर यूशचेंकों की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने इराक से अपने सैनिक वापस बुलाने का निर्णय लिया।
2006-फिलीपींस में आपातकाल हटा।
2007-पाकिस्तान ने हत्फ़-2 अब्दाली बेलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया।
2008-मेघालय में नई विधानसभा के लिए चुनाव में 75त्न मतदान हुआ। कन्या भ्रूण हत्या रोकने के केन्द्र सरकार ने धन लक्ष्मी नामक नई योजना शुरू की।
2009-स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने स्मार्ट यूनिट योजना को लांच किया।
2015-बाल साहित्य के प्रसिद्ध साहित्यकार डा. राष्ट्रबंधु का निधन।

दलबदल के लिए दोषी कौन

अजीत द्विवेदी

राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग के बाद इस बात पर बहस छिड़ी है कि दलबदल के लिए असली दोषी कौन है? भाजपा के नेता और उनके समर्थक कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राजद आदि पर ही ठीकरा फोड़ रहे हैं और कह रहे हैं कि जो पार्टी अपने विधायकों को नहीं संभाल पाई वह भाजपा से क्या लड़ेगी?

हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का मजाक बनाया जा रहा है कि मुख्यमंत्री रहते उनको पता ही नहीं चला कि उनके विधायक साथ छोड़ कर जा रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा विरोधी पार्टियों के नेता और सोशल मीडिया का उनका इकोसिस्टम भाजपा को दोषी बता रहा है। उनका कहना है कि भाजपा ने अपनी ताकत का इस्तेमाल करके 'डाका डाला' है तो इसमें कांग्रेस या सुक्खू या अखिलेश यादव की क्या गलती है?

इस बहस में एक दिलचस्प बात यह है कि जो लोग दलबदल के लिए भाजपा की खूब आलोचना कर रहे हैं वे ही लोग कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की तारीफ कर रहे हैं कि उन्होंने अपने विधायकों को एकजुट रखा और भाजपा के एक विधायक से क्रॉस वोटिंग करा दी साथ ही एक दूसरे विधायक को गैरहाजिर करा दिया। बहरहाल, दोनों तरफ से दिए जा रहे तर्कों में मेरिट है और इसलिए बहस चल रही है। वैसे भी देश की राजनीति और साथ साथ समाज जिस तरह से वैचारिक आधार पर विभाजित हुआ है उसमें यह हैरानी वाली बात नहीं है। विभाजन ऐसा हो गया है कि एक पक्ष केंद्र सरकार और भाजपा की हर बात और हर कदम को सही ठहराता है तो दूसरा पक्ष विपक्ष की हर बात का समर्थन करता है। इसके बीच में या आसपास देखने की जरुरत ही नहीं समझी जाती है।

हकीकत यह है कि इन दोनों तर्कों के बीच एक बड़ा क्षेत्र ऐसा है, जिसे समझने की जरुरत है। एक पक्ष यह मानता है कि मोहब्बत और जंग में सब जायज है' की तर्ज पर भाजपा ने ताकत का इस्तेमाल करके दूसरी पार्टी के विधायकों को तोड़ लिया तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है तो दूसरा पक्ष यह है कि भाजपा ने डाका डाला और लोकतंत्र की हत्या की है। लेकिन इन दोनों के बीच वे लोग भी तो हैं, जो पाला बदलते हैं।

उनके बारे में कोई बात नहीं कर रहा है। वो कैसे लोग हैं, जिन्होंने किसी लालच में या दबाव में पाला बदला? यह सवाल तो उठता ही है कि अगर भाजपा किसी को अपनी ओर मिलाना चाहती है तो क्या वह जबरदस्ती कर रही है या मिलने वाले की भी मर्जी हो रही है? यह भी सवाल है कि अगर कोई विधायक या सांसद किसी पार्टी को छोड़ कर जाने का मन बना ले और पार्टी के नेता या मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी भी हो जाए तो वह किस तरह से उसे रोक सकता है? जाने वाले को कौन रोक सकता है! असल में राजनीति के व्यक्ति केंद्रित होते जाने और सत्ता को अंतिम लक्ष्य या साध्य मानने की सोच ने भारतीय राजनीति को बहुत ज्यादा दूषित कर दिया है। हां, यह जरूर कह सकते हैं कि इसका प्रदूषण बढ़ाने में या इसे मौजूदा शक्ल देने में भाजपा ने बड़ी भूमिका निभाई है।

आयुर्वेद को आलोचना नहीं, शोध की जरूरत

हृदयनारायण दीक्षित

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतर्संगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योगगुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था। शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई.-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने वैदिक इंडेक्स में लिखा है, भारतीयों की रुचि शरीर रचना सम्बधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है। अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है। यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था। एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं। आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं, यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है। फिर रोगों का कारण बताते हैं, इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं। रोगों से बचने के लिए जीवनशैली पर जोर है। यह प्राकृतिक

होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषाधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं। कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसपर्क में जाए। आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एन्टीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड इफेक्ट बड़ी समस्या है। पर ऐसी छोटी बातों से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवतः इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आकलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है। लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यूं भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतरराष्ट्रीय हो चुका है लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान-प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञान अपना-पराया नहीं होता। सभी पद्धतियों का लक्ष्य एक है। सबकी अपनी विशेषता है। सभी विज्ञान हैं। लेकिन सीमा भी है। डाइबिटीज से विश्व का बड़ा भाग पीड़ित है। इस रोग को समाप्त करने की दवा नहीं है। पारकिंसन (कम्पन रोग) की भी दवा नहीं है। इन्हें संयत करने की दवाइयां आजीवन खानी पड़ती है। मस्तिष्क की गतिविधि का बड़ा भाग अज्ञेय है। मानव मस्तिष्क जटिल संरचना है। सुख, दुख, ज्ञान व बुद्धि की अनुभूति मस्तिष्क क्षेत्र की गतिविधि से होती है। सुनते हैं कि प्रार्थना का प्रभाव गहन होता है। अवसाद का जन्म और विकास मस्तिष्क में होता है। विषाद का भी। उल्लास और प्रसाद प्रसन्नता देते हैं। इसका उल्टा भी हो सकता है। संभव है कि प्रसन्नता से उल्लास आता हो। स्वप्नों का केन्द्र भी मस्तिष्क है। सिगमण्ड फ्रायड ने साइको एनालिसिस लिखी थी। फ्रायड का लिविडो-कामना क्षेत्र विचारणीय है। फ्रायड ने सृजन कार्य को भी लिविडो से जोड़ा था। लेकिन पतंजलि के योग सूत्रों में चित्त की पांच प्रवृत्तियों को ही सुख-दुख का कारण बताया गया है। अथर्ववेद के काम सूक्त में कविता को काम की पुत्री बताया गया है।

मुश्किल हालात में मोदी का नेतृत्व देश के काम आया

प्रह्लाद सबनानी

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेषकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। साथ ही, क्रेडिट रेटिंग संस्थान इकरा ने इस वर्ष तृतीय तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान एवं भारतीय स्टेट बैंक ने भी 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया था। कुल मिलाकर, लगभग समस्त वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को झुठलाते हुए सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत की रही है। हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। साथ ही, खनन के क्षेत्र में वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.5 प्रतिशत की रही है। यह तीनों ही क्षेत्र रोजगार

सृजन के क्षेत्र माने जाते हैं। अतः देश में अब रोजगार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में वृद्धि दर आकर्षक रही है। कृषि का क्षेत्र जरूर, विपरीत मानसून एवं अल नीनो के प्रभाव के चलते, विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है एवं कृषि के क्षेत्र में वृद्धि दर 0.2 प्रतिशत ऋणात्मक रही है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक कृषि के क्षेत्र में औसत वृद्धि दर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक की रही है। परंतु, प्रकृति के आगे तो किसी की चलती नहीं है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के विशेष रूप से उद्योग क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर के आंकड़ों को देखकर तो अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले वर्षों में 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की विकास दर हासिल करने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं अगले लगभग 4 साल के अंदर ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, वर्तमान में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय शेयर बाजार भी बाजार पूंजीकरण के मामले में वर्तमान में विश्व में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। क्योंकि, भारत में आर्थिक विकास की तीव्र गति को देखते हुए विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेश संस्थान, दोनों ही भारतीय पूंजी बाजार में अपने निवेश को निश्चित ही बढ़ाएंगे। भारत में वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में अनुमानों से कहीं अधिक वृद्धि दर हासिल करने के पीछे दरअसल हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र के साथ साथ सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तन भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं, इस ओर सामान्यतः विदेशी अर्थशास्त्रियों एवं वित्तीय संस्थानों का ध्यान शायद नहीं जा रहा है। हाल ही के समय में भारत में अब विभिन्न त्यौहार अत्यधिक उत्साह के साथ मनाए जा रहे हैं। इन त्यौहारों के मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय परिवारों, विशेष रूप से मध्यम वर्गीय एवं उच्च वर्गीय परिवारों के खर्च में अपार वृद्धि हो रही है। इस खर्च का पूरा पैसा भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहा है, जिससे आर्थिक वृद्धि दर में तेजी दिखाई देने लगी है। वर्ष 2023 में दीपावली त्यौहार के दौरान लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय परिवारों द्वारा खर्च की गई थी।

शादियों के दौरान भारतीय परिवारों द्वारा अतिरिक्त खर्च किया जाना भी केवल भारत की ही विशेषता है, अन्य देशों में शादियों के दौरान इस प्रकार के खर्च नहीं होते हैं। दूसरे, भारत में हाल ही के समय में धार्मिक पर्यटन में अपार वृद्धि देखने में आई है, क्योंकि इन क्षेत्रों की आधारभूत संरचना में आमूल चूल सुधार हुआ है। पर्यटन के बढ़ने से न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी अपार बल मिल रहा है।

विलुप्त होने से पहले इन्हें बचा लो!

(विश्व वन्यजीव दिवस/03 मार्च/ विशेष)

आयुषी दवे

जब हम वन्यजीव या वाइल्डलाइफ जैसे शब्द सुनते हैं तो अमूमन हमारे दिमाग में सबसे पहले जंगल और वहां रहने वाले शेर, चीता, भालू जैसे बड़े जानवरों का ख्याल आता है। दरअसल वन्यजीव उन सभी जीवों को कहा जाता है जिन्हें मनुष्य ने पालतू न बनाया गया हो। वन्यजीवों में न केवल जानवर बल्कि वह सभी पेड़-पौधे, कीड़े-मकोड़े, कवक और सूक्ष्म जीव भी आते हैं जो अपने प्राकृतिक वातावरण में बिना मनुष्य के दखल के रहते हैं। वन्यजीव पृथ्वी के हर महाद्वीप और लगभग सभी देशों में पाए जाते हैं। ये हमारी प्राकृतिक धरोहर का एक बहुत अहम हिस्सा हैं, क्योंकिपृथ्वी में पाए जाने वाले हर पारितंत्र यानी इको सिस्टम जैसे वन, रेगिस्तान, घास भूमि, मैदान, पर्वत, समुद्री क्षेत्र में इनकी अच्छी खासी संख्या देखी जा सकती है। पर्यावरण को संतुलित करने में वन्यजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन्य जीवन प्रकृति की विभिन्न प्रक्रिया को स्थिरता प्रदान करता है। प्रत्येक जीवित वस्तु आपस में जुड़ी हुई है। यदि केवल एक जीव भी खतरे में पड़ जाता है या विलुप्त हो जाता है, तो इसका पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। यह खाद्य शृंखला यानी फूड चेन को भी बाधित करता है, जिससे पर्यावरण में सदमे की लहर फैल जाती है। इसीलिए इनका संरक्षण बेहद अहम हो जाता है। इस दिशा में विश्व के बहुत सारे सरकारी, गैर-सरकारी संगठन निरंतर प्रयासरत हैं। यह संगठन अपने तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को इनके संरक्षण के प्रति जागरूक भी करते हैं। ऐसे ही बड़े प्रयास के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर, 2013 को 68वें सेशन में हर साल तीन मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की थी। तीन मार्च की तिथि को इसलिए निर्धारित किया गया, क्योंकि तीन मार्च, 1973 में इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्सेर्वेटिव ऑफ नेचर के 80 सदस्यों ने सीआईटीईएस (साइट्स) समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। साइट्स जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन सरकारों के बीच अहम अंतरराष्ट्रीय समझौता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जंगली जानवरों और पौधों के नमूनों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा न हो। इस साल इसका विषय है ÷लोगों और ग्रह को जोड़ना÷ वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज÷। विश्व वन्यजीव दिवस का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें जानवरों और पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। भारत में भी इस दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। 1972 में वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट नामक सख्त कानून पारित किया गया। नेशनल पार्क, वन्यजीव अभयारण्य, टाइगर रिजर्व, हाथी रिजर्व जैसे बहुत से संरक्षित क्षेत्र भी घोषित किए गए। समय-समय पर इनकी गणना भी की जाती है। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफैंट, प्रोजेक्ट राइनो, प्रोजेक्ट स्नो लैपर्ड, प्रोजेक्ट वल्चर आदि शुरू किए गए। वन्यजीव और प्रकृति बड़े पैमाने पर भावनात्मक और सामाजिक कारणों से मनुष्य से जुड़े हुए हैं। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजपूर्ण महत्व के साथ-साथ जैव विविधता के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विविधता आवश्यक होती है। उदाहरण के लिए पौधों पर विचार करें। पौधों की विस्तृत विविधता का अर्थ है अधिक उत्पादकता और बेहतर स्वास्थ्य। यदि पौधों की प्रजातियां कम होंगी तो उन्हें प्रभावित करने वाली बीमारी तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से फैलती है। अधिक विविधता का अर्थ है बेहतर प्रतिरोध। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा वन्यजीव और प्रकृति में माध्यम से आता है। बहुत से लोग अपनी जीविका के लिए कहीं न कहीं वन और वन्यजीवों पर आश्रित हैं। इसीलिए इनका संरक्षण और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। वन्यजीवों का न केवल आर्थिक और सामाजिक महत्व बल्कि सांस्कृतिक महत्व भी है। ये शुरू से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं। इतना ही नहीं एक बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी प्रकृति और वन्यजीवों के करीब रहने की सलाह दी जाती है। हर जगह लोग भोजन से लेकर ईधन, दवाएं, आवास और कपड़े तक अपनी सारी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन्यजीवन और जैव विविधता आधारित संसाधनों पर निर्भर हैं। प्रकृति हमें और हमारे ग्रह को जो लाभ और सुंदरता प्रदान करती है उसका आनंद लेने के लिए यह जरूरी है की लोग यह सुनिश्चित करें कि पारिस्थितिकी तंत्र फलने-फूलने में सक्षम हो और पौधों तथा जानवरों की प्रजातियां भविष्य की पीढ़ियों के लिए अस्तित्व में रहने में सक्षम हों।

बिहारी क्रिकेटर कब खेलेंगे टीम इंडिया से?

आर.के. सिन्हा

मौजूदा भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में बिहार के दो नव युवा खिलाड़ी आकाशदीप और मुकेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा से क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। पर यह बिहार का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि दोनों खिलाड़ी बिहार की टीम से नहीं खेलते। यह दोनों खेलते हैं बंगाल की टीम से रणजी ट्रॉफी में। इसकी वजह यह है कि बिहार में क्रिकेट मैनेजमेंट तार-तार हो चुका है। आकाशदीप का संबंध बिहार के रोहतास जिले से है। आकाशदीप ने रांची टेस्ट मैच में अपनी सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड टीम के तीन खिलाड़ियों को आउट करके सनसनी मचा दी थी। उनके दादा निशान सिंह स्वाधीनता सेनानी थे। अब आकाशदीप 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए हिमाचल प्रदेश जाएंगे और भारतीय क्रिकेट टेस्ट टीम का हिस्सा बनेंगे। उनकी तरह ही मुकेश कुमार भी हैं। बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित काकड़कुंड गांव के रहने वाले मुकेश कुमार का चयन टीम इंडिया में वेस्टइंडीज टूर के लिए किया गया था। मुकेश कुमार भी तेज गेंदबाज हैं। मुकेश आईपीएल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा थे। मुकेश कुमार दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके साथ ही, वह बायें हाथ के बल्लेबाज भी हैं। इस तरह दोनों ही खिलाड़ी भोजपुरिया हैं द्ध मुकेश के पिता कोलकाता में टैक्सी चलाते थे। साल 2019 में उनकी मृत्यु हो गई थी। तब मुकेश ने बंगाल में ही खेलते-खेलते कई लोगों से संपर्क बनाया और अपने मेहनत के बल पर नई पहचान बनाई। अफसोस कि बिहार में क्रिकेट का मैनेजमेंट बहुत बुरी स्थिति में है। इसलिए बिहार के प्रतिभाशली खिलाड़ी अन्य टीमों का रुख करते हैं। पिछले महीने पटना में बिहार और मुंबई की टीमों के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच हुआ तो बिहार की दो टीमें मैदान में आ गई। पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी के एलिट ग्रुप बी मुकाबले में मुंबई की टीम ने बिहार को एक पारी और 51 रन से हराया। पर यह खबर नहीं थी। खबर यह थी कि मुंबई की टीम जिस स्टेडियम में मैच खेल रही थी उसकी हालत बेहद खराब थी। वहां पर दर्शकों के लिए बैठने तक की जगह नहीं थी। मैच को देखने के लिए रोज हजारों दर्शकों को भारी कठिनाई में मैच देखना पड़ा। जब देश में एक से बढ़कर एक बहुत सारे स्टेडियम बन चुके हैं, तब सारे बिहार में एक भी कायदे का स्टेडियम नहीं है। यह कोई बहुत अच्छी बात नहीं मानी जा सकती। इस बीच, ईशान किशन तो बीते कई सालों से भारतीय टीम में हैं। लेकिन वे भी झारखंड के लिए खेलते हैं। उन्हें 2016 में अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की टीम का कप्तान बनाया गया था। ईशान 2018 से इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा हैं। ईशान का जन्म बिहार के नवादा जिला में हुआ था। उनके जन्म के बाद उनका परिवार पटना शिफ्ट हो गया था। उन्हें भी झारखंड शिफ्ट होना पड़ा क्यों बिहार में क्रिकेट का कोई इंफ्रास्टक्चर नहीं है। क्रिकेट प्रेमियों को याद होगा कि संयुक्त बिहार के दौर में दिल्ली की टीम के कई बड़े खिलाड़ी बिहार से खेलने के लिए दिल्ली को छोड़ देते थे। इस लिहाज से रमेश सक्सेना का नाम सबसे पहले जेहन में आता है। उन्होंने एक टेस्ट मैच भी खेला। रमेश सक्सेना ने 1960-61 में अपना पहला प्रथम श्रेणी का मैच खेला था। उन्होंने 1966-67 में दिल्ली को अलविदा कह कर बिहार का रुख कर लिया था। रमेश सक्सेना के अलावा ह

सरकार को बताइये अच्छाई-बुराई और दीजिए सुझाव!

■लोगों के बीच जाकर भाजपा सरकार पूछेगी उनकी मंशा

■सुझाव आपका-संकल्प हमारा अभियान के तहत चलेंगी दो वैन

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भाजपा सरकार लोगों के बीच जाकर उनकी मंशा जानना चाहती है, लिहाजा सुझाव आपका-संकल्प हमारा अभियान चलाने का फैसला लिया है। मोहल्लों और गांवों में जाकर भाजपा कार्यकर्ता आम लोगों से सुझाव पत्र भरवायेंगे। व्यवस्था इस तरह से की गई है कि अभियान में आने वाले सुझाव पत्र उसी दिन केन्द्रीय नेतृत्व तक पहुंचाये जायें। इस अभियान को लेकर सांसद राजेश वर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने शनिवार को केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत की। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त किया है। गांव के अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनायें पहुंचायी हैं। आज किसी भी जाति धर्म का कोई ऐसा परिवार नही है जो शासकीय योजनाओं का लाभ न पा रहा हो। इतना करने के बाद भी सरकार अपने लोगों से उनकी इच्छा जानना चाहती है कि उनके क्षेत्र के विकास सहित अन्य तमाम मामलों में सरकार और क्या कर सकती है? जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में दो वैन चलायी जायेंगी जिसमें भाजपा कार्यकर्ता गांव और मोहल्लों में जाकर सुझाव पत्र वितरित करेंगे। विकसित भारत के लिये लोगों के सुझाव मांगेंगे और प्रतिदिन प्राप्त होने वाले सुझाव पत्र केन्द्रीय नेतृत्व को भेजे जायेंगे। मोदी-योगी सरकार पारदर्शी व जनोपयोगी सत्ता चलाने की पक्षधर है और इसके लिये पीएम मोदी देश के 140 करोड़ लोगों को परिवार मानकर उनका सुझाव मांग रहे हैं। प्रेसवार्ता में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, बेहटा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज वर्मा झल्लर, डीसीबी चैयरमैन विष्णु कुमार मौर्य, राजकुमार अग्रवाल राजू, विश्राम सागर राठौर, नैमिषरत्न तिवारी, राजेश्वर रस्तोगी, सुनील मिश्रा, उदित बाजपेई, पवन सिंह शिल्पी, जया सिंह आदि मौजूद रहे।

शिवकांती अध्यक्ष व खुशबू बनी महामंत्री

■प्राथमिक विद्यालय नवागांव में करवाया गया छात्र संघ का सामान्य चुनाव

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कसमंडा इलाके के प्राथमिक विद्यालय प्रथम नवागांव में शनिवार को छात्र संघ का सामान्य चुनाव करवाया गया। जिसमें शिवकांती अध्यक्ष व खुशबू महामंत्री पद पर निर्वाचित हुई है। अध्यक्ष पद के लिए शिवकांती, पुष्पेंद्र, शिवांश ने नामांकन किया था। तथा महामंत्री पद हेतु लवकुश, खुशबू एवं अंशिका राज आगे आई थी। जिसमें अंशिका राज द्वारा नाम वापस लिए जाने पर पांच छात्र-छात्राओं के बीच मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। नामांकित 84 बच्चों में 60 बच्चों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं की ओर से मतगणना के पश्चात अध्यक्ष पद पर शिवकांती को 36 मत मिले जबकि चार मत अवैध घोषित किए गए। मौजूद ग्राम प्रधान जनक कुमारी सिंह ने कहा छात्र संघ का चुनाव कराकर छात्रों को लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा की जानकारी देना शिक्षको का यह सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा लोकतंत्र में वोट का बहुत महत्व है। नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए निश्चित ही निर्वाचन प्रक्रिया से छात्रों को अवगत कराना प्रेरणादायी कार्य है। स्कूल के प्रधानाध्यापक शिवेंद्र कुमार मिश्र ने इस बीच अपनी बात रखी। उन्होंने बताया रचनात्मक कार्यों के विद्यालय में होते रहने से छात्र नियमित विद्यालय आने में रुचि लेते है। विद्यालय में नेतृत्व विकास हेतु छात्र संघ सामान्य निर्वाचन चुनाव कराया गया है। अंत में छात्रों को प्रधान जनक कुमारी सिंह ने प्रमाण पत्र वितरित किए। और उनका माल्यार्पण किया। विजयी शिवकांती व खुशबू ने कहा हम विद्यालय की साफ सफाई व जो बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे है उनको नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने का काम करेंगे। इसके अलावा शिक्षकों के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण पर काम कार्य जाएगा। इस मौके पर सहायक अध्यापक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त आवाज़

सड़क किनारे शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कम्प

मिश्रिख-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सीतापुर-हरदोई मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसरथपुर में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया। शव की शिनाख्त आकाश उम्र 22 वर्ष पुत्र विश्वनाथ निवासी ग्राम बेलहरी थाना नैमिषारण्य के रूप में की गई है। प्रभारी निरीक्षक और क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंच कर घटना का निरीक्षण किया।

बाइक के पार्ट सहित चार चोर गिरफ्तार

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। शहर कोतवाली पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशांनदेही पर बाइक के पुर्जे भी बरामद हुए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह शातिर बाइक की चोरी कर उसके पार्ट काटकर बेचते थे। कोतवाली पुलिस ने चारों चोरों को शनिवार की शाम जेल भेज दिया है। बताते चलें कि शहर कोतवाली पुलिस ने बीती रात लोनियनपुरवा ढलान से चोरी के मामले में वांछित चल रहे गुरूदयाल पुत्र सुरेन्द्र, सुभाष पुत्र मुन्ना, सियाराम, नरेन्द्र पुत्र अनिल निवासी अहाता कप्तान रामकोट को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की मोटर साइकिल के कटे हुए पार्ट बरामद हुए है।

महिला के पेट के ऊपर से गुजर गया ट्रैक्टर-ट्राली का पहिया

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार महिला सड़क पर गिर गई। इसी दौरान ट्रैक्टर ट्राली का पहिया महिला के पेट के ऊपर से होकर गुजर गया। महिला को गम्भीर हालत में इलाज के लिये ट्रामा सेन्टर लखनऊ ले जाया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। चालक मौके से फरार हो गया। सिधौली थाना क्षेत्र के मुरऊवाखेरा गांव निवासी किशन कुमार अपनी पत्नी सुरभि उम्र 25 वर्ष के साथ सकरन थाना क्षेत्र के तारापार गांव निवासी मन्नेलाल भार्गव के यहां रिश्तेदारी में आया हुआ था। शनिवार की शाम करीब पांच बजे पति पत्नी बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। बिसवां-सकरन रोड पर प्यारापुर गांव के पास गन्ने से लदे ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे सुरभि नीचे गिर गयी और ट्रैक्टर का पहिया उसके पेट के ऊपर से निकल गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी सांडा गये जहां डाक्टरों ने हालत गम्भीर देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

रेखा वर्मा के समर्थको ने बांटे लड्डू

झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। धौरहरा सांसद व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा को पुनः भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने पर समर्थको में खुशी की लहर दौड़ गई। झरेखापुर व हरगांव के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर झरेखापुर मण्डल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, कपिल सिंह, सुनील त्रिपाठी, पंकज पांडेय, बृजेंद्र सिंह, विजेंद्र शुक्ल, मुकेश, नवनीत शुक्ला, पंकज शुक्ला, विनय सिंह, शोभित शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

ग्राम प्रधान के अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का बुलडोजर

झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भेडहिया गांव में ग्राम प्रधान द्वारा किए गए अवैध कब्जे को शनिवार को हटवा दिया गया। राजस्व विभाग की टीम ने नायब तहसीलदार की निगरानी में यह कार्रवाई की। टीम ने जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया है। देना ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि अनीस ने भेडहिया गांव के करीब सड़क के किनारे बेशकीमती सरकारी जमीन पर करीब 600 वर्ग मीटर भूमि पर पक्का निर्माण कराकर कब्जा कर लिया था। जिसको लेकर देना ग्राम पंचायत के ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से लगातार शिकायत की जा रही थी। करीब एक माह पूर्व इसी जमीन के कब्जे को लेकर प्रधान प्रतिनिधि व ग्रामीणों के बीच बवाल हुआ था जिसमे पुलिस द्वारा दोनो पक्षों पर शांति भंग की कार्रवाई की गयी थी। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम हरकत में आ गई और शनिवार को नायब तहसीलदार बालकृष्ण सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी से अवैध निर्माण ढहवाकर सरकारी जमीन को खाली करा दिया।

मामूली विवाद में पिटाई कर युवक को पहुँचाया अस्पताल

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके के नवागांव में दबंगों ने मामूली विवाद को लेकर युवक को जमकर पीटा। पवन कुमार सिंह निवासी नवागाँव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार को गांव में एक परचून की दुकान से सामान लेकर वापस लौट रहा था तभी विपक्षी संदीप सिंह अपने परिवार के साथ आए और पैसों को लेकर विवाद करने लगे। इतने में ही विपक्षियों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने सिधौली सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया। अटरिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

सेवानिवृत्त शिक्षकों को पुरातन छात्रों ने किया सम्मानित

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। देश ही नही अपितु विश्व के कई देशों में जवाहरलाल नेहरू पॉलिटेक्निक के सैकड़ों छात्र अपनी सेवा देकर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। इस संस्थान की स्थापना 1976 में की गई थी। संस्थान में सिविल, इलेक्ट्रॉनिक, कम्प्यूटर विज्ञान, कृषि विज्ञान, डेरी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण प्राविधिक विषयों में सैकड़ों छात्र प्रतिवर्ष शिक्षा पूर्ण कर विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहें हैं। उक्त बातें जवाहरलाल नेहरू पॉलिटेक्निक महमूदाबाद के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व मंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने शनिवार को संस्था परिसर में आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि संस्था के वह गौरवशाली छात्र-छात्राएं जो उच्च पदों पर सेवा देने के साथ अन्य क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं वह अपने पुरातन विद्यालय को आगे बढाने में तन मन धन से सेवा के लिए आगे आएं। कार्यक्रम में संस्थान के पूर्व प्राचार्य आरजे वर्मा, जेएन प्रजापति, अवधराम मौर्य, रमेश श्रीवास्तव, संजीव अवस्थी, आरएन सक्सेना, मोहम्मद अहमद खान, केएन दीक्षित के साथ कई सेवानिवृत्त प्रवक्ता व शिक्षकों को पुरातन छात्र समिति के एके श्रीवास्तव, आनन्द किशोर, आरपी चौबे, देवेंद्र खरे, रेखा श्रीवास्तव आदि ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट स्वागत किया। संस्थान की स्टेनोग्राफर ट्रेड की वर्ष 1990 की प्रदेश टापर छात्रा बीना ने संस्था के छात्रों को सफलता के सूत्र बताये। पुरातन छात्र समिति के एके श्रीवास्तव ने अपनी पुरानी संस्था के विकास के लिए हर सम्भव सहायता पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संस्था स्थापना वर्ष के पहले बैच से लेकर अब तक संचालित बैच के सैकड़ों पुरातन छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन शरद चंद्र मिश्र ने किया। इस मौके पर सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन रमेश वाजपेयी, कमल वर्मा, बृजभूषण पांडेय, अशोक पटेल सहित बडी संख्या में शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

असलहे की नोंक पर महिला से दुष्कर्म, शादी का दबाव

■कोतवाली पहुँचे हिन्दू संगठन पदाधिकारी, दर्ज हुआ केस

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। शहर कोतवाली इलाके में घर घुसे शोहदे ने असलहे के बल पर पहले महिला के साथ दुष्कर्म किया फिर उस पर शादी का दबाव बनाने लगा। इतना ही नही शोहदे ने महिला साथियों के साथ मिलकर पीड़िता व उसकी मां की पिटाई भी की। दो समुदायों से जुड़े मामले में हिन्दू संगठन के पदाधिकारी भी कोतवाली पहुंचे। तूल पकड़ते मामले में कोतवाली पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताते चलें कि शहर कोतवाली के इलाके की कोहना क्षेत्र की महिला ने पड़ोस में किराये पर रहने वाले मैनुद्दीन उर्फ सलमान पुत्र वसीर पर आरोप लगाया है कि उसने घर में घुसकर असलहे की नोक पर उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर अपनी महिला साथी मीरा, नैको, शानू और रेशमा के साथ मिलकर उससे व उसकी मां से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि सलमान व उसके साथी लगातार उस पर विवाह करने का दबाव बना रहे हैं। ऐसा न करने पर सलमान जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। शनिवार को प्रकरण में हिन्दू संगठन के पदाधिकारी भी कोतवाली पहुंचे थे। शहर कोतवाल अनूप शुक्ला का कहना है कि आईपीसी की धारा 147, 452 376, 323, 504, 506 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई जारी है।

पुलिस की गोलियों का शिकार हुए शातिर चोर

■घोषित था 25-25 हजार रूपये का ईनाम

■सिधौली और मिश्रिख सर्किल में खाकी को चुनौती देते आते हैं कुख्यात

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना इलाके में शनिवार की दोपहर कुख्यात बदमाशों से पुलिस का आमना-सामना हो गया। एसओजी टीम व इलाकाई पुलिस के जवानों ने मुठभेड़ के बाद सरौरा कला जंगल से दो शातिरों को धर दबोचा। बदमाशों की फायरिंग के जवाब में हुई गोली-बारी में दोनों बदमाशों के पैरों में गोलियां लगी हैं। पुलिस ने जख्मी बदमाशों को उपचार के लिये नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताते चलें कि एसओजी टीम प्रभारी सतेन्द्र विक्रम सिंह व इंस्पेक्टर कृष्णबली सिंह को इलाके में दो शातिर चोरों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। एसओजी टीम और कमलापुर पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर यकीन कर इलाके की काम्बिंग करनी शुरू कर दी। इसी दौरान सरौरा कला जंगल के पास अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू हो गयी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना नाम कल्लू पुत्र चिराग निवासी सरौरा कला थाना कमलापुर व जगदीश उर्फ जलजीरा पुत्र सोहन पासी निवासी गंज थाना मछरेहटा बताया। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि दोनों चोरों के विरूद्ध 25-25 हजार रूपये का ईनाम घोषित था। यह लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। कल्लू के विरूद्ध दो दर्जन तो जलजीरा के विरूद्ध लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। सिधौली इलाके में हुई एक चोरी के मामले में दोनों के विरूद्ध ईनाम घोषित किया गया था। इनके पास से 15 हजार की नगदी, दो मोबाइल फोन, तमंचे, कारतूस बरामद हुए हैं।

शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई: अनुज सिंह

■डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

मिश्रिख-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों पर कठोर एक्शन लिया जायेगा। जिलाधिकारी शनिवार को मिश्रिख तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होने सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता, गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर राजस्व विभाग 16 पुलिस 3 विकास 4 क्षेत्राधिकारी 2 पी.डब्लू.डी 1 विद्युत 1 कृषि विभाग 1 मुख्य विकास अधिकारी 1 नगर पालिका 2 सिंचाई विभाग 1 वन विभाग 1 सहित कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों को जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय से निस्तारित करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा, नवागत उपजिलाधिकारी पंकज सक्सेना, क्षेत्राधिकारी राजेश यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम शिखा शुक्ला ने छह शिकायतों का किया निस्तारण

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। महमूदाबाद के तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में 54 प्रार्थना पत्र आए, जिनमें से छह प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम शिखा शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के 22, पुलिस के 18, विकास के सात, विद्युत के पांच तथा पूर्ति के दो समेत कुल 54 प्रार्थना आए, जिनमें से राजस्व से संबंधित 6 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर सीओ दिनेश शुक्ल, तहसीलदार सूरज प्रताप, नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, बीडीओ श्रीश गुप्त, ईओ शैलेंद्र दुबे, सप्लाई इंस्पेक्टर शांतनु पाठक, कानूनगो इमरान अहमद समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आपस में टकराने के बाद पटेला से भिड़ी बाइकें: एक मरा, एक घायल

■लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज में हुआ हादसा

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज में दो मोटरसाइकिलें आपस में टकराने के बाद लकड़ी से लदे पटेला की चपेट में आ गयी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज में एक मोटरसाइकिल पर सवार साहिबे आलम उम्र 28 वर्ष निवासी काशीराम कॉलोनी थाना खीरी, शकील उम्र 45 वर्ष निवासी कबाडिया टोला थाना खीरी कही जा रहे थे। उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। दोनों बाइकें लकड़ी से लदे पटेला की चपेट में आ गयी। हादसे में साहिबे आलम का पेट फट गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। इसी बाइक पर सवार शकील को भी हल्की फुल्की चोटें आयी। जबकि दूसरी बाइक पर सवार सलमान निवासी कबड़िया टोला थाना खीरी बाल-बाल गच गया। सभी लोग खीरी से बिसवां जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक ऋषभ यादव व पुलिस बल ने मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल शकील की हालत सामान्य होने पर उसको अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने ट्रैक्टर व पटेला को अपने कब्जे में ले लिया।

तेज हवाओं के साथ झमाझम हुई बारिश से बढ़ी किसानों की धड़कनें

सरसों, अरहर, धनिया, गेहूँ सहित अन्य फसलों को पहुँचा नुकसान

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। शुक्रवार की देर रात मौसम का मिजाज अचानक बिगड़ गया और हल्की फुल्की बूंदाबांदी के साथ रिमझिम बारिश शुरू हो गई। वहीं शनिवार को भी पूरा दिन बादल छाए रहे और दोपहर में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। इससे किसानों की धड़कनें बढ़ गई। किसानों का मानना है कि फूलदार फसल सरसों और अरहर, धनिया, आदि को काफी नुकसान पहुंच सकता है। मौसम विभाग द्वारा बारिश के आसार को लेकर किसानों में चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं। तेज हवाओं के साथ बारिश होने से किसानों की गेहूं की फसले खेतों में बिछ गई है। लेकिन मौसम के लिहाज से सरसों के फसल पर ज्यादा असर पड़ेगा। बड़ी तादाद में किसानों ने इस बार सरसों की बुवाई कर रखी है। मौसम की फितरत देख किसानों में बेचैनी नजर आ रही है। अधिकांश सरसों की फसल में पाला आ चुका हैं। ऐसे में अगर बारिश हुई तो फसल को नुकसान पहुंचाने की पूरी आशंका है किसानों का मानना है कि फूल पर बारिश से फसल को क्षति पहुंचना तय है। इस बार किसानों ने जमकर खेतों में सरसों बोई है। गेहूं की खेती में लगातार नुकसान झेल चुके किसानों का झुकाव इस बार सरसों की खेती की तरफ हो गया है। ऐसे में अगर मौसम ने पलटी मारते हुए अगर बारिश हुई तो फसल पर बुरा असर पड़ने की आशंका है।

उत्पादन के साथ सरसों के दानो पर पड़ेगा असर

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मौसम अगर ऐसे ही रहा तो सरसों की फसल को नुकसान पहुंचना तय है। किसान हरद्वारी राजपूत, सुनील सिंह, कौशल मौर्या, संतोष गिरि, श्याम बिहारी गुप्ता, बदलू आदि किसानों ने बताया कि अगर इसी तरह से बारिश हुई तो सरसों फसल को सबसे ज्यादा नुकसान होगा। वहीं गेहूं की फसल भी प्रभावित होगी। किसी तरह से बेसहारा मवेशियों से फसल बचा रहे है।

राज्यमंत्री और विधायक ने नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का किया शुभारम्भ

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकास खण्ड रेउसा के ग्राम पंचायत थानगांव में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का विधायक सेउता ज्ञान तिवारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विकास खण्ड खैराबाद के ग्राम पंचायत भिमरी में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान ग्राम पंचायत भिमरी में उद्घाटन के अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव, खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान लोक भवन सभागार लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी किया गया। राजधानी लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) की चाभियों का वितरण किया, जिसमें जनपद के रहीमाबाद से नियाज खॉन को मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा चॉभी प्राप्त हुयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ई-पास मशीनों के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारम्भ पर मंच पर उपस्थित सभी मंत्रियो व प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के नागरिकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खाद्य वितरण प्रणाली धरातल पर सही तरीके लागू हो, इसके लिए ई-पॉस मशीनों का उद्घाटन व वितरण कर पारदर्शिता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व खाद्यान्न वितरण में होने वाली गड़बड़ियों को रोकने का काम हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। सभी 80 हजार राशन की दुकानों के माध्यम से पंद्रह करोड़ लाभार्थियों को लाभ प्राप्त हुआ, राशन जो बीच से गायब हो जाता था अब राशन जिस दुकान तक जाना है, सीधा वही पहुचेगा।

माँ संकटा देवी धाम के लिये योगी ने खोला पिटारा

■1.41 करोड़ की लागत से मंदिर में होंगे विकास कार्य

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मां संकटा देवी धाम के विकास के लिए योगी सरकार ने पिटारा खोल दिया है। वंदन योजना के तहत विधायक व जिलाधिकारी के संयुक्त प्रयास से यहां होने वाले विकास कार्य के लिए भेजे गए प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाते हुए शासन ने एक करोड़ 41 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। यह जानकारी देते हुए महमूदाबाद नगर पालिका के ईओ शैलेंद्र दुबे ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या की पहल पर जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा मां संकटा देवी धाम के विकास के लिए वंदन योजना के तहत शासन को विकास कार्य कराए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए संपर्क मार्ग, विश्रामालय, प्रकाश व्यवस्था, बेंच, सीसी सड़क व इंटरलाकिंग आदि के निर्माण के लिए एक करोड़ 41 लाख 27 हजार रुपए स्वीकृत करते हुए शासनादेश जारी कर दिया गया है। मां संकटा देवी धाम के विकास के लिए धन स्वीकृत होने पर पूर्व मंत्री डा. अम्मार रिजवी, विधायक आशा मौर्या, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, रामकुमार वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, धाम समिति अध्यक्ष रमेश वाजपेयी, चंद्रकांत रस्तोगी, आरजे वर्मा, राजेश सिंह आदि ने बधाई दी है।

ट्रैक्टर-ट्राली लुटेरे गैंग का पुलिस ने किया भण्डाफोड़

■दो बदमाश गिरफ्तार, लूटी गई ट्रैक्टर-ट्राली व मोबाइल बरामद

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। रेउसा पुलिस टीम ने शनिवार को ट्रैक्टर-ट्राली लुटेरे गैंग का भण्डाफोड़ किया है। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर लूट से सम्बन्धित ट्रैक्टर ट्राली, बैटरा, तीन मोबाइल बरामद किये हैं। पकड़े गये बदमाशों ने बताया कि टैऊक्टर ट्राली भाड़े पर बुक कराने के बाद वे रास्ते में ड्राइवर की पिटाई कर उसे छीन लेते थे और नम्बर बदल कर टैऊक्टर ट्राली को बेच देते थे। पुलिस ने संजय कुमार पुत्र लालजी पासी निवासी गौलोक कोडर टपरी थाना थानगाँव व अच्छे लाल पुत्र नेकराम पासी निवासी नरना पकौरी थाना तम्बौर को मारुबेहड़ पुल के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपियों की निशानदेही पर लूट, चोरी से सम्बंधित एक अदद आयशर ट्रैक्टर मय ट्राली, एक अदद बैटरा तीन अदद मोबाइल क्रमशः रेडमी आइटेल व टेक्नो बरामद किया। इसके अलावा अभियुक्त संजय से एक अदद तमंचा बारह बोर दो अदद कारतूस बरामद हुए।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका एक गैंग है जो ट्रैक्टर ट्राली भाड़े के लिए बुक कराते हैं और रास्ते में ले जाकर ड्राइवर से मारपीट कर ट्रैक्टर ट्राली छीन लेते हैं और नम्बर बदल कर ट्रैक्टर ट्राली बेच देते हैं।उन्होंने बताया कि बरामद ट्रैक्टर ट्राली उन्होंने छब्बीस फरवरी को करसा से ढाई हजार रूपये में सटरिंग का सामान बिसवां से लाने के बहाने बुक कराया था, जिसे केवानी नदी बिसवां मार्ग पुल से पहले मंदिर के पास ट्रैक्टर ड्राइवर को मारपीट कर उतार दिया और उसका मोबाइल व ट्रैक्टर ट्राली छीनकर ले कर चले गए। आरोपियों ने बताया कि आज उसी ट्रैक्टर ट्राली को बेचने के लिए ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पंद्रह दिन पूर्व गोपचंदपुर जनपद बहराइच से भी एक ट्रैक्टर ट्राली सटरिंग का सामान लादने के बहाने बुक किया था और रास्ते में आकर उसके भी ड्राइवर को मारपीट कर उतार दिया था और ट्रैक्टर लेकर चले गए थे। इसके अलावा लगभग एक सप्ताह पूर्व कुशवाहा पेट्रोल पम्प परसिया चौराहे के पास खड़ी पिकअप से एक अदद बैटरा बारह बोल्ट व एक अदद मोबाइल आईटेल चोरी करने की बात स्वीकार की। संदर्भित घटनाओं के सम्बन्ध में थाना रेउसा, थानगाँव व थाना हरदी जनपद बहराइच में अभियोग पंजीकृत है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्त गण शातिर एवं अभ्यस्त अपराधी हैं जिनके विरुद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत हैं। बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम, वरिष्ठ उपनिरीक्षक नागेंद्र कुमार पाण

संक्षिप्त समाचार

बटाई पर खेत नहीं देने पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हरसड़ गांव निवासी बद्री प्रसाद शुक्ल ने शुक्रवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर बगल के गांव निवासी युवक के विरुद्ध गाली गलौज समेत मारपीट कर घायल कर देने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर चिकित्सक ने उपचार किया है।दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि महुगढ गांव निवासी बल्लू मौर्य को बटाई पर खेत नहीं देने पर गाली देने लगा कि मना करने पर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर चिकित्सक ने उपचार किया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह बताया कि युवक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या

मिर्जापुर। जिले के थाना को0देहात क्षेत्रांतर्गत युवतीअंशु तिवारी पत्नी दीपक तिवारी 23 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा बैसुखिया में अपने घर के कमरे मे साड़ी के सहारे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना को0देहात पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जें में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। मृतका की शादी दिनांक 20 मई 2021 को हुई थी तथा मृतका का मायका ग्राम कुरकुटिया थाना को0देहात में ही है।

खुदी पड़ी है पाइप लाइन, शिव भक्त कांवरियों के निकलने का मुख्य मार्ग

इटावा। शिव भक्ति कांवरिया जो मध्य प्रदेश से आते हैं ओवर ब्रिज से होते हुए साइड से निकलकर पुराना बस स्टैंड होते हुए साबित गंज होते हुए तहसील से निकलकर पचराहा होते हुए मध्य प्रदेश को जाते हैं इसी रास्ते में बीएसए छात्रावास के पास नगर पालिका ने पाइपलाइन ठीक करने के लिए 10 दिन पूर्व गड्ढा किया था जो आज तक भरा नहीं गया इसी मुख्य मार्ग से होकर से वक्त कांवरिया निकलेंगे नगर पालिका की लापरवाही शिव भक्त कांवरियों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई हैं कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है इसलिए अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल नगर पालिका से मांग करती है कि उपरोक्त गड्ढे को अति शीघ्र भरकर मार्ग को चालू करें।

डबल इंजन की सरकार जनपद में बिछा रही सड़कों का जाल

इटावा। डबल इंजन की सरकार जनपद में बढ़ा रही सड़कों का जाल जनपद इटावा में नुमाइश चौराहे से 22 वाजा होते हुए दक्षिणी बाइपास तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण के कार्य की स्वीकृति लोक निर्माण अनुभाग एक से मिलने के उपरांत मार्ग चौड़ीकरण का शुभारंभ फीता काटने के उपरांत सदर विधायक सरिता भदौरिया ने व्यक्त किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान विकास भदोरिया सागर दुबे ओम रतन कश्यप विनीत कुमार पांडे चंदन पोरवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

चुनाव में बहुत मेहनत करनी हैः शिवपाल सिंह यादव

इटावा। इटावा पहुंच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने एक निजी कार्यक्रम में बोले इस लोकसभा चुनाव में बहुत मेहनत करनी है,इस सरकार को हटाना जरूरी है,यदि यह सरकार नहीं हटती है तो अब संविधान बदलेगा और संविधान के अधिकार छीन लिए जायेंगे। बेईमान हैं यह लोग, जहां कम वोट से जीते हो वहां पर बईमानी कर लेते हैं, 90 से 95 त्न से अधिक वोट डाल दो तो यह लोग बईमानी नहीं कर पाएंगे,चैनल खोलो तो उसमें वही भाजपा के लोगों के नाम चलकर रह जाते हैं।

आज मनाया जायेगा वर्ल्ड हियरिंग डे

इटावा। हर साल 3 मार्च को वर्ल्ड हियरिंग डे मनाया जाता है इस दिवस का मनाने का उद्देश्य लोगों को बहरेपन की समस्या के प्रति जागरूक करना इसी उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2007 से वर्ल्ड हियरिंग डे मनाने की घोषणा की थी। इस वर्ष इस दिवस की थीम बदलती मानसिकता-आइए कान और सुनने की देखभाल को सभी के लिए वास्तविकता बनाएं÷ पर मनाया जाएगा। यह जानकारी यूपीयूएमएस ईएनटी विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ. अभय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 3 मार्च को रविवार होने के कारण 4 मार्च को विश्वविद्यालय में संगोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होगा और ओपीडी में आए लोगों को बहरेपन से बचाव के संदर्भ में जागरूक किया जाएगा।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में मात्र तीन शिकायतों का हुआ निस्तारण

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील भरथना में स पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण स बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें।

करो सही शुरूआत, बनो फाइनेंसियली स्मार्ट

इटावा। भारतीय रिज़र्व बैंक देश की जनता के बीच विभिन्न विषयों पर वित्तीय शिक्षण संदेश के प्रचार के लिए प्रतिवर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन होता है। छात्रों और युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए वर्तमान वर्ष के वित्तीय साक्षरता सप्ताह के लिए चयनित विषय करो सही शुरूआत, बनो फाइनेंसियली स्मार्ट की थीम के साथ उप- विषय, %बचत और क पाउन्डिंग की शक्ति, छात्रों के लिए बैंकिंग आवश्यकताएं और डिजिटल साइबर स्वच्छता% पर ध्यान केंद्रित किया गया है।वित्तीय शिक्षण हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति 2020-25 के कार्यनीतिक उद्देश्यों में से एक है, जिसका उद्देश्य आम जनता को अपने वित्तीय भविष्य की जि मेदारी लेने व सशक्त बनाने हेतु वित्तीय आघात-सहनीयता का सृजन करना है।

राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ चुनाव आज

इटावा। राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत की जनपद इटावा की इकाई शाखा का त्रिवार्षिक निर्वाचन 3 मार्च दिन रविवार को दोपहर 11 बजे से शादीलाल धर्मशाला स्टेशन रोड़ इटावा में संपन्न होगा। जिलाध्यक्ष करुणा शंकर त्रिपाठी,उपाध्यक्ष अशोक कुमार, जिला महासचिव योगेंद्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता ने बताया कि जिला कार्य समिति के निर्वाचन हेतु आनंद कुमार दुबे सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर इटावा को चुनाव अधिकारी बनाया गया है।उनके साथ सहयोग के लिए संरक्षक शिव कुमार गुप्ता को जोड़ा गया है।

कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसरः डीन

इटावा। चन्द्र शेखर कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि इंजीनियरिंग एवम प्रोधोगिकी महाविद्यालय इटावा अब लगातार ही किसानों के हित में नित नए प्रयोग कर डीन डॉ एन के शर्मा के दिशा निर्देशन में प्रगति पथ पर लगातार अग्रसर हो रहा है। विद्यार्थियों एवम स्टाफ सहित क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा ने पर्यावरण एवम वन्यजीव संरक्षण के लिए कार्यरत संस्था ओशन के महासचिव,मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इंडिया के कोर्डिनेटर सर्पमित्र डॉ. आशीष त्रिपाठी के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में एक वन्यजीव रेस्क्यू एवम जागरूकता पटल की स्थापना कुलपति कृषि विश्विद्यालय के अनुमोदन उपरांत संपन्न कराई है।

वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान किया गया

इटावा। जनपद इटावा में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिये कार्य कर रही संस्था ऑर्गनाइजेशन फ़ॉर कंजर्वेशन ऑफ एनवायरनमेंट एंड नेचर (ओशन) के महासचिव, सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने सभी जनपद वासियों से विश्व वन्यजीव दिवस 3 मार्च के अवसर पर अपील की है कि,जनपद इटावा में कोई भी वन्यजीव कहीं भी दिखाई दे तो कृपया डायल 112 या वन विभाग को सूचित करें यदि कोई भी संपर्क सूत्र उपलब्ध न हो तो वे उनके हेल्पलाइन न बर 7017204213 पर भी सूचना दे सकते है। नगर पालिका परिषद इटावा के स्वच्छता, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के ब्रांड ए बेसडर एवं मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इण्डिया के यूपी कोर्डिनेटर, वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष ने बताया कि, जनपद इटावा में मौजूद विभिन्न प्रकार के वन्यजीवो को भारतीय वन्यजीव अधिनियम 1972 के कड़े कानून की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत भारतीय संविधान में विशेष संरक्षण प्रदान किया गया है।

जरूरतमंदो को सिलाई मशीन दिया

जौनपुर। ठाकुरवाणी महिला कल्याण समिति सिंगरामऊ द्वारा आयोजित महिला उत्थान,महिला कल्याण, महिलाओं का सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित कार्यक्रम में संस्था द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ साथ स्वरोजगार कौशल हुनर की चर्चा हुई । इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंदो को सिलाई मशीन अन्य महिला कौशल हेतु सामग्री का वितरण किया गया। संस्था की संस्थापक डॉ0 अंजू सिंह डॉ0 सरोज सिंह , अंकिता सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही।

राज्यपाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी झूरी बिन्द के प्रतिमा का किया अनावरण

● राष्ट्रीय क्षय रोग के रोगियो, हाईस्कूल व इण्टरमीडियट में उत्कृष्ठ अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं, दिव्यांग बच्चों व उत्कृष्ठ कार्य करने वाली स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को साईकिल व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

मिर्जापुर। प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने भटौली मार्ग के दो-मुहिया तिराहे पर जनपद के महान स्वतंत्रा संग्राम सेनानी शहीद झूरी बिन्द के प्रतिमा का अनावरण किया। राज्यपाल के राजकीय पालीटेक्निक परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पहुंचकर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के विभिन्न श्रेणी के 400 लाभार्थियो को टूल वितरण कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से 5 लाभार्थियो को राज्यपाल के कर कमलो द्वारा टूल वितरण प्रदान किया गया। आयोजित कार्यक्रम के तहत 125 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो को आंगनबाड़ी किट, क्षय रोग उन्मूलन के तहत गोद लिये जाने वाले 151 क्षय रोगियो को पोषण की पोटली, लगभग 100 से अधिक स्वंय सहायक समूह में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को अनुप्रिया पटेल फाउंडेशन की तरफ से साइकिल वितरण तथा हाईस्कूल व इण्टरमीडियट में जनपद में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओ को अनुप्रिया पटेल फाउंडेशन की तरफ से साइकिल वितरण, प्राथमिक विद्यालयो के 10 दिव्यांग बच्चों को लो विजन किट का वितरण गया। उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुये राज्यपाल ने कहा कि आप सभी के बीच में आकर हमे अपार खुशी होती हैं। स्वतंत्रता आन्दोलन में जिसने अपना सर्वस जीवन बबार्द कर दिया ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी झूरी बिन्द की जी के भव्य व सुन्दर प्रतिमा को एक चौराहे पर अनावरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होने कहा कि आजादी के आन्दोलन में ऐसे कई वीर शहीद हुये व कई जेल गये तथा जीवन भर जेल में ही रहें। उन्होने अण्डमान निकोबार के जेल में रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जिक्र करते हुये कहा कि वे इस जेल में अनेक कठिनाईयों का सामना करते हुये जीते रहे और जेल से ही आजादी आन्दोलन में हिस्सा लेते रहें। उन्होने कहा कि हम सभी कर्तव्य बनता है आजादी तो हमे मिली लेकिन उनके जो सपने थे हमारे स्वतंत्रता वीरो का कि भारत विकास की तरफ बढ़े, सभ्य समाज की तरफ जाए देश शिक्षित हो। उन्होने बेटियो की शिक्षा पर बल देते हुये कहा कि प्रायः देखने में आता है कि लड़कियो को अधिंकाश सरकारी स्कूलो में तथा बेटो को प्राईवेट कांवेट स्कूलो में भेजा जाता है किन्तु यही सरकारी स्कूल के बच्चे जब इण्टर कालेज व विश्वविद्यालय में पहुंचते है तो वहां पर सरकारी स्कूल बच्चों को जब गोल्ड मेडलिस्ट की श्रेणी में सम्मानित किया जाता है तो उनमें से 80 प्रतिशत गोल्डमेडलिस्ट लड़किया ही होती हैं। राज्यपाल जब लड़कियांध्महिलाए आत्मनिर्भर होगी, शिक्षित होगी, स्वस्थ्य होगी तभी भारत विकसित होगा। आंगनबाड़ी के बच्चों को स्वास्थ्य व शिक्षा के विकास के लिये प्रयास करने की आवश्यकता है क्योकि यही आंगनबाड़ी व प्राइमरी स्कूल के बच्चें आगे 25 वर्षो के बाद भारत को पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, सांसद राज्यसभा रामसकल व प्रदेश के कैबिनेकट मंत्री आशीष पटेल ने भी अपने उद्बोधन से राज्यपाल का स्वागत व अभिनन्द किया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद श्याम नरायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, विधायक मड़िहान रमाशंकर पटेल, विधायक मझवा डॉ विनोद बिन्द, मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0, उप पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह उपस्थित रहें।

परीक्षा केंन्द्र पर खामी से केन्द्र व्यवस्थापक को हटाया

जौनपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा के दौरान एक केंद्र पर खामी मिलने और केंद्र व्यवस्थापक द्वारा कोई जवाब नहीं दिए जाने पर परीक्षा नियामक आयोग के सचिव ने केंद्र व्यवस्थापक को हटा दिया। उनके स्थान पर नया केंद्र व्यवस्थापक तैनात कर परीक्षा पारदर्शी तरीके से कराने का निर्देश दिया।

परीक्षा नियामक आयोग के सदस्य अनिल भूषण चतुर्वेदी बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करने निकले थे। उन्होंने मछलीशहर तहसील के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।वह रामनिहोर इंटर कालेज सेमरिया पवांरा केंद्र पहुंचे। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक सुधा यादव से जानकारी मांगी, लेकिन वह कुछ बता नहीं सकी। इस पर सचिव ने नाराजगी जताई। केंद्र व्यवस्थापक को हटाकर तत्काल उनके स्थान पर होरिल राव इंटर कालेज के प्रवक्ता विजय प्रकाश को नया केंद्राध्यक्ष नियुक्त कर दिया। इस दौरान परीक्षा केंद्र पर अफरातफरी का माहौल रहा। सचिव ने सुचितापूर्ण और पारदर्शी तरीके से बोर्ड परीक्षा कराने का निर्देश दिया। विद्यालय के प्रबंधक नन्हकू राम यादव ने बताया कि सचिव केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। केंद्राध्यक्ष से कुछ जानकारी मांगी। केंद्राध्यक्ष ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके चलते उन्हें हटाकर नया केंद्र व्यवस्थापक तैनात कर दिए।

दो दिनी श्रृगांर महोत्सव रविवार से

जौनपुर। श्री माँ शारदा शक्तिपीठ (मैहर देवी) की परमानतपुर में स्थापना के 31वें वर्ष पर आयोजित आस्था एवं परम्पराओं का उत्सव श्रृंगार महोत्सव 3 व 4 मार्च को आयोजिह है । प्रेम व आनन्द से ओत-प्रोत इस उत्सव के प्रातः काल से माता का श्रृंगार व पूजन कर प्रसाद वितरण, 3 मार्च श्रीराम चरित अखण्ड पाठ तथा 4 मार्च विशाल भण्डारा का आयोजन है। भण्डारे के साथ भव्य रंगारंग झाकियों व भजन-गंगा से भक्तों का मन मोह लेने का सिलसिला देर शाम तक चलेगा। महोत्सव में मंदिर को भव्य साजो-सज्जा भी आकर्षण से सजाया है। श्री माँ शारदा की कृपा-दृष्टि पाने के लिए श्रद्धालु भक्तजनों के लिए विशेष आयोजन। यह जानकारी आषुतोष जायसवाल ने दी है।

जिले के 15 अन्नपूर्णा माडल भवनों का लोकार्पण

जौनपुर । प्रदेष के मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन सभागार, से प्रदेश के कुल 1100 नवनिर्मित अन्न पूर्णा भवनों मॉडल उचित दर दुकान तथा ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों से खाद्यान्न वितरण प्रारम्भ किये जाने का शुभारम्भ किया गया। प्रदेश के उक्त 1100 नवनिर्मित अन्न पूर्णा भवनों में जनपद की 15 अन्नपूर्णा भवनों यथा- ग्राम पंचायत-कमालपुर, वि0ख0-बदलापुर, ग्राम पंचायत-कुहिया, डोमनपुर, बरगांव वि0ख0- शाहगंज, ग्राम पंचायत-मदारीपुर भेला, वि0ख0-सुईथाकला, ग्राम पंचायत-उमरीपुर, इब्राहिमखुर्द, वि0ख0-महाराजगंज, ग्राम पंचायत-पाली, वि0ख0-मड़ियाहूँ, ग्राम पंचायत-गोपालापुर, वि0ख0- बक्शा, ग्राम पंचायत-गोल्हनामऊ, वि0ख0-सुजानगंज, ग्राम पंचायत-नाथूपुर, वि0ख0-सिरकोनी, ग्राम पंचायत-अमहित, वि0ख0-केराकत, ग्राम पंचायत-बरामनपुर, ग्राम पंचायत-बरौटी वि0ख0-डोभी एवं ग्राम पंचायत-असबरनपुर, वि0ख0-जलालपुर को भी सम्मिलित किया गया। मुख्यमंत्री के उक्त लोकार्पण के उपरान्त विधायक रमेश चन्द्र मिश्र द्वारा ग्रामवासियों को सरकार की उक्त योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा की सभी कोटेदार ईमानदारी से राशन का वितरण कराये। ई-पास मशीन, ई-वेइंग मशीन से पारदर्शी तरीके से वितरण किया जाए। उन्होंने सभी से अपील किया कि जो कोटेदार शासन के मंशानुरूप राशन का वितरण नहीं कर रहा है या अधिकारीध्कमचारियों के द्वारा अतिरिक्त पैसा मांगा जा रहा है उसकी सूचना दे, संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीबों को गरीब का हक हर हाल में दिया जाए। ग्राम पंचायत-कमालपुर, वि0ख0-बदलापुर में मुख्यमंजी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, ।
फोटो 02जेएनपी।

जीएसटीकार्यालय स्थानांतरण के विरोध में अधिवक्ताओं का बहिष्कार

मिर्जापुर। राज्य जीएसटी कार्यालय को नगर सीमा से बाहर पर्सिया (देवरहा बाबा आश्रम के पास) क्षेत्र में स्थानांतरित करने के विरोध में नगर के तीनों कर बार एसोसिएशन (कर अधिवक्ता एसोसिएशन, टैक्सेशन बार एसोसिएशन और विंध्य टैक्स बार एसोसिएशन) के संयुक्त तत्वावधान में कर अधिवक्ताओं ने लगातार दुसरे दिन भी कार्य बहिष्कार कर शिवाला महन्त स्थित राज्य जीएसटी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

आज के आंदोलन में अधिवक्ताओं को विभिन्न व्यापारिक संगठनों का भी साथ मिला। कार्यक्रम के दौरान सभी वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि वो किसी भी कीमत पर राज्य जीएसटी कार्यालय को जंगली क्षेत्र में जहां न अधिवक्ता सुरक्षित रह पायेंगे, न व्यापारी सुरक्षित रह पायेंगे और न अधिकारी सुरक्षित रह पायेंगे, स्थानांतरित नही होने देंगे। सभी वक्ताओं ने जिला प्रशासन सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों पर आरोप लगाया कि इस तरह के स्थानांतरण के निर्णय पर अधिवक्ताओं और व्यापारियों को विश्वास में नही लिया जो पुरी तरह से निंदनीय है।आंदोलन के दौरान अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों ने जीएसटी के संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) मंडल श्री दिनेश कुमार दुबे जी को ज्ञापन भी सौंपा।साथ ही अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों ने इस आंदोलन को चरण बद्ध तरीके अपनी मांग पुरी होने तक लगातार जारी रखने का निर्णय लिया है।आंदोलन में अधिवक्ताओं की तरफ से टैक्सेशन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव अमित श्रीवास्तव, विंध्य टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हौसिला द्विवेदी, कुलदीप खंडेलवाल,सुरेंद्र सिंह, कृष्ण कांत गुप्ता, राम जी, धर्मेन्द्र साध, अनिल कुमार, संजीव श्रीवास्तव, इरशाद अहमद, शिव कुमार शुक्ल, सौरभ श्रीवास्तव, कृष्णानंद, राजेश गुप्ता, अनूप कुमार, दीपक जायसवाल, कुश मिश्रा,अंकुर श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम दास, गुंजन कुमार, बृजेश कुमार चतुर्वेदी, मनोज सिंह, निलय सिंह, रविन्द्र प्रकाश सिंह, संजय कुमार गुप्ता, रुपेश कुमार,कमल मिश्रा सहित पचासों लोग सम्मिलित थे।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता रैली निकाली

जौनपुर। सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अवगत कराया है कि भारतीय खाद्य संरक्षा, मानक प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 'ईट राईट क्रिएटिवटी चैलेन्ज के अन्तर्गत जनपद स्तर पर आम जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 'कलेक्ट्रेट कैम्पस से रैली निकालकर रोडवेज, टी.डी. कॉलेज, लाइन बाजार होते हुए कलेक्ट्रेट कैम्पस में समापन'' रूट चार्ट के अनुसार प्रभातफेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) गणेश प्रसाद द्वारा प्रभातफेरी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रभात फेरी में विभागीय अधिकारीगण, पुलिस विभाग के कांस्टेबल, होमगार्ड्स सहित कुल-322 लोगों ने प्रतिभाग किया साथ ही आम जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 2 मार्च को सुरक्षित खाद्य पदार्थो से सम्बन्धित कुल-4 प्रतियोगिता कार्यक्रम, पेंटिंगपोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं स्पीच प्रतियोगिता आयोजित किये गये।

चिकित्सक और पत्रकार को किया सम्मानित

जौनपुर। शुक्रवार को नोएडा से अपने एक निजी दौरे पर आए बल्लभी ग्रुप के संस्थापक नरेंद्र शुक्ल ने पशु प्रेम और पत्रकारिता से जुड़े दो लोगों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उक्त सम्मान दोनों को अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए दिया। बल्लभी ग्रुप के संस्थापक नरेंद्र शुक्ल कृषि, इंजीनियरिंग समेत कई कम्पनियां समूचे देश में संचालित कर रहे हैं। वर्तमान में श्री शुक्ल बल्लभी ग्रीन फाऊंडेशन के बैनर तले क्षेत्र के गैरवाह स्थित वृहद गौशाले को निराश्रित गौवंशो के संरक्षण और सेवा के लिए लीज पर ले रखा है। ो वे अपने एक निजी दौरे पर शाहगंज पहुंचकर पशु चिकित्साधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल और पत्रकार व शिक्षक राजेश चौबे को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान फाऊंडेशन के प्रबन्धक सूरज तिवारी मौजूद रहे।

फोलिक एसिड के सेवन से मानसिक बीमारियों से बचाव

● मस्तिष्क पर शराब के प्रभाव को मध्यस्थ करने में सेरोटोनिन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

जौनपुर। दुर्ग में शुक्रवार को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन अगली पीढ़ी के जीवन के लिए जैविक परिवर्तनों और अनुप्रयोगष् में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो वंदना राय व प्रो प्रदीप कुमार ने आमंत्रित व्याख्यान दिया। कहा कि सही मात्रा में फोलिक एसिड का सेवन न केवल कई मानसिक बीमारियों बल्कि कैंसर से भी बचाता है व किसी भी एडिक्शन के लिए मनुष्य के जींस 50ः तक जिम्मेदार हो सकते हैं। प्रो. वंदना राय के ग्रुप ने सिजोफ्रेनि, डॉअन्स सिंड्रोम ओ सी डी के जीन पोलिमोर्फिसम् के रिस्क फैक्टर होने की संभावनाओं की उत्तर प्रदेश की जनसंख्या में स्टडी की है। मस्तिष्क पर शराब के प्रभाव को मध्यस्थ करने में सेरोटोनिन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मनोदशा, अनुभूति, इनाम, सीखना, स्मृति, और उल्टी और वाहिका संकीर्णन जैसी कई शारीरिक प्रक्रियाएं शामिल हैं। सेरोटोनिन एक रसायन है जो मस्तिष्क और आपके पूरे शरीर में तंत्रिका कोशिकाओं के बीच संदेश पहुंचाता है। सेरोटोनिन मूड, नींद, पाचन, मतली, घाव भरने, हड्डियों के स्वास्थ्य, रक्त के थक्क व अन्य कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सेरोटोनिन का स्तर बहुत कम या बहुत अधिक होने से शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।प्रो. वंदना राय पिछले 25 वर्षो से भी अधिक समय से ऐसे कई जींस पर कार्य कर रही है।

गणित के क्षेत्र में बेहतर रिसर्च करने की जरूरत

जौनपुर। तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम दिन रामानुजन सोसायटी ऑफ मैथमेटिक्स एंड मैथमेटिकल साइंसेज के तत्वाधान में आयोजित मैथमेटिक्स एंड इट्स एप्लीकेशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजीष्का उद्घाटन टी.डी.पी.जी कॉलेज के बलरामपुर हाल में हुआ। प्रथम सत्र की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रेसिडेंट ऑफ सोसायटी ,एवं प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती एवं महाविद्यालय के फाउंडर तिलकधारी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रोफेसर एम. ए. पठान द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को गणित की महत्ता बताते हुए समाज के विकास में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात डॉक्टर ए. के. सिंह ने विभिन्न विषयों में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत , सोच की स्पष्टता एवं दूरदर्शिता पर प्रकाश डालते हुए गणित के क्षेत्र में बेहतर रिसर्च करने के लिए प्रेरित किया। डॉक्टर प्रहलाद ने भूगर्भ विज्ञान पर्यावरणीय विज्ञान के क्षेत्र में गणित की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं छात्रों के द्वारा उच्च शिक्षा में रिसर्च करने हेतु सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी । डॉक्टर डॉ. एस. एन. सिंह ने देश की आजादी के बाद विकट परिस्थितियों में किस प्रकार गणितज्ञों ने कार्य किया एवं देश की गरिमा बढ़ाया पर प्रकाश डाला । दूसरे सत्र में प्रोफेसर जे.जे रावल ने ऑल अबाउट डाइमेंशंस एंड देयर एप्लीकेशंसष् पर प्रकाश डालते हुए फोर्थ डाइमेंशन टाइम,फिफ्थ डाइमेंशन मास इत्यादि पर प्रकाश डाला. मगध यूनिवर्सिटी बोधगया के डॉ मनोरंजन कुमार सिंह ने ष्फ्नी सेट एवं उसके सिद्धांतोंष् पर प्रकाश डाला. तीसरी वक्त डॉक्टर वरुण मोहन शारदा, यूनिवर्सिटी नोएडा ने ष्थैमेटिकल मॉडलिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसष् का प्रयोग करते हुए व्यापार एवं उसके मैनेजमेंट सिस्टम के मॉडल पर प्रकाश डाला. तत्पश्चात शिब शंकर दास ने ष्बेसिक बिल्डिंग ब्लॉक ऑफ लॉजिक पर विस्तृत प्रकाश डाला. अगले वक्त डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव ,अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने प्रिलेटिविटी कॉस्मोलॉजी, कॉस्मोलॉजी मॉडल एवं उसके सिद्धांत पर प्रकाश डाला. अंत में विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए रिसर्च स्कॉलर्स ने अपना अपना पेपर प्रजेंट किया.। डॉक्टर आशुतोष सिंह प्रोफेसर के.बी यादव, प्रोफेसर मनोज श्रीवास्तव, डॉक्टर आशुतोष सिंह ,डॉक्टर देवमणि दुबे, डॉक्टर अमित कुमार सिंह, डॉ विजय यादव, डॉ. जी.सी चौबे ,डॉक्टर नंदलाल सिंह, डॉक्टर जयप्रकाश यादव, डॉक्टर सुनील सिंह ,डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव आदि मौजूद रही।

पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SrDEE-TRD-

संक्षिप्त समाचार

बस अनुबंधित किंतु वैध तिथि नदारद

सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। जन सुविधाओं को देखते हुए जहां परिवहन विभाग अपनी बसों के साथ कुछ निजी बसों की सेवाएं भी ले रहा है। जिसके तहत निजी बसों को एक वैद्य तिथि के साथ अनुबंधित कर उन्हें चलाने की अनुमति दी जाती है ।इन बसों पर अनुबंध की तिथि भी लिखी जाती है कि अमुक बसों को किस तिथि से किस तिथि तक चालान के परमिट दी जाती है। किंतु बस्ती डिपो की एक बस इस अनुबंध की खिल्ली उड़ा रही है ।देखा गया है की बस्ती डिपो की यह बस प्रतिदिन सिद्धार्थ नगर का चक्कर लगाती है, किंतु इस बस पर अनुबंध होने की सूचना तो अंकित है किंतु तिथि नतारद है। अब यह तो परिवहन विभाग के जिम्मेदार ही बता सकते हैं कि ऐसा क्यों है। क्या अनुबंध तिथि समाप्त होने के बाद भी यह बस चलाई जा रही है या यह जिम्मेदारों की लापरवाही का नतीजा है।

आबकारी विभाग ने छापेमारी कर बरामद की अवैध शराब

अमेठी। जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त, अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी, अमेठी के पर्यवेक्षण में शनिवार को सुश्री रानी सागर आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, तिलोई, सतीश दीक्षित क्षेत्र 2 आबकारी निरीक्षक अमेठी मय हमराह स्टाफ सुबोध कुमार कौशल सिंह.राजेश सिंह ,मनोज कुमार सभी प्रधान आबकारी सिपाही/आबकारी सिपाही मय संविदा वाहन के साथ ग्राम शंकरगंज थाना मोहनगंज,हतवा थाना जायस में दबिश देकर करीब 120 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 750 कि.ग्रा. लहन मौके पर नष्ट कर 04 मुकदमें पंजीकृत किये गये साथ ही आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया।तथा गांव के लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले घातक दुष्प्रभावों से परिचय कराते हुये केवल लाइसेंसी दुकानों पर मिलने वाली वैध मदिरा के सेवन हेतु प्रेरित किया गया।किसी व्यक्ति या स्थल पर अवैध शराब के निर्माण, संचय अथवा बिक्री की सूचना टोल फ्री, हेल्पलाइन अथवा आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर देने की अपील की गयी।

आज छह घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

अमेठी। अधीक्षण अभियंता ललित कृष्ण ने जानकारी देते हुए बताया कि 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र गौरीगंज तहसील (असैदापुर) अमेठी वाईपास पर 11 के0वी0 ब्रेकर पैनलों की स्थापना का कार्य किया जाना है। जिसके कारण 3 मार्च 2024 को गौरीगंज टाउन की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। इन्होंने सभी आम जनों से सहयोग की अपील की है।

25 में चार शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने की। समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित आई। मौसम खराब होने के चलते तहसील दिवस में फरियादियों का जमवाड़ा लगा रहा। शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम कार्तिकेय सिंह की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 19 शिकायतें आई। जिसमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी अन्य विभागों में पुलिस की तीन, नगर पालिका की एक शिकायतों समेत कुल 25 शिकायतें आई। जिसका निस्तारण संबंधित विभागों को जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए।

बेमौसम बरसात से किसानों में छाई मायूसी

मोहम्मदी - खीरी,(स्पष्ट आवाज)। क्षेत्र में अचानक बे मौसम तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश से गेहूं आलू सरसों और आम की फसल को भारी नुकसान होने की आशंका से किसानों के चेहरे मुरझा गए। वहीं बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति ठप हो गई जिसके चलते लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ा है। शुक्रवार की रात से अचानक मौसम ने करवट बदलते ही तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू होने से ठंडक बढ़ गई है। वहीं बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। किसानों को फसलों की तैयारी पर बिटिया की शादी के लिए तैयारियां को लेकर प्रकृति ने उसके मंसूबे पर पानी फेर दिया। फसलों में भारी नुकसान हो जाने की आशंका के चलते उसके चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच आई है। ग्रामीण क्षेत्र में 12 घंटे से अधिक समय से विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप्प हो गई। आसमान में घिरे काले बादलों के चलते परीक्षा देने पहुंचे छात्र-छात्राओं को अंधेरे के चलते भारी मुसीबत उठानी पड़ रही है। परीक्षा के समय विद्युत कटौती मुक्त सरकारी आदेश हवा हवाई साबित हुआ है।

मोना के नेतृत्व में जारी रहेगा रामपुर खास में विकासः प्रमोद

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शनिवार को कैम्प कार्यालय पर लोगों से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास मे सहयोग मांगा। उन्होने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा पेयजल, बिजली तथा सड़क व अन्य जरूरी विकास से जुडी योजनाओं में भी कार्यकर्ताओ से गुणवत्ता व पारदर्शिता पर नजर रखने को कहा। इसके पहले प्रमोद तिवारी का तहसील गेट पर अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह की अगुवाई मे सैकेडो अधिवक्ताओं को प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत करते देखा गया। वह तहसील सभागार में राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारी बैठक के तहत यहां पहुंचे थे। वकीलों से भी बातचीत करते हुए सांसद ने न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में बार और बेंच में समन्वय पर जोर दिया। प्रमोद ने धधुआ गाजन तथा संगम चौराहे पर भी लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलछेम लिया। इस मौके पर लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, केडी मिश्र, सभासद दारा सिंह, सभासद सोनू शुक्ला, आनन्द पाण्डेय, प्रीतेन्द्र ओझा आदि रहे।

परमात्मा की प्राप्ति के लिए मन में पवित्रता होः आचार्य अरूणेश

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के राजातारा गांव मे हो रही संगीतमयी श्रीमदभागवत कथा में पांचवे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड जुटी दिखी। कथाव्यास अरूणेश जी महराज ने कहा कि निष्काम पूजन ही ईश्वर का सुगम मार्ग है। उन्होने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए मन की पवित्रता होनी चाहिए। वही आचार्य अरूणेश जी ने पूतना चरित्र का भी श्रद्धालुओं के बीच मार्मिक वर्णन किया। उन्होने कहा कि कथा को सुनने जुटे श्रद्धालुओं से आचार्य अरूणेश ने गौमाता की सेवा तथा गायत्री जाप व गीता पाठ के भी पुण्य प्रतिफल का सार समझाया। कथा के दौरान रूक्मणी विवाह प्रसंग पर श्रद्धालु महिलाएं संकीर्तन में भी मगन देखी गयी। कथा के संयोजक पूर्व प्रधानाचार्य भगवानदीन त्रिपाठी ने कथाव्यास का रोली चंदन से अभिषेक किया। इस मौके पर आचार्य बृजबिहारी मिश्र, पं. दिवाकर पाल तिवारी, श्रीनारायण तिवारी, राजकुमार मिश्र, भास्कर पाल त्रिपाठी, अंजनी अमोघ, मुन्ना शुक्ल, कमलेश तिवारी आदि रहे।

सुगम खाद्यान्न योजना भाजपा सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धिः एमएलसी

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर विकासखण्ड के उदयपुर बाजार में शनिवार को मनरेगा के तहत ग्राम विकास विभाग द्वारा निर्मित अन्नपूर्णा भवन का शिक्षक विधायक एवं दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के चेयरमैन उमेश द्विवेदी ने समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। शिक्षक विधायक उमेश ने कहा कि भाजपा के शासन में खाद्यान्न योजना जरूरतमंदो के लिए उनके आत्मसम्मान के लिए वरदान है। उन्होने कहा कि उचित दर की आदर्श दुकानों की स्थापना का योगी सरकार का निर्णय वृद्धा तथा दिव्यांग व विधवा के साथ गरीब तबके के लिए जीवन निर्वहन में खाद्यान्न की बहुउपलब्धता का पारदर्शी प्रबन्धन है। शिक्षक विधायक ने लोगों से सरकार की इस पारदर्शी सुगम खाद्यान्न योजना को जरूरतमंदो तक लाभान्वित किये जाने का आहवान किया। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की प्रेरणा से ग्रामीणों को सरकारी राशन एवं दैनिक उपभोग की वस्तु तथा आनलाईन सेवाएं अब एक ही स्थान पर सुगम होंगी। वहीं उन्होने कार्यक्रम में सरकार की कृषि समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

सांसद ने चौपाल में लोगों की सुनी समस्याएं

❍ लापरवाही की तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जनता की समस्या का समाधान तुरंत होना चाहिए

बर्डपुर , सिध्दार्थनगर स्पष्ट आवाज़। यूपी के पूर्व डीजीपी व राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने शुक्रवार को देर शाम सांसद आदर्श ग्राम पंचायत बजहां पहुंचे, जहां चौपाल में लोगों की समस्या सुनी राज्य सभा सांसद ने 3 आदर्श गांव चुना था जिसमे उन्होंने रामपुर , बजहा का भ्रमण किया। और सभी विभागों की समीक्षा की जिसमें बन विभाग व मत्स्य विभाग में बड़ी कमियां पाई, वन विभाग में वृक्षारोपण और ट्री गार्ड केवल पेपर में हुआ है। मत्स्य विभाग में भी भारी घोटाला सामने आया है जिसमे मत्स्य बीज संचय के लिए पेपर में 20 बीघे के रकबे में कार्य पूर्ण होना दिखाया गया लेकिन जमीन पर कुछ भी नही है। राज्यसभा सदस्य के सवालों के जवाब में अधिकारी नही दे पा रहे थे। सांसद के सवालों का जवाब एकाध को छोड़ कर किसी के पास नही था। सभी अपनीङ्कअपनी कमियां छुपाते नजर आए।

राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने कहा यह मात्र बानगी है मै मुख्यमंत्री से सबकी जांच कराऊंगा।उहोंने कहा एक जिला एक उत्पाद में काला नमक को लाने के लिए बहुत मेहनत किया गया है। उसका में कॉमन फैसेल्टी सेंटर 12 करोड़ का। प्रोजक्ट लगा है जिससे काला नमक का रकबा भी बढ़ा है। बजहां के किसान मुहम्मद मुस्तफा ने सिंचाई को लेकर समस्या बताई और टूटे हुई पुल को बनाने की मांग की। राज्यसभा सदस्य ने कहा मछली ठेकेदार सागर से पानी निकाल देते है जिससे किसानों को सिंचाई की समस्या होती है पूर्व में पट्टे से मना किया था। किसानों को सिंचाई की समस्या हुई तो पट्टा फिर से कैंसिल कराऊंगा। उन्होंने अधिकारयों को निर्देश दिए की जनता की समस्या का समाधान तुरंत होना चाहिए, अगर किसी ने लापरवाही की तो बर्दास्त नही किया जाएगा।

सम्पूर्ण समाधान दिवस लालगंज में डीएम-एसपी ने सुनी शिकायतें

प्रतापगढ़। डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। लालगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 102 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 07 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 102 शिकायतों में से 32 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 25, विकास विभाग से 16, विद्युत से 08 एवं 21 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रवीन्द्र मिश्रा निवासी वार्ड नं-8 मनीपुर नगर पंचायत लालगंज ने शिकायत किया कि वार्ड नं-8 में 2 वर्षो से इण्डिया मार्का नल हैण्डपम्प खराब पड़ा है, कई बार सम्बन्धित नगर पंचायत में प्रार्थना पत्र भी दिया लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है जिस पर डीएम ने नगर पंचायत लालगंज के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें।

पू.मा.वि. गौहनिया राज के स्काउट और गाइड ने राज्य स्तरीय सोपान जांच शिविर में किया प्रतिभाग

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। कम्पोजिट विद्यालय जनियाजोत बांसी में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहनिया राज के 8 स्काउट और 10 गाइड ने स्काउट मास्टर कुलदीप कुमार के नेतृत्व में हिस्सा लिया। सभी स्काउट और गाइड ने शिविर में अमित शुक्ला बस्ती, महेश कुमार, अभिषेक यादव बर्डपुर, कुलदीप कुमार डुमरियागंज, राजीत कुमार खुनियांव, जितेंद्र, महेश प्रसाद लोटन, डॉ0 इफ्तेखारुन्निशा बांसी, अर्चना वर्मा लोटन आदि प्रशिक्षकों से प्राथमिक सहायता, सीपीआर, गांठ-बंधन, बीपी सिक्स, आग व आग के प्रकार, योग, साहसिक क्रियाकलाप, हाइक, कैम्प फायर, ज्ञानेंद्रिय परीक्षण आदि के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में स्काउट संवर्ग में विशाल, अमरजीत, रवि, प्रेम बाबू, बृजेश, राजा, जय किशन, ओमकार तथा गाइड संवर्ग में इंशा परवीन, काजल, राजेश्वरी, राजवंदिनी, सत्या, लक्ष्मी, फिजा, अर्चना, अंशिका, गुड़िया ने प्रतिभाग किया। सभी स्काउट एवं गाइड जब शिविर से वापस अपने विद्यालय पर आये तो विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मो0 आरिफ उस्मानी, अर्जुन प्रसाद, विजय प्रकाश गौतम साहित सभी अभिभावकों आदि ने उनका भव्य स्वागत किया।

आदर्श गौशाला का एडीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। आदर्श गौशाला नगर पंचायत शोहरतगढ़ के छतहरा स्थित शनिवार को आदर्श गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण अपर जिलाधिकारी उमाशंकर ने किया। एडीएम ने आदर्श गौशालें में 64 गायों को पाया, सभी गायों अच्छी व तन्दुरूस्त पायीं गयी। गायों को गौशाला में पुआल व चोकर की व्यवस्था पायीं गयी। इस दौरान गौशाला में व्यवस्था को देखकर एडीएम ने प्रशंसा की। इस दौरान नगर पंचायत शोहरतगढ़ अधिशाषी अधिकारी अजय कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, राजेश त्रिपाठी सहित कई गौशालाकर्मी मौजूद रहें।

विधायक द्वारा नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का हुआ लोकार्पण

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। विकास खण्ड बर्डपुर के ग्राम पंचायत भगवानपुर में शनिवार को मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारम्भ वर्चुवल रूप से लोक भवन सभागार लखनऊ से किया गया। जिसका उदघाटन विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही द्वारा फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक कपिलवस्तु ने कहा कि खाद्यान्न वितरण में जो शिकायतें प्राप्त होती थी, वो अब ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण होने से पूरा खाद्यान्न लाभार्थियों को प्राप्त होगा। वहीं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि पूरे जनपद में 80 अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) बन रहे हैं, लगभग 25 और दुकानें बनकर तैयार होने वाली हैं। राशन की दुकानों पर कार्डधारक द्वारा अंगूठा लगाने पर जितना राशन मिलता था, उतना ही ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न मिलेगा। इसमें किसी प्रकार की घटतौली नहीं होगी। मनरेगा योजना के अन्तर्गत अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकानों) का निर्माण हो रहा है। यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन ए0डी0ओ0 कोआपरेटिव अम्बरीश यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर डी0सी0 मनरेगा रविशंकर पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर सुरेश कुमार मौर्या, पूर्ति निरीक्षक बर्डपुर विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, सन्तोष यादव, सचिव राजदीप मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बैतुल्लाह खान तमाम कोटेदार व लाभार्थीगण मौजूद रहें।

पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मुसाफिरखाना। कोतवाली पुलिस की टीम ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में वांछित अभियुक्त को शनिवार की सुबह गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई की। गौरतलब है किबीते शुक्रवार को क्षेत्र के एक गांव में खेत जा रही एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया था। इस मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उसी गांव के एक युवक के विरुद्ध आईपीसी की धारा 354 क व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। एसएचओ विनोद कुमार सिंह ने बताता कि एसआई संतोष कुमार मिश्रा की टीम ने आरोपी अर्जुन को सीएचसी नहर पुलिया के पास से सुबह लगभग साढ़े दस बजे गिरफ्तार कर लिया।

मानव दुर्व्यापार रोकने के लिए बेहतर समन्वयन ज़रूरीः सहायक कमांडेंट

बढ़नी सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। भारत नेपाल सीमा पर मानव दुर्व्यापार रोकने के लिए दोनों देशों की सीमा सुरक्षा एजेंसियों के अलावा पुलिस एवं ह्यूमन ट्रैफ़िकिंग रोकने के लिए बार्डर के दोनों तरफ़ कार्यरत एनजीओ के बीच में बेहतर समन्वय एवं सूचनाओं का तत्काल आदान प्रदान ज़रूरी है। उक्त बातें बढ़नी समवाय में क्रॉस बार्डर समन्वय बैठक में सशस्त्र सीमा बल की 50वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट दिनेश कुमार ने कही। बैठक का आयोजन सशस्त्र सीमा बल एवं प्लान इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। बैठक के दौरान नेपाल बार्डर पर कार्यरत किन नेपाल की प्रतिनिधि भरोसा खतीबड़ा ने बताया कि पिछले तीन महीनों में उन्होंने बार्डर पर मानव दुर्व्यपार के 38 संदिग्ध मामलों को रोका, जिनमें से 28 नाबालिग लड़कियों थी। इनमें से भी अधिकतर सोशल मीडिया फ़ेसबुक आदि के माध्यम से ट्रैफ़िकर से संपर्क में आयी थीं, जो प्रेमजाल में फँसाकर उन्हें शादी का झाँसा देकर भारत में बुला रहे थे।

प्लान इंडिया के सिद्धार्थनगर ज़िला समन्वयक प्रसून कुमार ने बताया कि भारत नेपाल बार्डर से लगी बढ़नी एवं शोहरतगढ़ की 25 पंचायतों में मानव दुर्व्यपार रोकने एवं बाल संरक्षण के लिए सघन रूप से कार्य किया जा रहा है। इन दोनों प्रखण्डों के 700 से अधिक परिवारों को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से जोड़ने में मदद की गई है। इन 25 पंचायतों की अति ग़रीब परिवारों की 35 युवा महिलाओं को एक माह का सघन सिलाई का प्रशिक्षण देकर सिलाई मशीनें एवं स्टार्ट अप किट दी गई हैं। ये सभी युवा महिलायें अब अपना व्यवसाय शुरू कर 4 से 5 हज़ार प्रति माह कमा रही हैं। मानव दुर्व्यपार रोकने के लिए प्लान इंडिया द्वारा जागरूकता हेतु बार्डर पर ही हेल्पलाइन नंबर से सम्बन्धित डिस्प्ले हिन्दी एवं नेपाली भाषा में लगाये गये हैं। बैठक के दौरान प्लान इंडिया द्वारा प्रोटेक्ट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत किये गये कार्यों पर बनी एक पाँच मिनट की लघु फ़िल्म का प्रदर्शन भी किया गया। क्रॉस बार्डर समन्वय बैठक में प्लान इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर उमेश कुमार गुप्ता, नेपाल पुलिस के सब इन्सपेक्टर दामोदर दाँगी, नेपाल पुलिस के टीकाराम रावल, पीआरसी नेपाल से सुमित्रा भंडारी, गांधी आदर्श इण्टर कालेज के प्राध्यापक विजय कुमार वर्मा, आशीष नेपाल की सविता बी0के0, सशस्त्र सीमा बल के इंस्पेक्टर भूपेन्द्र, साना हात नेपाल से भीमा परिहार, उत्तर प्रदेश पुलिस के कांस्टेबल राकेश कुमार एवं प्लान इंडिया के समग्र बाल विकास मित्र विजय शंकर यादव, काजल श्रीवास्तव एवं शिवानंदन आदि मौजूद रहें।

संदिग्ध दशा में युवक का शव मिला कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव मिलने से हडकंप मच गया। मौत की जानकारी होते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लालगंज कोतवाली के पयागीपुर बागवान का पुरवा निवासी चालीस वर्षीय शिवकुमार सरोज पुत्र रोघई सरोज खेती का काम करता है। परिवार के लोगों के अनुसार शिवकुमार शुक्रवार को खेत की रखवाली करने गया था। शाम को जब वह घर नही लौटा तो उसकी खोजबीन की जाने लगी। इसी बीच शाम करीब साढ़े सात बजे घर से करीब तीन सौ मीटर दूर चकमार्ग किनारे उसके अचेट पड़े होने की जानकारी मिली। मृतक की बीडीसी पत्नी रंजना सरोज व परिवार के लोग भागकर वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज ले गये। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

गरीब व जरूरतमंदों की विधायक ने की मदद

पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। भाजपा विधायक रोमी साहनी ने अपने कैंप कार्यालय पर जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान विधायक ने गरीब व जरूरतमंदों की समस्याओं को सुनते हुए उसकी पचास हजार रुपए की मदद की। भाजपा विधायक रोमी साहनी ने पलिया के प्रेम बहादुर को इलाज के लिए दस हजार रुपए, पलिया के शफीक अहमद की लड़की की शादी के लिए पांच हजार रुपए, निषाद नगर घोला के राम केवल निषाद को इलाज के लिए पांच हजार, सत्यपाल की बेटी की शादी के लिए पांच हजार, भीरा क्षेत्र के रामनिवास की पांच हजार हबीउल्ला ग्राम सेमरीपुरवा को इलाज के लिए चार हजार रूपए, पलिया की सुनीता देवी की दो हजार गुड्डी देवी दो हजार, ओम प्रकाश की दो हजार सहित अन्य गरीब व जरूरतमंदों की आर्थिक सहायता की।

आपदा मित्र प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

मोहम्मदी- खीरी,(स्पष्ट आवाज)। नगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टरों द्वारा आपदा से निपटने के लिए जानकारी दी गई। शनिवार को अधीक्षक मयंक मिश्रा की निगरानी में आपदा मित्रों का प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया। जिसमें डॉ कुलदीप सिंह द्वारा आपदा मित्रों को भूकंप, मार्ग , आग भवन दुर्घटना में घायल लोगों को चार कैटेगरी ग्रीन,रेड , ब्लैक और येलो में रखकर प्राथमिक उपचार देकर स्वास्थ्य केंद्र पर भेजने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

वाराणसी और उत्तराखंड ने लखनऊ व गाजियाबाद को हराया

❍ वाराणसी ने लखनऊ को 5 रन व उत्तराखंड ने गाजियाबाद 1 रन से जीते

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम रेलवे स्टेशन के सामने छतहरी शोहरतगढ़ उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 का शनिवार को मुकाबला वाराणसी व लखनऊ के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर वाराणसी के कप्तान नीरज ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट होकर 175 रन बनाये। जिसमें शार्दुल त्रिपाठी ने 65, प्रियांशु पाण्डेय ने 43 और अतुल सिंह ने 27 रनों का योगदान दिया। वाराणसी की तरफ से नीरज व बंटी ने 2 - 2 व उज्ज्वल ने 01 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने वाली वाराणसी की टीम ने सत्यम के 54, विकास व भास्कर के 40-40 तथा विवेक सिंह के 26 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 180 रन बनाकर 04 विकेट होकर लक्ष्य को हासिल कर लिया और सेमीफाइनल में अपनी जगह बनायीं। लखनऊ की तरफ से हिमांशु ने 02 और अनुज व अभिषेक ने 01-01 विकेट लिया। इस मैच के मैन आफ द मैच वाराणसी के सत्यम को दिया गया। वहीं दूसरी पाली का मुकाबला क्रिकेट एसोसिएशन आफ चंपावत उत्तराखंड और गाजियाबाद के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीता गाजियाबाद के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। गाजियाबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट 136 रन बनायें। गाजियाबाद की तरफ से पीयूष कुमार ने 56 और निखिल यादव ने 18 रनों का योगदान दिया। उत्तराखंड की तरफ से मोहित ने 02 और हर्षित व हर्ष ने 01-01 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तराखंड की टीम ने 18.5 बल पर पांच विकेट होकर 137 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। उत्तराखंड की तरफ से हर्ष राणा ने नॉट आउट 39 और मोहम्मद जीशान ने नॉट आउट 30 व अभिषेक प्रताप ने 30 रनों का योगदान दिया। गाजियाबाद की तरफ से निखिल ने 02 व कप्तान अंकित यादव ने 02 विकेट लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच उत्तराखंड के खिलाड़ी हर्ष राणा को दिया गया। वहीं मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समाजसेवी विवेक पाण्डेय और रवि प्रताप सिंह के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य व समाजसेवी उमेश प्रताप सिंह, लोकतंत्र सेनानी प्रहलाद मिश्रा, राजेश उपाध्याय, केशव राम यादव आदि लोग मौजूद रहें।

सांसद ने लाभान्वित कृषकों में 697 पम्पसेट का किया वितरण

सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। विकास खंड खुनियाव में वृहस्पतिवार को पम्पीसेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल के साथ उपस्थित पूर्व विधायक डाश सतीश द्विवेदी ने लाभार्थियों में पंपसेट का वितरण किया। सांसद जगदम्बिका पाल ने 6.5 हर्स पावर किरलोसकर देते हुए कहा गया कि वर्ष 2015-16 गत वर्ष के लाभान्वित कृषको को डीज़ल पम्पसेट वितरण किया गया। जिसमें लाभान्वित 405 सामान्य जाति के 292 अनुसूचित जाति के लोगों में वितरित किया गया।

सांसद ने कहा कि किसानों की कृषि उत्पादकता में आशातीत वृद्धि हुई है और उनकी आर्थिक स्थित में सुधार होने से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आय दोगुना करने का सपना भी साकार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की पूर्ण हितैषी है। लाभान्वित कृषक घनश्याम गुप्ता ने सरकार और सांसद जी का आभार जताते हुए बताया कि पहले सरकार द्वारा बोरिंग कराया गया था परन्तु स्वयं का पम्पसेट न होने के कारण किराये पर मांग कर सिचाई करते थें और अब सरकार द्वारा पम्पसेट दिए जाने से अब समय और पैसो का बचत होगा। कार्यक्रम के दौरान लघु सिचाई सहायक अभियंता अश्वनी शुक्ला,खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार शुक्ला,अपर अभियंता वीरेंद्र,बोरिंग टेक्निसियन पंकज,रिंकू पाल,मुरारी सिंह व समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद - सीतापुर

पत्रांक : 153/टी0सी-04/2023-24 दिनॉक : 02 मार्च, 2024

अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में 2.0 अमृत (अमृत सरोवर योजना) परियोजना 01 की ई-निविदा निम्नलिखित तिथियो में http//etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है :-

अपलोड करने की तिथि व समय	अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	निविदा खुलने की तिथि व समय
दिनांक 02.03.2024 समय अपरान्ह्न 02:00 बजे से	दिनांक 06.03.2024 समय अपरान्ह्न 02:00 बजे तक	दिनांक 06.03.2024 समय अपरान्ह्न 03:00 बजे तक

नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी - 1,
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ

No. 1580/ E-tender/2023-24 Dated -26.02.2024

अल्पकालिक निविदा विज्ञप्ति

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्र

आबकारी मंत्री ने विकसित भारत संकल्प पेटी का किया विमोचन

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। प्रदेश शासन के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, विधान परिषद सदस्य डॉ हरिओम पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय के साथ नगर के एक मैरेज हाल में विकसित भारत संकल्प पेटी का विमोचन किया। मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि चुनाव में विभिन्न राजनैतिक पार्टियां अपने घोषणा पत्र जारी करती हैं। भाजपा चुनावों में अपनी घोषणा पत्र नहीं अपितु संकल्प पत्र जारी करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में चल रही सरकार की योजनाओं और नीतियों और जनहित के कार्यों पर आधारित भाजपा अपने संकल्प पत्र को जनता की सुझाओं को समाहित कर जारी करती है। कहा कि भारत के 1 करोड़ लोगों से विकसित भारत संकल्प पत्र पेटी द्वारा उनके विचार प्राप्त करने के लिए भारत संकल्प पत्र पेटी का विमोचन भाजपा ने कर दिया है।

कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, कश्मीर की धारा 370 की समाप्ति, मुस्लिम बहनों की तीन तलाक से मुक्ति, प्रत्येक बेघर को प्रधानमंत्री आवास, हर घर नल से शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अभियान, शौचालय निर्माण आदि बहुत सारे अनगिनत जनहित के कार्यों को लेकर जनता का आशिर्वाद प्राप्त करेगी। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 4 सौ से अधिक सीटें मिलेंगी और तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री पद पर आसीन होंगे।

आठ माह का कार्यकाल पूरा होने पर मेयर ने दी विकास कार्यों की जानकारी

मुरादाबाद।महापौर विनोद अग्रवाल ने अपने तीसरे कार्यकाल के 8 माह पूरे होने पर नगर निगम कैंप कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर मुरादाबाद महानगर में हुए विकास कार्यों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, मुरादाबाद महानगर में तेजी के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं, अब तक कई सड़कों का निर्माण हो चुका है और कई सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है।महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि महानगर में चहुंमुखी विकास हो रहा है, अब घरों से कूड़ा उठाने के लिए नई एजेंसी से अनुबंध किया गया है। उन्होंने दावा किया कि 240 दिन के कार्यकाल में 2400 विकास कार्य किये जा चुके हैं। महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य पर नगर निगम आगे बढ़ रहा है। महानगर के जिन 50 वार्डों में अब तक घर-घर कूड़ा उठान के लिए कोई एजेंसी नहीं थी, उसमें अब एक नई एजेंसी को कार्य दे दिया गया है,जो इन वार्डों में जाकर घर-घर से कूड़ा एकत्रित करेगी स उन्होंने कहा कि देश के 100 विकसित महानगरों में शामिल मुरादाबाद में विकास कार्य करीब 80 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है, जून तक स्मार्ट सिटी मिशन की सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा।उन्होंने आगे बताया कि चार मार्च को नगर निगम बोर्ड की बैठक के बाद छह मार्च को 15वें वित्त संबंधी बैठक होगी। साथ ही उन्होंने आगे कहा की जून माह में हमारे तीन साल के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर मुरादाबाद महानगर में कई विकास कार्य पूरे हो जाएंगे, और आने वाले समय में मुरादाबाद महानगर की बदली हुई सूरत आप सबको नजर आएगी।

गांवो को जोड़ने वाली सड़क निर्माण को लेकर डीएम को ज्ञापन

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। सड़क निर्माण को लेकर नाजिम खां पुत्र बाबू खां ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सौंपा गया।नगर मोहल्ला रजागंज देहात क्षेत्र निवासी नाजिम खां ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि शेरपुर रेलवे क्रासिंग से रेलवे लाइन की दक्षिण सादड को चार ग्रामो पूरनपुर देहात ढका सिमरिया ता0 महाराजपुर लालपुर अमृतपुर के ग्रामीणों के आवागमन के मार्ग निर्माण को लेकर तीन साल सम्बन्धितों को ज्ञापनों शिकायतों के माध्यम से अवगत कराते हुये धरना प्रदर्शन भी किया गया नागरिकों की मांग पर तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे व विधायक बाबूराम पासवान के निर्देश पर नगर पालिका परिषद द्वारा 130 मीटर नाला और पक्का सड़क निर्माण करा दिया गया परन्तु अभी तक शेष 400 मीटर सड़क का निर्माण कार्य अधर में लटका है पक्की सड़क व नाला न होने के कारण नगर क्षेत्र का पानी जमा होता है जिससे कीचड़ व जल भराव की समस्या से देहात क्षेत्रवासियों एवं उक्त मार्ग से संबधित चार ग्रामों के नागरिकों को भारी असुविधा उठानी पड़ रही है जिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में उक्त मार्ग का यथाशीघ्र निर्माण कराने व राजस्व टीम गठित कर सीमांकन कराने की मांग की गयी है।

नगर आगमन पर डीएम का कौशलेन्द्र ने किया स्वागत

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी पीलीभीत के जिला सचिव ने जिलाधिकारी को रेड क्रॉस सोसाइटी का प्रतीक चिन्ह एवं बुके देकर स्वागत किया। समिति के जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी पीलीभीत के अध्यक्ष/जिलाधिकारी पीलीभीत के पूरनपुर आगमन पर जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने पुष्प गुच्छ देकर एवं रेड क्रॉस सोसाइटी का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

संक्षिप्त आवाज़

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) अपनी रिश्तेदारी में जा रहे बाइक सवार मां-बेटे को तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया और कार्यवाही में जुट गई। हादसा बिजनौर के अफजलगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार को उस वक्त हुआ जब जटपुरा सुआवला मार्ग पर स्थित शेरगढ़ के पास अपनी रिश्तेदारी में जा रहे बाइक सवार मां-बेटे को तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक सवार वेद प्रकाश सिंह (40) पुत्र नोबहार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां विद्या देवी (65) पत्नी नोबहार सिंह की इलाज के दौरान काशीपुर में मौत हो गई। मां बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

हादसे की सूचना मिलने पर अफजलगढ़ कोतवाल राजकुमार सरोज, हलका इंचार्ज नवीन कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई अजय की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

तेज बारिश व हवा से खेत में बिछी गेंहू की फसलें

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण गेहूं तथा सरसों की फसल जमीन में बिछ गई है। इससे किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं।बीती रात बेमौसम बरसात के साथ तेज हवाएं चलीं।जिससे गेहूं और सरसों की की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। फसलें तैयार होने के करीब हैं,लेकिन अचानक बारिश से तैयार फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।बारिश से गेंहू,चना,मटर और आलू की फसल को भी जबरदस्त नुकसान हुआ। इसका असर फसल उत्पादन पर पडना तय है। किसानों का कहना है कि यही हाल रहा तो फसल पूरी तरह से चौपट हो जाएगी। रात्रि में हुई बरसात व तेज हवाएं चलने से किसानों की गेहूं,सरसों की फसलें धराशाही होकर जमीन पर चटाई की तरह बिछ गई। जिससे किसानों का काफी नुकसान होना बताया जा रहा है। बरसात से गेहूं और सरसों के अलावा चना, मटर की फसल को भी नुकसान हुआ। चने की फसल में फूल निकल रहे हैं। हवा के कारण फूल गिर गए। खेतों में पानी भरने से आलू,मटर के सड़ने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि मौसम का यही हाल रहा तो और फसल चौपट हो जाएगी। हालांकि बाद में बोई गई गेहूं की फसल के लिए बारिश फायदेमंद है। बारिश से जहां एक बार फिर ठंड लौट आई और तापमान गिर गया, वहीं अगेती फसल खासकर गेहूं की फसल को हवा ने जमीन पर सुला दिया। जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। लेकिन अगेती फसल होने के कारण गेहूं की बालियों से बना भार तथा एक-दो दिन पूर्व ही गेहूं की फसल की सिंचाई करने वाले किसानों को बारिश ने अच्छा-खासा नुकसान पहुंचाते हुए उनके अरमानों पर वज्रपात कर दिया है। गेहूं की पछेती फसल के साथ सिंचाई न कर पाए किसानों की तो मुंह मांगी मुराद पूरी हो गई। गेहूं के अलावा जहां गन्ने की फसल के लिए बारिश फायदेमंद है।

रेलवे क्रासिंग बन्द होने से नाराज ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जनपद में अकबरपुर से टांडा जाने वाली रेलवे लाइन पर स्थित महमदपुर के पास बने रेलवे क्रासिंग स्थायी रूप से बन्द कर दिए जाने से नाराज ग्रामीणों ने अकबरपुर टांडा मार्ग को पटेल नगर के पास जाम कर दिया। ग्रामीण सड़क जामकर हंगामा करने लगे। जाम की सूचना पर पहुंचे अकबरपुर प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को समझा कर जाम को खुलवा कर आवागमन शुरू कराया। बता दें कि रास्ता बीएसपी छोड़कर बीजेपी में आए सांसद रीतेश पांडेय के पैतृक गांव को जोड़ता है। अकबरपुर थाना इलाके के अकबरपुर टांडा रेलवे ट्रक पर महमदपुर के पास बने रेलवे क्रासिंग को स्थायी रूप से बन्द किये जाने से नाराज दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों ने अकबरपुर टांडा मार्ग को पटेल नगर के पास जाम कर दिया। जाम से आवागमन बाधित हो गया। करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अकबरपुर वीरेंद्र सिंह ने लोग को समझाबुझा कर जाम खुलवाया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे क्रासिंग बन्द हो जाने से महम पुर समेत दर्जनों गांव के हजारों ग्रामीणों को आने जाने में समस्या होगी। ग्रामीणों ने कहाकि यहां क्रासिंग पर फाटक बनवाने की मांग को लेकर कई बार पत्रचार किया गया।

फर्जी पुलिसकर्मी को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

■वर्दी पहनकर फर्जी आईडी के सहारे लोगों पर गांठता था रौब

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)।पुलिसकर्मी बनकर आम जनमानस पर रौब गांठने वाले फर्जी पुलिसकर्मी को थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुए इसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।गिरफ्तार व्यक्ति जिला बागपत निवासी बताया जाता है।पुलिस को इसके कब्जे से उत्तर प्रदेश पुलिस का परिचय पत्र तथा एक कार आदि बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार को बदायूँ से बरेली जाने वाले मार्ग पर स्थित प्रिंस ढाबा के पास से लोगों के साथ धोखाधड़ी करने की फिराक में खड़े हरीश गिरी पुत्र राजेश गिरी निवासी ग्राम रामनगर थाना सिंदावली अहीर जिला बागपत को थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पुलिस को एक जोड़ी पुलिस वर्दी,गर्म पैंट शर्ट,बैल्ट,कैप, प्रदेश पुलिस का बैच,एक सिटी डोरी लगी हुई,मोबाइल फोन,पुलिस परिचय पत्र,तथा एक कार सेंट्रो आदि बरामद हुए हैं।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बिसवॉ-सीतापुर

पत्रॉक-6154/लेखा/राज्यवित्त/निविदा पत्रा0/2023-24 दिनॉक- 27.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराने पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक-27.02.2024 से दिनॉक-07.03.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 04.00 बजे तक निर्धारित शुल्क नकद अथवा **खण्ड विकास अधिकारी, बिसवॉ** के पक्ष में निर्गत बैंक ड्राफ्ट द्वारा भुगतान करके विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदादाता ठेकेदारों द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनॉक-11.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनॉक-11.03.2024 को विकास खण्ड कार्यालय में अपरान्ह 03:00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा के साथ कार्य की अनुमानित लागत का 02 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी/धरोहर राशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 जो **खण्ड विकास अधिकारी बिसवॉ** के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना होगा। जमानत धनराशि निम्न विवरण के कॉलम-04 में अंकित है, इसके अतिरिक्त 08 प्रतिशत जमानत कार्य उपरान्त भुगतान पूर्व एफ0डी0आर0 के रूप में **खण्ड विकास अधिकारी, बिसवॉ** के पक्ष में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदा के साथ जमानत के अतिरिक्त नवीनतम जारी हैसियत प्रमाण पत्र (टी-5) एवं चरित्र प्रमाण पत्र (टी-4) की प्रमाणित प्रतिलिपि तथा 100/-रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणापत्र जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो तथा जी0एस0टी0, पैनकार्ड, आधार कार्ड की छाया प्रतियॉ भी संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र पर किसी प्रकार की कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एवं शब्दों में करना आवश्यक होगा। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार **खण्ड विकास अधिकारी, बिसवॉ** को होगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग टेण्डर फार्म भरना होगा। कार्यो से सम्बन्धित विस्तृत विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखा जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जी0 एस0टी0 सहित)	जमानत धनराशि (02 प्रति0)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	योजना का नाम	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	ग्राम छीः में डामर रोड से शीतला माता मन्दिर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	992400.00	19848	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
2	ग्राम सिंहपुर में सी0सी0 रोड से मंदिर तक इंटरलाकिंग निर्माण	734800.00	14696	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
3	ग्राम गुरेरा मुख्य मार्ग से तेजसिंह के खेत होते हुए लक्ष्मनपुर खडण्जा मार्ग तक खडण्जा निर्माण कार्य	981062.00	19621	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
4	ग्राम पंचायत हसनापुर नहर डामर रोड से सुशील पाण्डेय के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	991742.00	19835	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
5	ग्राम बन्नीराय के मजरा काड़री गॉव के आगे तक खडंजा निर्माण कार्य।	984488.00	19690	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
6	हरिहरपुर मजरा बन्नीराय से डामर रोड तक खडण्जा निर्माण कार्य	775346.00	15507	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
7	लालपुर पैगरवा छन्नू बाबा कुटी से विक्रम चौहान के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	991742.00	19835	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
8	लोधौरा प्राइमरी स्कूल रूसहन तक खडण्जा निर्माण कार्य	984374.00	19687	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
9	ग्राम हरसिंहपुर में डामर रोड से सोबरन के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	993339.00	19867	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
10	ग्राम मझिगवां कला में सी0सी0 रोड से कबिरा बाबा देव स्थान तक इंटरलाकिंग निर्माण	993815.00	19876	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
11	गुरेरा में मेन रोड से तौफीक की फैक्ट्री तक खडण्जा निर्माण कार्य	984374.00	19687	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
12	ग्राम पंचायत भिनैनी में अवशेष राकेश के खेत से शारदा कैनाल तक खडण्जा निर्माण कार्य	992883.00	19858	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
13	बिसवां रेउसा मार्ग से नदिया सम्पर्क मार्ग तक खडण्जा निर्माण कार्य	437020.00	8740	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
14	ग्राम पंचायत कुतुबपुर के देवरी में इंटरलाकिंग से तालाब तक इंटरलाकिंग कार्य	896966.00	17939	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
15	ग्राम कोडरा में खडण्जा निर्माण कार्य	983765.00	19675	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
16	ग्राम गोवर्धनपुर में प्रा0वि0 से गडहा तालाब तक खड़न्जा निर्माण कार्य।	984374.00	19687	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
17	ग्राम शिवथाना गांव से खारझा तक खडण्जा निर्माण कार्य	993113.00	19862	1000	पंचम राज्य वित्त	04 माह
18	ग्राम रामाभारी राजा भट्ठा से महुआ तालाब तक इंटरलाकिंग कार्य	994767.00	19895	1000	केन्द्रीय वित्त अनटाइड	04 माह
19	ग्राम नसीरपुर मजरा न्योराजापुर मोड से रामकुण्ड में राजाराम के खेत तक खडंजा निर्माण।	995643.00	19913	1000	केन्द्रीय वित्त अनटाइड	04 माह
20	ग्राम जमरखा सुक्खा के घर से गुड्डू सिंह के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	998676.00	19974	1000	केन्द्रीय वित्त अनटाइड	04 माह
21	ग्राम नसीरपुर मजरा बम्भौर राम बक्स सिंह के दरवाजे से अजय सिंह के दरवाजे तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	992038.00	19841	1000	केन्द्रीय वित्त अनटाइड	04 माह
22	देवकलिया पेन्टेड रोड से वीर प्रताप सिंह के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	991742.00	19835	1000	केन्द्रीय वित्त अनटाइड	04 माह
23	ग्राम हथिया गाजीपुर में इंटरलाकिंग रोड से पंकज के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	989175.00	19784	1000	केन्द्रीय वित्त अनटाइड	04 माह
24	तुलसीपुर गावं में निर्मल अवस्थी के घर से सामने मनीष द्विवेदी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	991742.00	19835	1000	केन्द्रीय वित्त अनटाइड	04 माह
25	ग्राम सभा सलेमपुर में डामर रोड से बीर बाबा स्थान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	989862.00	19797	1000	केन्द्रीय वित्त अनटाइड	04 माह
26	ग्राम बन्नी राय में आर0सी0सी0 रोड ट्यूबेल से अजय सिह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	973867.00	19477	1000	केन्द्रीय वित्त अनटाइड	04 माह
27	गुरेरा में निर्माणाधीन इंटरलाकिंग से तौफीक के मकान तक इंटरलाकिंग एवं नाली निर्माण	981081.00	19622	1000	केन्द्रीय वित्त अनटाइड	04 माह
28	ग्राम पंचायत बजेहरा नसीरपुर निर्मित नाला मरम्मत कार्य	999608.00	19992	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
29	मुण्डेरी सलेमपुर के मध्य खारझा पर कमलेश कश्यप के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य।	652403.00	13048	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
30	मुण्डेरी नसीरपुर रोड पर रामलाल के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य।	187917.00	3758	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
31	तिवारीपुर सम्पर्क मार्ग से खन्जहापुर सम्पर्क मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य।	290360.00	5807	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
32	ग्राम क्योटी बादुल्ल में मेन रोड से तालाब तक नाला निर्माण	810660.00	16213	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
33	लहरपुर रोड से सहरी सरांय की तरफ पुलिया निर्माण कार्य।	742760.00	14855	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
34	ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर मे गन्ना तौल केन्द्र के पास पुलिया निर्माण कार्य।	361364.00	7227	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
35	ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर में हरिशंकर यादव के घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य।	200016.00	4000	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
36	ग्राम बम्भौर में मन्नू के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य	990594.00	19812	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
37	ग्राम अमझला में अवशेष नाला निर्माण	391359.00	7827	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
38	ग्राम कार्य का नाम पंचायत भिनैनी में गिरीश चन्द्र के खेत से अवधेश के मकान तक नाला निर्माण	983678.00	19674	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
39	ग्राम पंचायत सलेमपुर में निजाम के घर से ड्रेन पुलिया तक नाला निर्माण	998339.00	19967	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
40	कार्य का नाम ग्राम मारू में नाला निर्माण कार्य	992526.00	19851	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
41	कार्य का नाम ग्राम रेवा में दुलारे की बाग से तालाब तक नाला निर्माण	559327.00	11187	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह
42	ग्राम पंचायत न्यामतपुर में सत्तार अली के मकान से बकवा नाला तक नाला निर्माण	987239.00	19745	1000	केन्द्रीय वित्त टाइड	04 माह

(सुमित सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी, बिसवॉ-सीतापुर

स्वामी स्पष्ट आवाज के लिए, **मुद्रक एवं प्रकाशक** - आनन्द सिंह, द्वारा दी इण्डियन एक्सप्रेस प्राईवेट लि. प्रेस सी- 26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 47/1, क्ले स्क्वायर होम्स, कबीर मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। आर.एन.आई. पंजीयन संख्याः U.P. HIN/2004/13625, डाक पंजीयन संख्या - SSP/LW/NP-119/2010-12
संपादक** -डा. विजय सिंह, फोन/फैक्स : 0522-3599932,0522-4306534, मो0: 9415003504 **E-mail : spawaz2010@gmail.com, anand.singh2@gmail.com. इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट की धारा- 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनमें उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

क्या है विकसित भारत की मोदी गारंटी: अवधेश चन्द

■ 8 से 10 मार्च तक देश भर में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंझनपुर में शनिवार को प्रेस वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रेस वार्ता का मुख्य विषय पीएम मोदी की गारंटी एवं आपका सुझाव रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अवधेश चन्द्र गुप्ता एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक राकेश पाण्डे ने किया ।जिला प्रभारी अवधेश चन्द्र गुप्ता ने कहा भारतीय जनता पार्टी भाजपा केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने में जुट गई है। इसी कड़ी में चार मार्च से भाजपा प्रदेश में श्विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान शुरू कर रही है। इसमें जनता से संकल्प पत्र के लिए सुझाव लिए जाएंगे।

जानेंगे जनता की राय ------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान को जम्मू-कश्मीर से लांच कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश में भी यह अभियान लांच हो चुका है, और अब इसे जिला, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर लांच किया जाएगा। सबसे पहले इस अभियान के संबंध में प्रत्येक विधानसभा में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जाएगा। लोगों से सुझाव लेने के लिए विभिन्न स्थानों, पार्टी की बैठकों, कार्यक्रमों में सुझाव पेटियां लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जिले में एलईडी प्रचार रथ घूमेंगे। छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर लोगों से उनके सुझाव लिए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर पर प्रत्यक्ष जनसंपर्क के माध्यम से भी लोगों से सुझाव लिए जाएंगे।

8 से 10 मार्च तक देश भर में घर-घर जनसंपर्क ------

15 मार्च तक अभियान को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, उसके बाद सुझाव पत्रों को संकल्प पत्र के लिए भेजा जाएगा। कार्यशाला में प्रेजेंटेशन देते हुए कहा कि 2 और 3 मार्च को जिला केंद्रों पर मीडिया को अभियान की जानकारी दी जाएगी। 8 से 10 मार्च तक देश भर में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। संकल्प पत्र में सुझावों के लिए आमजन से लेकर खिलाड़ियों, वकीलों या अन्य समाज की प्रतिष्ठित संस्थाओं, व्यक्तियों के साथ गोष्ठी और संवाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान जनता से प्राप्त सुझावों को इसी साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा।

10 वर्षों की उपलब्धियों से अवगत करायेंगें--------

अभियान के अंतर्गत जनता को मोदी सरकार की बीते 10 वर्षों की उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा। अभियान में पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सभी प्रकोष्ठ प्रदेश, जिला, विधानसभा स्तर पर संबंधित व्यावसायिक समूहों के साथ समाज के विभिन्न वर्गों से परिचर्चा एवं संवाद के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नमो एप के माध्यम से 10 करोड़ ब्रांड एंबेसडर बनाए जाएंगे और देशभर से संकल्प पत्र के लिए एक करोड़ सुझाव लिए जाएंगे।मोदी की गारंटी का मतलब है हर गारंटी पूरा होने की गारंटी।

प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि कृपा करके गारंटी शब्द के लिए शब्दकोष वाले अर्थ की तलाश मत करिए, इस गारंटी के मायने क्या हैं। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को गरीबी के जीवन का अनुभव है, केवल वही समझता है कि गरीब व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ाने वाली सबसे बड़ी शक्ति उसका विश्वास, उसकी आशा है। गरीबों की यही आस्था प्रधानमंत्री मोदी को आगे बढ़ाती रहती है। मोदी अपना सब कुछ न्योछावर कर देगें , पर अपने गरीब भाइयों और बहनों का यह विश्वास टूटने नहीं देगें। प्रधानमंत्री लोगों की सेवा के लिए वहां हैं। उनके लिए हर गरीब, हर मां, बेटी और बहन, हर किसान और हर युवा वीआईपी है।

मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 को लॉन्च किया----

हाल ही में संपन्न चुनावों के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि लोगों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है, और देखा कि कुछ राजनीतिक दल यह समझने में विफल रहे हैं कि उन्हें झूठे वादे करके कुछ भी हासिल नहीं होगा। भारत मोदी की गारंटी अभियान को लेकर आयोजित लोकसभा प्रभारी और प्रकोष्ठों के प्रभारियों की कार्यशाला को भी संबोधित किया। साथ ही संकल्प पत्र के लिए सुझाव पेटी और मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 को लॉन्च किया ।

राकेश पाण्डे ने कहा कि 'मोदी की गारंटी' आम जन की आकांक्षाओं के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह उनकी सरकार के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह हमें एक ऐसी राजनीतिक घटना का साक्षी बनाती है, जिसका अब तक अभाव था, जहां वादों का अर्थ होता है, उन्हें सार्थक रूप से लागू करने की गारंटी।इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर उपस्थित रही।

मोरंग खदान के गुण्डों से थरथर कांप रहा बरियारी गांव

■ अनहोनी की आशंका से नदी की तरफ नहीं जाती गांव की बहू-बेटियां

■ गांव वालों ने डीएम और एसपी को बताई अपनी व्यथा

बांदा। केन नदी की बरियारी मोरंग खदान मे पिछले कई महीनो से गुण्डों और लठैतों का राज चल रहा है। क्या मजाल! कोई उफ कर दे? कहने को तो इस खदान का पट्टेदार कानपुर का संजू गुप्ता है! परन्तु बैक डोर से खदान की कमान संभालने वाले ऐसे टुच्चे लोग हैं जो रामनामी चादर ओढकर जीवन दायिनी केन नदी की कोख उजाड रहे हैं। नदी की मध्य जलधारा मे पीपों का पुल बनाकर जेसीबी और पोकलैण्ड मशीनों से दिन-रात नदी की छाती फाड रहे हैं। गांव वालों को आतंकित करने के लिये जब दिल चाहा राईफल और बंदूकों से फायरिंग करने लगते हैं। ताकि गुण्डागर्दी का जलवा कायम रहे।शनिवार को बांदा डीएम और एसपी की चौखट मे अपना दुखडा सुनाने आये बरियारी गांव के रामबाबू, पवन कुमार, महेश, घनश्याम यादव, रामकिशोर साहू, जगदीश, अशोक, रामपाल, रामजीवन, गुल्लू, राजकरन, नीरज, बलराम, राजकुमार, बृजेश आदि लोगों ने बताया कि हम लोग बरियारी बालू खदान में अड्डी के रख-रखाव का कार्य करते रहे हैं। खदान संचालक के कर्मचारी गोकरन सिंह परिहार, शैलेन्द्र सिंह और जितेन्द्र सिंह परिहार ने हमें 250 प्रति ट्रक देने को कहा था लेकिन अब 50 रूपये प्रति ट्रक देने की बात कह रहे हैं जबकि ट्रक वालों से 500 रूपये प्रति ट्रक लिया जाता है। दो महीने से ज्यादा हो गये, मजदूरी नहीं दे रहे। कहते हैं-50 रुपये प्रति ट्रक लेना हो तो ले लो, वरना कुछ भी नहीं देंगे। ज्यादा चिल्लपों मचाया तो यहीं मारकर नदी की रेत मे दफना देंगे। कोई कुछ नहीं कर पायेगा। विरोध करने पर खदान वालों ने पुलिस बुलाई और हमें धमकाकर शांत करा दिया गया। डीएम और एसपी से शिकायत करने आये ग्रामीणों ने बताया कि जेसीबी और पोकलैण्ड मशीनों से खदान वालों ने नदी मे जगह-जगह गहरे गड्ढे कर दिये है। नदी की मध्यधारा से लेकर अगल-बगल 25 से लेकर 30 फिट की गहराई तक खनन किया जा रहा है। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिये। रोकने, मना करने पर राईफल-बंदूके लेकर चढ दौडते हैं। गांव वालों के विरोध करने पर खदान के गुण्डे शैलेन्द्र सिंह, गोवकरन, जितेन्द्र, शिवम सिंह और संतराम सिंह यह कहते हैं कि हम ऐसी धारा लगवायेंगे कि तुम जेल में ही सडते रहोगे, तुम्हारी औकात कीडे मकौडे से ज्यादा नहीं है। गांव वालों ने बताया कि खदान में अक्सर भाजपा की झंडा लगी गाडियां आती रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारी मजदूरी दिलाई जाये और खदान वाले गुण्डों से हमें निजात दिलाई जाये। इनकी गुण्डागर्दी से गांव की महिलायें नदी की तरफ जाने से डरती हैं। हम गांव वाले अपनी ही नदी का कोई इस्तेमाल सदुपयोग नहीं कर पा रहे हैं। नदी और आसपास खदान के गुण्डों की राइफलें लहराती रहती हैं।

संक्षिप्त आवाज

पुलिस ने बुके देकर किया स्वागत

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सिराथू व प्रभारी निरीक्षक थाना कोखराज द्वारा आगामी लोकसभाचुनाव हेतु उपलब्ध अर्धसैनिक बल के आगमन पर फूलमाला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया गया।

एएसपी ने सुनी शिकायते

कौशाम्बी।अपर जिलाधिकारी कौशाम्बी, अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, उपजिलाधिकारी सिराथू एवं क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में किया भ्रमण

कौशाम्बी।आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी कौशाम्बी व पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा स्स्क्रव भारी पुलिस फोर्स के साथ कस्बा मंझनपुर में एरिया डोमिनेशन किया गया तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी मंझनपुर, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर तथा स्स्क्रव पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया

कौशाम्बी।आगामी लोकसभाट्टचुनावट्ट2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा स्स्क्रव भारी पुलिस बल के साथ सर्किल सिराथू में एरिया डोमिनेशन किया गया तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यकर्ताओ में जोश भरने आ रहे इन्द्रजीत

कौशाम्बी।लोकसभा चुनाव का बिगुल बच चुका है। सभी पार्टियों अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्याशियों का ऐलान करने में जुटी हुई है। वहीं समाजवादी पार्टी ने कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र से अभी किसी को संभावित प्रत्याशी किए जाने की घोषणा नहीं की है। रविवार 3 मार्च 2024 को पार्टी के तत्वाधान में समय लगभग 11 बजे भगत का पूर्व अलवारा चौराहा के पास विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। जनसभा के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं मंझनपुर विधानसभा के विधायक इंद्रजीत सरोज होंगे। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दया शंकर यादव करेंगे। पार्टी के कई गणमान्य नेता विशाल जनसभा मे कार्यकर्ताओ में जोश भरेंगे।

सपा नेता के आरोप निकले झूंठे, तालाब मिले सही

चित्रकूट। सपा नेता अनुज सिंह के लगाये आरोप भूमि संरक्षण विभाग खातों में धनराशि भेज लेता है रुपये बाबत छपी खबर के बारे में भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम प्रजापति ने कहा कि खबर सत्यापित नही है। तालाब जिसके मंजूर हुए थे, एक तालाब के लाभार्थी माता-पिता मृतक हो गये हैं। बच्चों ने तालाब निर्माण का कार्य बन्द करा दिया है। मामले की जांच कृषि उपनिदेशक राजकुमार ने दो बार की है। जांच में नियमानुसार तालाब पाये गये। लाभार्थी बरजोर सिंह ने बताया कि तालाब उसके ही खसरे से हुआ है। वह तालाब निर्माण से पूरी तरह संतुष्ट है। उससे किसी ने कोई धनराशि नहीं ली। राजनैतिक वजह से सपा नेता अनुज सिंह यादव शिकायत कर रहे हैं। शिकायतों में कोई तथ्य नहीं है।

पुलिस पर फायरिंग करने वाले आरोपी को 10 वर्ष कारावास

महोबा (स्पष्ट आवाज)द्य पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप शनिवार को न्यायाधीश ए.डी.जे. एफ.टी.सी. कोर्ट द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग के अभियोग में नामित अभियुक्त 10 वर्ष सश्रम कारावास व 7 हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त का कारावास भुगतना पडेगा।

थाना श्रीनगर में 2008 में पंजीकृत धारा 147,148,149, 307 भादवि से सम्बंधित अभियुक्त बलराम लंगड़ा पुत्र रामचरन यादव निवासी बरबस थाना लौड़ी जनपद छतरपुर को दण्डित किया गया है।

रोडवेज बस की सीट में वृद्ध की मौत

महोबा (स्पष्ट आवाज)। उरई जाने वाली रोडवेज बस की सीट पर बैठे वृद्ध की अनायास मौत हो गई। रोडवेज बस की में बैठे बैठे सीट पर लुढ़क गया। जनपद मुख्यालय के डिग्री कॉलेज के पास रहने वाले 78 वर्षीय रामनारायन पुत्र सुखनन्दन शादी में शामिल होने उरई जा रहा था। घर वालों ने व्यस्तता होने के कारण रामनारायन को उरई जाने का आग्रह किया था। इसलिए मृतक उरई जाने हेतु महोबा रोडवेज बस यू पी 95 टी 0110 पर जाकर बैठ गया। मृतक कुछ देर बैठने के बाद बैठे बैठे सीट पर लुढ़क गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मृतक के पुत्र जयनारायन सिंह के आ जाने के बाद पंचनामा भरकर शरीर को विच्छेदन हेतु भेज दिया गया।

अध्यापकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

महोबा (स्पष्ट आवाज)। चरखारी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में किशोर किशोरियों में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों की जानकारी तथा स्किल डवलपमेंट हेतु चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी में हुआ। प्रधानाध्यापकों के एक दिवसीय एवं सहायक अध्यापकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान डिस्ट्रिक्ट ट्रेनर डॉ0 इफ्तेखार खान' डा0 पंकज सक्सेना तथा अध्यापक राजकुमार तिवारी ने सहायक अध्यापकों एवं प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डॉ0 खान ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप उच्च प्राथमिक विद्यालयों में किशोर किशोरियों में होने वाले शारीरिक एवम मानसिक परिवर्तनों की सही जानकारी प्रशिक्षण के दौरान दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान खून की कमी को दुरूस्त करने के लिए आयरन तथा अलबेंडाजोल के सेवन एवं रख रखाव की जानकारी अध्यापकों को दी गयी। प्रशिक्षण के उपरान्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ पी के सिंह राजपूत ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किये गए और कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाने की शुभकामनायें दी ।

सहकारी बैंकों में सीएम देंगे ज्यादा सुविधायें: पंकज

चित्रकूट। बांदा-चित्रकूट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने शुक्रवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर भेंट की। उन्होंने बांदा-चित्रकूट के सहकारी बैंकों में विभिन्न सुविधायें लागू कर आम जनता को लाभान्वित कराने की मांग की। शनिवार को कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को सूबे के मुख्यमंत्री से उनके आवास पर भेंट की है। उनसे साधन सहकारी समितियों को मजबूत करने की चर्चा की। किसानों को साधन सहकारी समितियों से पर्याप्त खाद-बीज से लाभान्वित कराया जा सके। इस बाबत चर्चा की है।उन्होंने मुख्यमंत्री से तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट आने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया है जल्द चित्रकूट का दौरा करेंगे।

61 शिकायतें मे 4 का निस्तारण

■ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

कौशाम्बी।जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 34 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।समाधान दिवस में शिकायतकर्ता द्रोण तिवारी निवासी ग्राम-गौरये ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गॉव के दबंग व्यक्तियों द्वारा आबादी की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। तहसील सिराथू में कुल 61 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 4 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 3 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुषेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी आकाश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

डीएम एवं जिलाध्यक्ष ने अन्नपूर्णा भवन का किया लोकार्पण

■ ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का किया गया शुभारम्भ

■ कुल 20 अन्नपूर्णा भवनों का किया गया लोकार्पण

कौशाम्बी।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में 1100 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) का लोकार्पण तथा 79 हजार उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारम्भ किया। इसका सजीव प्रसारण ग्राम पंचायत-सौरईखुर्द में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सम्बोधन को सुना।इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन सौरईखुर्द का फीता काटकर लोकार्पण एवं ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारम्भ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शनिवार मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया गया है। वर्ष-2014 में सरकार बनने के साथ ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संकल्प को लगातार पूर्ण करने का कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में घटतौली की अधिकतर शिकायतें आती रहती थीं, परन्तु सरकार द्वारा ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीन के माध्यम से पात्र व्यक्ति को पूर्ण वजन में राशन दिलाने की सरकार की यह गारण्टी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर संकल्प को पूर्ण करने की गारण्टी दी हैं। प्रधानमंत्री द्वारा कोविड कॉल के दौरान लोगों को महामारी से बचाने के लिए निःशुल्क कोविड का टीका लगाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही कोविड कॉल से ही 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन देने का भी कार्य किया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, इस कार्य में हम सब लोगों को भी अपना पूर्ण योगदान करना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कोटेदारों द्वारा राशन वितरण का कार्य किया जाता हैं। कोटेदारों के बदलने से राशन वितरण स्थल भी बदल जाता था, किन्तु अब अन्नपूर्णा भवन के बन जाने से राशन वितरण एक ही स्थान से होगा। मनरेगा योजनान्तर्गत जनपद में 20 अन्नपूर्णा भवनां का आज लोकार्पण हुआ हैं। इस अवसर पर जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी, खण्ड विकास अधिकारी भावेश शुक्ला एवं सभी पूर्ति निरीक्षक तथा प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सिराथू लवकुश मौर्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

आश्रम से हनुमानजी की आंखें, गदा-मुकुट ले गये चोर

चित्रकूट। देवांगना स्थित पंपापुर आश्रम में गुरुवार की रात चोरों ने हनुमान जी की आंखें, गदा, मुकुट आदि सामग्री चुरा ले गये। बाबा रणछोड़ दास की तपोस्थली प्राचीन पंपापुर आश्रम में चोरी से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। गुरुवार को एयरपोर्ट के पास स्थित मंदिर में चोरी होने पर पुलिस निगरानी पर सवाल खडे हो गये हैं। देवस्थान सुरक्षित नहीं हैं तो सवाल है कि आम जनता की सुरक्षा कैसे होगी। एयरपोर्ट के पास पंपापुर आश्रम प्राचीन हनुमान मंदिर के महंत प्रेमदास व एक शिष्य रहते हैं। चोरों ने गुरुवार की रात धावा बोलकर हनुमान जी की आंखें, गदा, मुकुट, पैर के आभूषण आदि सामग्री व चढ़ावा चुरा ले गए। चोरों ने लोहे के दरवाजे को टेढ़ा कर दिया है। सवेरे बाबाजी की नींद खुली तो वे सन्न रह गए। चोरी बाबत बहिलपुरवा थाने में सूचना दी। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। महंत प्रेमदास के शिष्य योगेश जैन, शंकर प्रसाद यादव, विवेक अग्रवाल आदि ने मंदिर में हुई चोरी पर आक्रोश जताया। कहा कि पास में हवाई पट्टी होने के बाद भी चोरी होना पुलिस गश्त को चुनौती है। योगेश जैन ने कहा कि डेढ़ साल पहले भी यहां चोरी हुई थी। बाबा पूरी तरह से सामाजिक जीवन से विरत हैं। वह रिपोर्ट आदि भी नहीं दर्ज कराते। जब यहां जंगलों में डकैतों की चहलकदमी थी पीएसी की टुकड़ी रहती थी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस 39 आवेदन मिले, कई मामलों का निस्तारण के दिये आदेश

बांदा। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील नरैनी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील नरैनी में कुल 39 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से राजस्व विभाग 21, पुलिस 08, आपूर्ति 05 जल निगम 02 विद्युत 01 व अन्य विभागों से सम्बन्धित 02 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम स्योढा निवासी सीताराम ने दबंगो द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किये जाने की शिकायत प्रस्तुत करने पर डीएम ने कार्यवाही करते हुए तहसीलदार नरैनी को टीम भेजकर जांच कराये जाने तथा अतिक्रमण हटवाये जाने के निर्देश दिये। थाना गिरवां निवासी गायत्री तिवारी ने बताया कि उसके भाई द्वारा उसकी भूमि पर कब्जा कर लिया है। इस शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी न्यायिक को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। किदवई नगर निवासी मे नईम ने नगर पंचायत नरैनी द्वारा हाउस टैक्स के निर्धारण के सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने के आवेदन करने पर ई0ओ0 नगर पालिका को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। विनोद कुमारी ग्राम बन्डे के द्वारा उसके घर आग लगने के समय पशुहानि होने पर उसका मुवाबजा दिलाने जाने के प्रार्थना पत्र देने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दो दिन के अन्दर प्रकरण का निस्तारण कर मुआवजा दिलाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील नरैनी में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी वेदप्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी नरैनी विकास यादव तहसीलदार नरैनी, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पट्टाधारक की छवि धूमिल कर रहा दबंग आनन्द द्विवेदी

■ बिना अनुमति के आनन्द ने कराया है खनन

चित्रकूट। खनिज पट्टाधारक एमपी जायसवाल ने पडोसी पट्टाधारक आनन्द द्विवेदी की शिकायत पर पलटवार किया है। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी 2024 को आनन्द द्विवेदी का 1078/37 पर गोंडा गांव में खनिज पट्टा हुआ था। पट्टा होते ही बिना अनुमति के आनन्द द्विवेदी ने चार से बीस फरवरी तक जमकर खनन किया।

इस बात का खुलासा खनिज पट्टाधारक एमपी जायसवाल ने शनिवार को किया। उन्होंने बताया कि बिना अनुमति के आनन्द द्विवेदी ने चार से बीस फरवरी तक करोडों रुपये की खनिज सामग्री जेसीबी व पोकलैंड मशीनों व अवैध ढंग से चार इंच ब्लास्टिंग से करवा ली है। इसके साक्ष्य भी उनके पास हैं। दबंग आनन्द द्विवेदी ने निर्धारित पट्टा स्थल पर खनन कार्य बिना अनुमति के किया है। मानकविहीन ब्लास्टिंग में आनन्द द्विवेदी माहिर हैं। खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह जांच करने गये तो उन्हें जांच नहीं करने दिया।

उन्होंने बताया कि गोंडा स्थित पहाड में संचालित पत्थर खदान में आनन्द द्विवेदी की दबंगई चलती है। वे मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी का करीबी होने का दावा करते हुए लोगों को धमकी भी देते हैं। विधायक से जांच करवाने की धमकियां देना उनकी फितरत में शामिल है। इससे एमपी जायसवाल की साफ-सुथरी छवि धूमिल हुई है।

घोषणा पत्र को संकल्प मानकर काम करती है भाजपा: सांसद

बांदा। विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान को लेकर शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के संकल्प पत्र के लिए जनसंपर्क गतिविधियों, डिजिटल माध्यम तथा प्रचार माध्यम से एक करोड़ से ज्यादा लोगों से उनके सुझाव एकत्रित करने के उद्देश्य को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद आर के सिंह पटेल बताया कि विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव एकत्रित करने हेतु कोहोर्ट मिलन एवम् संवाद, घर घर जनसंपर्क, प्रकोष्ठों के कार्यक्रम तथा लाभार्थी संपर्क अभियान प्रमुख माध्यम होंगे। इसके लिए देशभर में 6000 से अधिक सुझाव पेटिका लगाई जाएगी। साथ साथ 500 फोकस लोकसभा में एलईडी रथ छोटी सभाएं आयोजित कर मोदी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए लोगों के सुझाव एकत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी अकेली पार्टी है जो अपने पिछले सभी चुनावों में भाजपा ने जो वादे जनता से किए हैं उनको पूरा किया है।

मालगाड़ी के धक्के से महिला की मौत

बांदा। सिर पर लकड़ी का गठ्ठा लेकर रेलवे लाइन पारकर रही महिला को मालगाड़ी ने धक्का मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हमीरपुर जिला के भरूआ सुमेरपुर के धर्मेश्वर बाबा निवासी रामदुलारी (65) पत्नी रामसजीवन आरख शुक्रवार की शाम सिर पर लकड़ी का गठठा लेकर घर जा रही थी।

रेलवे केबिन के पास रेलवे लाइन पार कारते समय मालगाड़ी ने धक्का मार दिया। जिससे रामदुलारी रेलवे ट्रैक के किनारे जा गिरी सिर पर चोट आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे को देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। कुछ लोगो ने उसे पहचान लिया। मामले की जानकारी घरवालो को दी गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पुत्र कमलेश ने बताया कि उसके पिता की छह वर्ष पहले दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। बताया कि माल गाड़ी का धक्का लगने से उसकी मां की मौत हुई है।

समाधान दिवस में 4 शिकायतों का निस्तारण

उरई (जालौन)आज मण्डलायुक्त झांसी मण्डल झांसी विमल दुबे की अध्यक्षता में तहसील कालपी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त के समक्ष 46 शिकायतें प्राप्त है जिसमें से 04 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को प

नये भारत का नया उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है

- योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

जब मूल सुविधाएं मिलती हैं, तो बड़े सपने देखने का हौसला और सपनों को पूरा करने का जज्बा पैदा होता है। जो बेघर है, जब उसको पक्का घर मिले, जब घर में शौचालय हो, बिजली का कनेक्शन हो, गैस का कनेक्शन हो, नल से जल आए, तो गरीब का आत्मविश्वास और बढ़ जाता है। यह सुविधा तेजी से हर गरीब तक पहुंच रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के विकास में जुटी डबल इंजन की सरकार डबल ताकत से विकास कर रही है

- नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट : 4 संचालित, 1 निर्माणाधीन

देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट
10 एयरपोर्ट संचालित, 11 निर्माणाधीन

सर्वाधिक एक्सप्रेसवे
6 एक्सप्रेसवे संचालित, 7 निर्माणाधीन

सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज
65 संचालित, 22 निर्माणाधीन

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में **मेट्रो रेल सेवा**

उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर
(6 नोड्स : अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी) का निर्माण

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 55.83 लाख लोगों के घर का सपना हुआ साकार

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से 2.68 करोड़ किसानों को 68,139 करोड़ रुपये हस्तांतरित

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के अंतर्गत 2,51,607 कृषक पंजीकृत

पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 51,774 सोलर पंप की स्थापना

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 3.12 करोड़ बीमित कृषकों के 242 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र का बीमा

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन

आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में 9 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा

हर घर जल योजना के तहत 2.10 करोड़ से अधिक घरों को नल कनेक्शन

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 54.44 लाख माताएं लाभान्वित

पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 17.62 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण वितरित

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2.62 करोड़ शौचालयों (इज्जतघर) का निर्माण 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना (घरौनी) के अंतर्गत 56.34 लाख लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 2,06,952 रोजगार सृजित

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से 1.90 करोड़ लोग लाभान्वित

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 से 12,500 किमी. मार्गों का निर्माण

पॉवर फॉर ऑल के तहत 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन

24,461 अमृत सरोवरों का चिन्हांकन प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 अमृत सरोवरों की स्थापना का लक्ष्य

पीएम मित्र योजना के अंतर्गत लखनऊ एवं हरदोई में 1000 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क

सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत 18 सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर

स्मार्ट सिटी परियोजना में 17 शहर शामिल, 10 केन्द्र पोषित, 7 राज्य पोषित

मनरेगा के अंतर्गत 190 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत 9 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण



मेरठ से दिल्ली तक देश की **प्रथम रैपिड रेल सेवा**

दूध, गन्ना, चीनी, आलू, आम, आंवला एवं एथेनॉल उत्पादन में **देश में अग्रणी**

करके दिखाये जो - डबल इंजन की सरकार है वो